# हरिभूमि

जबलपुर

शुक्रवार 16 जनवरी 2026

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com






**SHOWROOMS: MADHYA PRADESH: JABALPUR:** RENAULT **JABALPUR (KARMETA)** Ph: 7290014986, RENAULT **JABALPUR WEST** Ph: 7291980314. RENAULT **AGAR** Ph: 8448220030. RENAULT **BHOPAL NEW** Ph: 9289220870. RENAULT **CHHATARPUR** Ph: 7603868297. RENAULT **CHHINDWARA** Ph: 9667215285. RENAULT **DAMOH** Ph: 9289263623. RENAULT **GWALIOR CITY** Ph: 8448383235. **INDORE:** RENAULT **INDORE** Ph: 9821199958, RENAULT **INDORE EAST** Ph: 9289263821. RENAULT **MANDSAUR** Ph: 8448220394. RENAULT **SAGAR** Ph: 9311340949. RENAULT **SATNA** Ph: 7290094892. RENAULT **SHAHDOL** Ph: 7029805696. RENAULT **UJJAIN** Ph: 8448220031.

जबलपुर
शुक्रवार 16 जनवरी 2026
हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

## मध्यप्रदेश स्टार्ट-अप समिट-2026

# एआई को नागरिक केंद्रित, पारदर्शी और कुशल शासन की आधारशिला के रूप में कर रहे स्थापित : डॉ यादव






- एआई वर्तमान समय में शासन, उद्योग और समाज के लिए एक परिवर्तनकारी शक्ति
- एआई पर मिशन मोड पर होगा कार्य
- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लांच की मध्यप्रदेश स्पेसटेक नीति-2026
- प्रधानमंत्री के विजन को दृष्टिगत रखकर आगे बढ़ रहा है मप्र
- जन-कल्याणकारी योजनाओं में एआई का प्रभावी उपयोग करेगा मप्र
- प्रदेश में जल्द लाई जाएगी राज्य एआई नीति
- मुख्यमंत्री ने एआई लिटरेसी मिशन के तहत कौशल रथ को दिखाई हरी झंडी
- मुख्यमंत्री ने 'मध्यप्रदेश रीजनल एआई इम्पैक्ट कॉन्फ्रेंस-2026' का किया शुभारंभ

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार एआई को नागरिक-केंद्रित, पारदर्शी और कुशल शासन की आधारशिला के रूप में स्थापित करने की दिशा में ठोस कदम उठा रही है। एआई आधारित प्रशासनिक व्यवस्था और प्रबंधन, तकनीक-प्रौद्योगिकी और अकादमिक क्षेत्र में एआई आधारित नवाचार विकसित भारत@ 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने में प्रभावी रूप से सहायक होंगे। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी हर क्षेत्र में भारत को आगे बढ़ाने के लिए कार्य कर रहे हैं। मध्यप्रदेश में भगवान श्रीकृष्ण का अध्ययन केंद्र और शंकराचार्य जी की साधना का केंद्र भी है। राज्य सरकार सभी विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए एआई का उपयोग कर रही है। एआई वर्तमान समय में शासन, उद्योग और समाज के लिए एक परिवर्तनकारी शक्ति है। हमारा राज्य जल्द ही एआई नीति भी लाएगा और एआई के लिए मिशन मोड पर व्यापक रूप से कार्य किया जाएगा। प्रदेश के माइनिंग और हेल्थ सेक्टर में एआई के उपयोग की बड़ी संभावनाएं हैं। मध्यप्रदेश अपार संभावनाओं वाला राज्य है, जिसमें आगे बढ़ने की पर्याप्त क्षमता है। विकसित भारत के लक्ष्य प्राप्ति में हमारी सरकार हर कदम पर प्रधानमंत्री मोदी के विजन के अनुरूप कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को भोपाल के ताज लेक फ्रंट में 'मध्यप्रदेश रीजनल एआई इम्पैक्ट कांफ्रेंस-2026' का शुभारंभ कर संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एआई लिटरेसी मिशन के तहत फ्यूचर स्किल्स फॉर एआई पावर्ड भारत के लिए कौशल रथ को झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश स्पेस टेक नीति-2026 लांच की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की उपस्थिति में विभिन्न समझौता ज्ञापनों (एमओयू) का आदान-प्रदान हुआ।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जैन सिंहस्थ-2028 के संचालन के लिए आयोजित उज्जैन महाकुंभ हैकाथॉन और मध्यप्रदेश इनोटेक प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया। एआई को राष्ट्रीय आंदोलन बनाने के उद्देश्य से एआई लिटरेसी मिशन के अंतर्गत आरंभ युवा एआई फॉर ऑल पर लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया।

### नवाचार और कौशल विकास के लिए हुए 7 एमओयू पर हस्ताक्षर

मुख्यमंत्री की उपस्थिति में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा 6 समझौता ज्ञापन-यंगोवेटर (आंसर फाउंडेशन), सीईईडब्ल्यू (कॉउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वॉटर), गूगल, नैसकॉम, एआईएसईसीटी और भाषिणी के साथ किए गए। ये समझौते शैक्षणिक संस्थानों में नवाचार एवं रोबोटिक्स को बढ़ावा देने, जलवायु परिवर्तन व सतत विकास से जुड़े क्षेत्रों में एआई आधारित शोध एवं निर्णय सहयोग विकसित करने, शासकीय विभागों में एआई और क्लाउड तकनीक के उपयोग को प्रोत्साहित करने, राज्य में एआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना एवं कौशल विकास को गति देने, राष्ट्रीय एआई मिशन से जुड़कर कंप्यूटर एवं डेटा संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, ग्रामीण एवं वंचित क्षेत्रों में डिजिटल साक्षरता और एआई जागरूकता बढ़ाने और एआई आधारित शासन को सक्षम करने के उद्देश्य से किए गए हैं।

### स्पेस टेक नीति - अंतरिक्ष आधारित अनुप्रयोगों को बढ़ावा देने की पहल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रीजनल एआई इंपैक्ट कॉन्फ्रेंस में प्रदेश की स्पेस टेक नीति लांच की। उन्होंने कहा कि नीति राज्य को भारत के उभरते अंतरिक्ष क्षेत्र में एक अग्रणी और भविष्य-उन्मुख केंद्र के रूप में स्थापित करेगी। नीति के तहत स्पेस टेक स्टार्ट-अप्स, एमएसएमई और उद्योगों को वित्तीय और अनुसंधान सहयोग प्रदान कर कृषि, आपदा प्रबंधन, जल संसाधन एवं शहरी नियोजन जैसे क्षेत्रों में अंतरिक्ष-आधारित अनुप्रयोगों को बढ़ावा दिया जाएगा। यह नीति निवेश, नवाचार और राष्ट्रीय अंतरिक्ष पारिस्थितिकी तंत्र में मध्यप्रदेश की भूमिका को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण पहल है।

मुख्यमंत्री जी का सम्बोधन सुनने के लिए स्कैन करें

## ए. आई. कांफ्रेंस में हुए तीन उच्चस्तरीय थीमैटिक सत्र

प्रथम थीमैटिक सत्र 'सभी के लिए तकनीक-आधारित सुशासन' में एआई एवं डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से समावेशी शासन, अंतिम व्यक्ति तक सेवाओं की पहुँच और डीबीटी, कृषि, भाषा आधारित एआई और नागरिक सेवाओं जैसे उच्च प्रभाव वाले उपयोग मामलों पर चर्चा हुई।साथ ही प्लेटफॉर्म स्तर पर एआई क्रियान्वयन, जिम्मेदार एआई, डेटा गवर्नेंस और क्षमता निर्माण जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।

द्वितीय थीमैटिक सत्र 'आर्थिक विकास एवं सामाजिक हित के लिए एआई' में एआई के माध्यम से आर्थिक वृद्धि, रोजगार सृजन और सामाजिक समावेशन पर केंद्रित था।इसमें एवीजीसी-एक्सआर, गेमिंग, आईटी/ आईटीईएस, जीसीसी, ड्रोन जैसे उभरते क्षेत्रों में अवसरों, स्टार्टअप व उद्योग इकोसिस्टम, निवेश, नवाचार और नीति सहयोग पर चर्चा की गई।

तृतीय थीमैटिक सत्र 'रेजिलिएंस, नवाचार एवं दक्षता' में मध्यप्रदेश को एआई एवं डेटा हब के रूप में विकसित करने के लिए भविष्य-तैयार डिजिटल एवं एआई इन्फ्रास्ट्रक्चर, डेटा सेंटर्स, साइबर सुरक्षा, डेटा संरक्षण, सॉवरेन एआई और पीपीपी आधारित सुरक्षित क्रियान्वयन मॉडल पर मंथन किया गया। हमारा डिजिटल क्रॉप सर्वे प्रोजेक्ट है। इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत हम हर खेत पर जाकर जियो-फेंसिंग के माध्यम से फोटो की गुणवत्ता सुनिश्चित करते हैं, ताकि कोई भी गलत गिरदावरी न कर सके। फसल सर्वेक्षण के दौरान संबंधित यूज़र को खेत पर जाना होता है और हम यह सुनिश्चित करते हैं कि फोटो और डेटा मल्टीपल चैनलों के माध्यम से सत्यापित (मैच) हों।

मुख्यमंत्री जी के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल्स - कृपया फॉलो करें




## मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश स्टार्ट-अप समिट में उद्यमियों से किया संवाद

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि युवाओं के विचारों और सपनों के अनुरूप व्यापार-व्यवसाय को गति देने के लिए राज्य सरकार सहयोग करने को सदैव तत्पर है। प्रदेश की स्टार्ट-अप नीति में सभी आवश्यकताओं और परिस्थितियों के अनुरूप व्यवस्थाएं की गई हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत @ 2047 की संकल्पना को साकार करने के लिए राज्य में सभी व्यवस्थाएं तदनुसार क्रियान्वित की जा रही हैं। प्रदेश के युवा अपनी पहल और नवाचार से देश ही नहीं विदेशों में भी अपना नाम और स्थान बना रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश स्टार्ट-अप शिखर सम्मेलन में यह विचार व्यक्त किए। अविष्कार कैपिटल के श्री विनित राय, इंश्योरेंस देखो के अंकित अग्रवाल, आईवीकैप वेंचर्स की सुश्री अंजू गुप्ता, मेडीदेवा टेक्नोलॉजी के डॉ. विशेष कासलीवाल, बेटी इनोवेटिव की संस्थापके सुश्री पूजा दुबे पांडे, आदि ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को अपने स्टार्ट-अप के संबंध में अवगत कराया।

# युवाओं के सपने साकार करते हुए निरंतर तरक्की के रास्ते पर आगे बढ़ रहा हमारा प्रदेश



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में रोजगारपरक कार्यों से समाज को जोड़कर युवाओं के सपने साकार करते हुए हमारा प्रदेश आगे बढ़े, यही हमारा संकल्प है। रोजगार और मेहनत से युवा अपना जीवन सुधारें, देश सवारें, इस उद्देश्य से युवाओं की मदद करना हमारा लक्ष्य है। युवाओं को

### युवाओं को क्षेत्रीय स्तर पर ही रोजगार उपलब्ध कराने लगाये जा रहे हैं रोजगार मेले

स्टार्ट-अप नीति और अन्य योजनाओं के माध्यम से मदद की जा रही है। प्रदेश के युवाओं को क्षेत्रीय स्तर पर ही राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिये प्रदेश के विभिन्न अंचलों में रोजगार मेले आयोजित किये जा रहे हैं। ये मेले प्रदेश के युवाओं को रोजगार के समुचित अवसर दिलाने में मील का पत्थर साबित होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राजगढ़ में आयोजित युवा संगम रोजगार मेला-2026 को रवीन्द्र भवन भोपाल से वर्चुअली संबोधित किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि युवा संगम रोजगार मेले में 150 से अधिक कंपनियों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। इनमें फाइनेंस, सेल्स, मार्केटिंग, हेल्थ केयर, मैन्युफैक्चरिंग, आईटी, सॉफ्टवेयर, डिजिटल मार्केटिंग, क्वालिटी मैनेजमेंट जैसे क्षेत्रों में युवाओं के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। प्रदेश के महाविद्यालयों, आईटीआई और पॉलिटेक्निक कॉलेजों में, कंपनियों की अपेक्षाओं के अनुसार युवाओं को दक्षता और क्षमता बढ़ाने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कार्यशालाएं आयोजित की गईं। इससे रोजगार मेले में अधिक से अधिक युवाओं का चयन संभव हो रहा है। कंपनियों द्वारा 16 हजार से अधिक पदों पर युवाओं को रोजगार देने के लिए सहमति प्रदान की गई है। कंपनियों द्वारा 3 हजार से अधिक पदों पर महिला उम्मीदवारों की नियुक्ति के लिए भी सहमति दी गई है।

### कौशल रथ के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों तक एआई जागरूकता

कॉन्फ्रेंस में राष्ट्रीय एआई साक्षरता कार्यक्रम पर केन्द्रित वीडियो का प्रदर्शन किया गया। इसमें बताया गया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत सरकार एआई साक्षरता को देश के कार्यबल और नागरिकों के लिए एक मूलभूत जीवन कौशल के रूप में विकसित करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। भारत सरकार ने प्रत्येक नागरिक को एआई साक्षर बनाने और उन्हें आवश्यक तकनीकी कौशल से सशक्त करने के उद्देश्य से युवा एआई फॉर आल राष्ट्रीय अभियान प्रारंभ किया है। एआई साक्षरता मिशन से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को एक मूलभूत कौशल के रूप में विकसित किया जाएगा।

# एआई आधारित नवाचार

### राजस्व विभाग

**नवाचार की श्रेणी : डेटा गुणवत्ता एवं फील्ड सत्यापन के लिए एआई**
राजस्व विभाग द्वारा सारा ऐप में एआई को एकीकृत किया गया है, जिससे खराब गुणवत्ता वाली फसल छवियों को वास्तविक समय में ब्लॉक किया जा सके। इससे सटीक और विश्वसनीय डेटा संग्रह सुनिश्चित होता है। इस प्रणाली का परीक्षण लगभग 20 लाख छवियों पर किया जा चुका है और इसे रबी 2025–26 से लागू किया जाएगा। यह पहल मैनुअल सत्यापन और विलंब को कम करते हुए शासन में स्केलेबल एवं एज-आधारित AI के उपयोग में मध्यप्रदेश को अग्रणी बनाती है।

### एआई-चलित जिला प्रदर्शन रिपोर्ट (मनरेगा)

**नवाचार की श्रेणी: प्रदर्शन प्रबंधन एवं निर्णय समर्थन हेतु एआई**
एआई चलित मनरेगा प्रणाली लाइव डेटा एवं भारित के माध्यम से स्वचालित जिला प्रदर्शन रिपोर्ट तैयार करती है। इससे प्रगति और अंतराल पर स्पष्ट अंतर्दृष्टि प्राप्त होती है।यह प्रणाली मैनुअल विश्लेषण को वास्तविक समय की बुद्धिमत्ता से प्रतिस्थापित करती है, जिससे प्रशासकों को त्वरित एवं डेटा-आधारित निर्णय लेने में सहायता मिलती है। परिणामस्वरूप पारदर्शिता, जवाबदेही एवं कार्यक्रम की प्रभावशीलता में वृद्धि होती है।

### किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग

**नवाचार की श्रेणी: पूर्वानुमान विश्लेषण एवं जोखिम प्रबंधन विवरण:**
कृषि विभाग की एआईएमएल आधारित एग्रीस प्रणाली उपग्रह, सीसीई एवं मौसम डेटा के माध्यम से फसल उत्पादन का पूर्वानुमान लगाती है और वास्तविक समय में फसल स्वास्थ्य की निगरानी करती है। यह प्रणाली पीएमएफबीवाई के अंतर्गत त्वरित एवं पारदर्शी दावा निपटान को सक्षम बनाती है और मैनुअल सर्वेक्षण पर निर्भरता को कम करती है। इससे कृषि शासन अधिक डेटा-आधारित एवं स्केलेबल बनता है।

### श्रम केस प्रबंधन प्रणाली में एआई सक्षमीकरण




**नवाचार की श्रेणी: न्यायिक प्रक्रिया स्वचालन के लिए एआई**
श्रम विभाग द्वारा LCMS में एआई को एकीकृत किया गया है, जिससे केस ड्राफ्टिंग, केस सारांश एवं सुनवाई रिकॉर्ड का स्वचालन संभव हो सके। इससे दक्षता एवं सटीकता में सुधार, मैनुअल कार्यभार में कमी, त्वरित केस निपटान और अर्ध-न्यायिक प्रक्रियाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित होती है। यह पहल समयबद्ध न्याय वितरण को सशक्त बनाती है।

### मध्य प्रदेश पुलिस (SCRB)

**नवाचार की श्रेणी: स्मार्ट पुलिसिंग एवं अपराध खुफिया हेतु एआई**
मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा स्मार्ट पुलिसिंग को सशक्त बनाने के लिए विभिन्न एआई उपकरण अपनाए गए हैं, जिनमें ई-रक्षक ऐप, क्राइम इन्वेस्टिगेशन चैटबॉट, क्राइम एनालिटिक्स डैशबोर्ड, चेहरा पहचान तकनीक, टेक्स्ट-टू-SQL बॉट्स एवं हीट-मैप विश्लेषण शामिल हैं। इन पहलों से जांच प्रक्रिया, गुमशुदा व्यक्तियों की खोज, वाहन बरामदगी तथा कानून-व्यवस्था प्रबंधन अधिक प्रभावी हुआ है, जिससे नागरिक सुरक्षा सुदृढ़ हुई है।

### मध्यप्रदेश वन विभाग

**नवाचार की श्रेणी:डिजिटल गवर्नेंस एवं स्मार्ट वन प्रबंधन**
वन विभाग द्वारा वन प्रशासन से जुड़ी प्रमुख सेवाओं का डिजिटलीकरण करते हुए एकीकृत ऑनलाइन प्रणालियाँ विकसित की गई हैं। फॉरेस्ट एप्लीकेशंस पोर्टल, ऑनलाइन नीलामी प्रणाली और जीआईएस आधारित अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एनओसी) सेवाओं के माध्यम से पारदर्शिता, कार्यकुशलता और जवाबदेही को सुदृढ़ किया गया है। इन पहलों से डेटा-आधारित निर्णय संभव हुए हैं, संसाधनों का न्यायसंगत प्रबंधन सुनिश्चित हुआ है और नागरिकों को त्वरित और सुगम सेवाएँ प्राप्त हो रही हैं। यह पहल राज्य को प्रौद्योगिकी-सक्षम एवं भविष्य-उन्मुख शासन की दिशा में आगे बढ़ाती है।

### मप्र राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम लिमिटेड

**नवाचार की श्रेणी : डिजिटल गवर्नेंस एवं प्रौद्योगिकी सक्षमीकरण**
मध्यप्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम लिमिटेड राज्य में डिजिटल परिवर्तन की नोडल एजेंसी के रूप में कार्य कर रहा है। यह संस्था ई-गवर्नेंस, सूचना प्रौद्योगिकी अवसंरचना, डेटा केंद्र, क्लाउड सेवाएँ, साइबर सुरक्षा तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता, इंटरनेट ऑफ थिंग्स (IoT) और एनालिटिक्स जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों के क्रियान्वयन का नेतृत्व कर रही है। इन पहलों के माध्यम से सार्वजनिक सेवा वितरण को अधिक पारदर्शी, प्रभावी और नागरिक-केंद्रित बनाया जा रहा है, जिससे विभिन्न विभागों में सुशासन को मजबूती मिल रही है।

### मध्यप्रदेश इनोवेशन एक्सपो का हुआ शुभारंभ



कांफ्रेंस में मध्यप्रदेश इनोवेशन एक्सपो का शुभारंभ किया गया, जिसमें इंडिया एआई पेवेलियन, मध्यप्रदेश पेवेलियन, स्टार्ट-अप शोकेस शामिल रहे। एमपी पेवेलियन में प्रदेश सरकार की एआई आधारित नवाचार पहलें प्रदर्शित की गईं, जिनका उद्देश्य शासन को अधिक सटीक, पारदर्शी और परिणामोन्मुख बनाना है। राजस्व विभाग द्वारा SAARA-DCS ऐप में एआई के उपयोग से फसल छवियों की वास्तविक समय गुणवत्ता जाँच की जा रही है, वहीं मनरेगा के अंतर्गत एआई-चलित जिला प्रदर्शन रिपोर्ट प्रणाली से डेटा-आधारित निर्णय संभव हो रहे हैं। कृषि विभाग की AGRIGIS प्रणाली फसल पूर्वानुमान, फसल स्वास्थ्य निगरानी और बीमा दावा निपटान को सशक्त बना रही है। श्रम विभाग की एआई-सक्षम एलसीएमएस प्रणाली केस प्रबंधन और न्यायिक प्रक्रियाओं को स्वचालित कर रही है, जबकि मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा एआई आधारित स्मार्ट पुलिसिंग के माध्यम से अपराध नियंत्रण, जांच दक्षता और नागरिक सुरक्षा को मजबूती प्रदान की जा रही है। एमपी पेवेलियन ने मध्यप्रदेश को भविष्य-तैयार, डेटा-संचालित और नागरिक-केंद्रित शासन मॉडल के रूप में प्रस्तुत किया।

D-16147/25

# हरिभूमि

जबलपुर

शुक्रवार 16 जनवरी 2026

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



युद्ध नशे विरुद्ध 2.0

दूसरे चरण की शुरुआत



स.भगवंत सिंह मान

मुख्यमंत्री, पंजाब

पिंडां दे पहरेदार

पंजाब का हर व्यक्ति अब बन सकता है अपने गाँव और समाज का रक्षक

पिंडां दे पहरेदार की भूमिका और ज़िम्मेदारियाँ

- जहाँ नशा बेचा या सप्लाई किया जाता है, उसकी सूचना देना
- यदि कोई व्यक्ति नशा छोड़ना चाहता है तो उसे नज़दीकी नशा मुक्ति केंद्र (ओ.ओ.ए.टी केंद्र) लेकर जाना

फेज 1: 300 दिन में असल नतीजे

29,978 एफ.आई.आर — एनडीपीएस अधिनियम के तहत दर्ज

43,276 गिरफ्तारियाँ — राज्यभर में

30,595 किलोग्राम — नशा ज़ब्त

सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, पंजाब

## चिंतन

# अनावश्यक दबाव न बनाएं कानून को काम करने दें

केंद्रीय जांच एजेंसियों पर अक्सर निष्पक्षता, पारदर्शिता और विश्वसनीयता को लेकर सवाल उठते रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों से ये एजेंसियां विपक्षी दलों के निशाने पर रही हैं। सर्वोच्च अदालत भी ईडी की कार्यप्रणाली पर असंतोष जाहिर कर चुकी है। मगर हाल ही में पश्चिम बंगाल के कोलकाता में जो घटना हुई, उसमें न केवल ईडी, बल्कि राज्य सरकार भी सवालों के घेरे में आ गई है। केंद्रीय एजेंसी की ओर से एक राजनीतिक परामर्श फर्म के दफ्तर पर छापे के दौरान खुद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का वहां पहुंचकर हस्तक्षेप करना निस्संदेह कई सवाल खड़े करता है। इस घटना को लेकर ईडी और मुख्यमंत्री के अपने-अपने तर्क हैं, लेकिन इस बात पर भी गंभीरता से विचार करने की जरूरत है कि आखिर इस तरह की स्थिति क्यों उत्पन्न हुई। दरअसल, ईडी ने आईपैक मामले में कोलकाता में छापेमारी की थी। इस दौरान राज्य की ममता बनर्जी मौके पर पहुंची और ईडी के अधिकारियों पर आरोप लगाते हुए कुछ फाइलें अपने साथ ले गईं। अब इस मामले में गंभीरता से विचार करने वाली बात यह है कि क्या कोई मुख्यमंत्री या मंत्री सीधे केंद्रीय जांच एजेंसी की कार्रवाई में हस्तक्षेप कर सकता है। विश्लेषकों का कहना है कि आप एक राज्य की मुख्यमंत्री हो सकती हैं, लेकिन कानून से ऊपर नहीं। जांच एजेंसी पर अनावश्यक दबाव नहीं दिया जा सकता। कोई भी मुख्यमंत्री या मंत्री एजेंसियों की कार्रवाई में बाधा नहीं बन सकता। ममता द्वारा ईडी के अधिकारियों के खिलाफ कोलकाता में दर्ज करवाए गए केस भी किसी भी दृष्टि से उचित नहीं कहे जा सकते। सभी को चाहिए कि कानून को अपना काम करने दें। जांच एजेंसियों पर किसी भी सूरत में अनावश्यक दबाव नहीं दिया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने भी इस मामले में पश्चिम बंगाल की ममता सरकार को बड़ा झटका देते हुए ईडी के अधिकारियों के खिलाफ दर्ज एफआईआर को स्थगित कर दिया और ममता बनर्जी को नोटिस जारी किया है। अदालत ने कहा कि यह मामला बहुत गंभीर है और इसकी गहन जांच की जानी चाहिए। इस विवाद के कई पहलू हैं। ममता ने ईडी की कार्रवाई को जहां राजनीतिक बदला बताया है, वहीं ईडी ने इसे जांच में बाधा डालने का मामला कहा है। अब यह विवाद संवैधानिक मुद्दा बन गया है, जिसमें केंद्र और राज्य सरकारों के बीच अधिकारों का टकराव हो रहा है। इसके गंभीर परिणाम दिखाई देंगे। ईडी ने आरोप लगाया है कि ममता बनर्जी ने जांच में बाधा डाली है, जबकि ममता बनर्जी ने इसे जांच की स्वतंत्रता पर हमला बताया है। ईडी का कहना है कि जब देश के उच्च संवैधानिक पदों पर बैठे लोग सरेआम जब्त किए गए सबूत छीनते हैं और उनका मीडिया में प्रदर्शन करते हैं, तो यह सीधे तौर पर संविधान और कानून के शासन का अपमान है। इस तरह की घटनाएं जांच एजेंसियों के कामकाज को कमजोर करती हैं और कानून के पालन में बाधा बनती हैं। एजेंसी ने पश्चिम बंगाल पुलिस की भूमिका पर भी गंभीर सवाल खड़े करते हुए दावा किया कि बंगाल पुलिस ने एफआईआर के नाम पर उन सीसीटीवी कैमरों को जब्त कर लिया, जिनमें कथित तौर पर मुख्यमंत्री और अधिकारियों द्वारा जांच में बाधा डालने की पूरी रिकॉर्डिंग मौजूद थी। एजेंसी ने इसे साक्ष्यों को नष्ट करने की कोशिश करार दिया और कहा कि केंद्रीय अधिकारियों को डराने और भविष्य में जांच से रोकने के लिए उनके खिलाफ झूठी और कई एफआईआर दर्ज की जाती हैं, ताकि वे दबाव में आकर अपना काम न कर सकें।

# भारत के लिए संभावनाएं और चुनौतियां



**इस्लामिक नाटो**
कांतिलाल मांडोत

हाल के महीनों में जिस अवधारणा ने सबसे ज्यादा ध्यान खींचा है, वह है तथाकथित इस्लामिक नाटो। सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच हुआ रक्षा समझौता, उसमें तुर्किये की संभावित भागीदारी और अरब-इस्लामिक मंचों पर सामूहिक सुरक्षा की चर्चा ने इस विचार को नई हवा दी है। इस्लामिक नाटो' फिलहाल एक उभरती हुई परिकल्पना है, न कि एक ठोस हकीकत। इसके रास्ते में कई राजनीतिक, वैचारिक और व्यावहारिक अड़चनें हैं। जिस तरह से दुनिया का शक्ति संतुलन बदल रहा है, उसमें इस तरह की अवधारणाओं का उभरना स्वाभाविक है। भारत के लिए जरूरी है कि वह इन संकेतों को गंभीरता से समझे, अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए हर स्तर पर सजग रहे।

दुनिया की राजनीति इस समय एक गहरे बदलाव के दौर से गुजर रही है। शीत युद्ध के बाद जो वैश्विक व्यवस्था बनी थी, वह अब धीरे-धीरे ढीली पड़ती दिख रही है। अमेरिका और उसके सहयोगी देशों की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं, वहीं क्षेत्रीय शक्तियां अपने-अपने स्तर पर नए सुरक्षा विकल्प तलाश रही हैं। इसी पृष्ठभूमि में हाल के महीनों में जिस अवधारणा ने सबसे ज्यादा ध्यान खींचा है, वह है तथाकथित इस्लामिक नाटो। सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच हुआ रक्षा समझौता, उसमें तुर्किये की संभावित भागीदारी और अरब-इस्लामिक मंचों पर सामूहिक सुरक्षा की चर्चा ने इस विचार को नई हवा दी है। यह महज तीन देशों की आपसी नजदीकी का मामला नहीं है, बल्कि मध्य पूर्व, दक्षिण एशिया और वैश्विक शक्ति संतुलन पर दूरगामी असर डालने वाली प्रक्रिया का संकेत भी है। भारत के संदर्भ में यह विषय इसलिए और महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि भारत के अधिकतर इस्लामिक देशों के साथ लंबे समय से कूटनीतिक और आर्थिक रिश्ते रहे हैं। सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात भारत के शीर्ष व्यापारिक साझेदारों में शामिल हैं। खाड़ी देशों में करोड़ों भारतीय काम करते हैं और वहां से आने वाला धन भारतीय अर्थव्यवस्था की एक मजबूत रीढ़ है। अब तक भारत ने इन देशों के साथ राजनीतिक मतभेदों के बावजूद व्यावहारिक और संतुलित संबंध बनाए रखे हैं।

अगर इस्लामिक देशों का कोई औपचारिक सैन्य संगठन अस्तित्व में आता है तो इस संतुलन पर असर पड़ना स्वाभाविक है। सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच सितंबर 2025 में हुआ रक्षा समझौता इस पूरी चर्चा की बुनियाद है। इस समझौते में यह प्रावधान रखा गया कि अगर दोनों में से किसी एक देश पर हमला होता है, तो उसे दूसरे देश पर हमला माना जाएगा। यह विचार पश्चिमी सैन्य गठबंधन की तर्ज पर है, जिसमें सामूहिक रक्षा की अवधारणा शामिल होती है। पाकिस्तान की खासियत यह है कि वह इकलौता इस्लामिक देश है जिसके पास परमाणु हथियार है। यही कारण है कि सऊदी अरब और अन्य खाड़ी देशों के लिए पाकिस्तान का साथ रणनीतिक रूप से आकर्षक बन जाता है। तुर्किये की संभावित भागीदारी इस गठजोड़ को और मजबूत रूप दे सकती है, क्योंकि तुर्किये के पास आधुनिक सैन्य तकनीक, प्रशिक्षित सेना और यूरोप तथा एशिया को जोड़ने वाली भौगोलिक स्थिति है। हालांकि यह भी सच है कि इस्लामिक देशों के बीच एक मजबूत और एकजुट सैन्य संगठन बनाना आसान नहीं है। इतिहास इस बात का गवाह रहा है कि मुस्लिम देशों ने पहले भी इस तरह की कोशिशें की हैं, लेकिन वे अक्सर कागजों से आगे नहीं बढ़ पाईं। सऊदी अरब की पहल पर बना आतंकवाद विरोधी इस्लामिक सैन्य गठबंधन हो या इस्लामिक सहयोग संगठन के भीतर संयुक्त सुरक्षा बल का प्रस्ताव, ये सभी योजनाएं आपसी मतभेदों और राजनीतिक असहमति के चलते ठंडे बस्ते में चली गईं। शिया और सुन्नी विभाजन, क्षेत्रीय नेतृत्व की प्रतिस्पर्धा और बाहरी शक्तियों से जुड़े हित इन प्रयासों की सबसे बड़ी बाधा रहे हैं। मध्य पूर्व की मौजूदा स्थिति इस बहस को और जटिल बना देती है। इजराइल की हालिया सैन्य कार्रवाइयों ने पूरे क्षेत्र को अस्थिर कर दिया है। कई इस्लामिक देशों पर हुए



हमलों के बाद अरब दुनिया में यह भावना गहरी हुई है कि उनकी सुरक्षा केवल बाहरी शक्तियों के भरोसे नहीं छोड़ी जा सकती। तेल संपन्न खाड़ी देशों के पास धन की कमी नहीं है, लेकिन परमाणु या अत्याधुनिक रणनीतिक हथियारों के मामले में वे कमजोर हैं। ऐसे में पाकिस्तान जैसे देश के साथ खड़ा होना उन्हें एक तरह की सुरक्षा ढाल का एहसास देता है। भारत के लिए यह परिदृश्य चिंता का विषय इसलिए भी है क्योंकि पाकिस्तान लंबे समय से इस्लामिक मंचों का इस्तेमाल भारत के खिलाफ माहौल बनाने के लिए करता रहा है। कश्मीर मुद्दे को इस्लामिक सहयोग संगठन की बैठकों में उठाया जाना और आतंकी घटनाओं को अंतरराष्ट्रीय रंग देने की कोशिशें इसका उदाहरण हैं। विदेश मामलों के जानकार डॉ. राजन कुमार का मानना है कि भारत कभी नहीं चाहेगा कि इस्लामिक देशों के बीच कोई औपचारिक सैन्य संगठन बने, खासकर तब जब उसमें पाकिस्तान जैसी भूमिका हो। पाकिस्तान का परमाणु दर्जा उसे इस्लामिक दुनिया में एक अलग तरह की हैसियत देता है, जिसका इस्तेमाल वह अपने राजनीतिक उद्देश्यों के लिए कर सकता है। अगर भविष्य में इस्लामिक नाटो जैसा कोई संगठन बनता है और उसमें सामूहिक रक्षा का सिद्धांत लागू होता है, तो भारत और पाकिस्तान के बीच किसी भी संभावित संघर्ष का दायरा बढ़ सकता है। ऐसी स्थिति में संघर्ष केवल दो देशों तक सीमित न रहकर बहुपक्षीय रूप ले सकता है। तुर्किये पहले ही कई मौकों पर पाकिस्तान के समर्थन में खुलकर सामने आ चुका है। भारत ने पिछले कुछ वर्षों में अपनी कूटनीतिक रणनीति को और व्यापक बनाया है। ग्रीस और साइप्रस जैसे देशों के साथ रक्षा और रणनीतिक सहयोग बढ़ाना, इजराइल के साथ रिश्तों को और मजबूत करना, और पश्चिम एशिया में संतुलित नीति अपनाना इसी दिशा के कदम हैं। भारत की कोशिश रही है कि वह किसी एक खेमे में बंधने के बजाय सभी के साथ व्यावहारिक संबंध बनाए रखे। बदलते हालात में यह संतुलन बनाए रखना आसान नहीं होगा।

दूसरी ओर, यह भी समझना जरूरी है कि इस्लामिक नाटो की अवधारणा फिलहाल विचार और चर्चा के स्तर पर ही है। दोहा जैसी बैठकों में इसे सिद्धांत रूप में स्वीकार जरूर किया गया है, लेकिन कोई ठोस समयसीमा या स्पष्ट ढांचा सामने नहीं आया है। इस्लामिक देशों के आपसी मतभेद इतने गहरे हैं कि उन्हें एक मंच पर लाना ही बड़ी चुनौती है। मिस्र, जॉर्डन और कतर जैसे देश अभी भी अमेरिका के बड़े सहयोगी हैं। इंडोनेशिया और मलेशिया जैसे देशों की राजनीति और प्राथमिकताएं मध्य पूर्व से काफी अलग हैं। ऐसे में सभी का एकजुट होना आसान नहीं दिखता। फिर भी सऊदी अरब, पाकिस्तान और तुर्किये के बीच बढ़ती सैन्य और रणनीतिक नजदीकी को हल्के में नहीं लिया जा सकता। यह बदलते वैश्विक शक्ति संतुलन का संकेत है, जिसमें क्षेत्रीय शक्तियां अपने हितों की रक्षा के लिए नए रास्ते तलाश रही हैं। भारत के लिए यह एक चेतावनी भी है और एक अवसर भी। चेतावनी इसलिए कि भविष्य की चुनौतियों के लिए अभी से तैयार रहना होगा, और अवसर इसलिए कि सक्रिय कूटनीति, मजबूत आर्थिक संबंधों और बहुपक्षीय संवाद के जरिए इन बदलावों को संतुलित किया जा सकता है। कहा जा सकता है कि 'इस्लामिक नाटो' फिलहाल एक उभरती हुई परिकल्पना है, न कि एक ठोस हकीकत। इसके रास्ते में कई राजनीतिक, वैचारिक और व्यावहारिक अड़चनें हैं। जिस तरह से दुनिया का शक्ति संतुलन बदल रहा है, उसमें इस तरह की अवधारणाओं का उभरना स्वाभाविक है। भारत के लिए जरूरी है कि वह इन संकेतों को गंभीरता से समझे, अपनी रणनीति को समय के साथ ढाले और अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए हर स्तर पर सजग रहे।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## मंथन

बाल मुकुन्द ओझा



# समाज की जटिल सच्चाई बन गए हैं बिखरते रिश्ते

परिवार के सम्बन्ध में देशभर से मिल रही ख़बरें बेहद चिंताजनक हैं। परिवार को हमारे समाज में सामाजिक और सार्वभौमिक संस्था के रूप में स्वीकारा गया है। अनुशासन, आपसी स्नेह और भाईचारा तथा मर्यादा, परिवार को एक खुशहाल परिवार बना देता है। बुजुर्गों का कहना है जिस परिवार में एकता की भावना होती है, उसी घर में ही सुख-शांति और सम्पन्नता का निवास होता है। यही सामाजिक संस्था आज खंडित होने की स्थिति में है। परिवार और बिखरते रिश्ते आज समाज की एक जटिल सच्चाई बन गए हैं। परिवार की व्यवस्था आज की नहीं है, बल्कि ऋषि-मुनियों की देन है। आज दरकते रिश्तों से परिवार व्यवस्था टूट रही है जो समाज के लिए ठीक नहीं है। आज भी देश और दुनिया, परिवार और संयुक्त परिवार की अहमियत को लेकर विवादों में उलझी है। भारत में संयुक्त परिवार प्रणाली बहुत प्राचीन समय से ही विद्यमान रही है। वह भी एक जमाना था, जब भरा-पूरा परिवार हंसता-खेलता और चहकता था और एक-दूसरे से जुड़ा रहता था। बच्चों की किलकारियों से मोहल्ला गूंजता था। पैसे कम होते थे पर उसमे भी बहुत बरकत होती थी। आज परिवार छोटे हो गए हैं और टूटते जा रहे हैं। हमारे रिश्ते बिखरते जा रहे हैं। संयुक्त परिवार की आज के समय में महती आवश्यकता है। संयुक्त परिवारों के अभाव में भाईचारा एवं पारिवारिक वातावरण खत्म होने लगा है। परिवार में रिश्तों की नीरसता और संवादहीनता को दूर करने, परस्पर भाईचारे व तालमेल को बैठाने के लिए रिश्तों में सकारात्मक सोच को बढ़ाने की जरूरत है। परिवार के सभी छोटे हुए बड़े सदस्यों की भावनाओं का सम्मान करें तथा दिनभर घटित होने वाली छोटी-छोटी बातों और दुख-सुख को आपस में बांटें। संयुक्त राष्ट्र ने 1994 को अंतरराष्ट्रीय परिवार वर्ष घोषित किया था। समूचे संसार में लोगों के बीच परिवार की अहमियत बताने के लिए हर साल 15 मई को अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस मनाया जाने लगा है। आज बहुत से ऐसे परिवार हैं जिन्हें एक-दूसरे से खुलकर बात करने के लिए ज्यादा वक्त नहीं मिल पाता। आज के जमाने में लाइफ स्टाइल कितनी बदल गई है। बच्चे बहुत छोटी उम्र में ही स्कूल जाना शुरू कर देते हैं। बहुत से माता-पिता काम पर चले जाते हैं। जो थोड़ा-बहुत समय वे साथ होते भी हैं, वह भी टीवी-कंप्यूटर या फोन पर चला जाता है। बहुत से परिवारों में बच्चे और माता-पिता अजनबियों की तरह अपनी-अपनी जिंदगी जीते हैं। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में परिजनों से आपस में बात करने में जो खुशी और आनंद मिलता है, उसकी कल्पना शब्दों में नहीं की जा सकती। परिजनों से बात करने का सुख अब विरलों को ही मिल पाता है। इससे तनाव कम होने के साथ विभिन्न पारिवारिक दिक्कतों और समस्याओं का एक ही जाजम पर हाथों हाथ निपटारा हो जाता है। परिवार मर्यादा और आदर्श का जीवंत उदाहरण है। यह सामाजिक संगठन की मौलिक इकाई है। परिवार के अभाव में मानव समाज का अस्तित्व नामुमकिन है। फैमिली की बुनियाद उनके बीच का प्यार है, जो सबको एक साथ जोड़ कर रखता है। अक्सर देखा जाता है परिजन रहते एक छत के नीचे हैं, मगर उनमें आपसी बातचीत नहीं हो पाती है। इससे परिवार में घुटन और तनाव के साथ असुरक्षा का भाव रहता है। यदि एक दिन में एक घंटे भी परिजन साथ बैठकर बातचीत कर लें तो परिवार की खुशियां द्विगुणित हो सकती हैं। हमारा देश भारत, विश्व में परिवार मर्यादा और आदर्श का जीवंत उदाहरण है। यह सामाजिक संगठन की मौलिक इकाई है। परिवार के अभाव में मानव समाज का अस्तित्व नामुमकिन है। पहले मानव एक कबीले के रूप में रहता था। सभ्यता और संस्कृति के विकास के साथ परिवार की परिभाषा भी बदलती गई। आज संयुक्त परिवार भी विघटन के कगार पर है। लोग एकाकी रहने लगे है। सियासी प्रगति की अंधी दौड़ में हमने दुनिया को अवश्य अपनी मुट्ठी में कर लिया है, मगर परिवार नामक संस्था से विमुख होते जा रहे हैं। इसी का नतीजा है कि देश में पारिवारिक समस्याएं बढ़ती जा रही हैं, जिसका खामियाजा बच्चे से बुजुर्ग तक को उठाना पड़ रहा है। एक ही परिवार में धीरे-धीरे एक-दूसरे से आपसी बातचीत बंद होने से अनेक समस्याएं उठ खड़ी हुई हैं। समय रहते बातचीत का रास्ता नहीं खुला तो तनाव, घुटन और अवसाद का सामना करना पड़ सकता है। बातचीत और आपसी संवाद खुशियों का खजाना हैं जिससे मरहूम होना किसी भी परिवार के लिए संभावित व्याधि को आमंत्रित करना है। महानगरीय संस्कृति ने परिवार व्यवस्था को मटियामेट करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है फलस्वरूप मानव को अनेक संकटों का सामना करना पड़ रहा है। विशेषकर परिवार विघटित होने से समाज व्यवस्था गड़बड़ाने लगी है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## सत्य की शक्ति सौ झूठ से बचाए



संकलित
**दर्शन**

संसार में सत्य को सबसे सुंदर कहा गया है। हमारे शास्त्र भी कहते हैं कि सत्य के लिए किसी से भी संघर्ष करने के लिए स्वयं को सदैव तत्पर रखना चाहिए। एक सत्य ही तो है, जो मनुष्य को सौ झूठ बोलने से बचा लेता है। सत्य की ऐसी महत्ता-महिमा होते हुए भी संप्रति संसार में असत्य का बोलबाला बढ़ा है। हालांकि, असत्य का आश्रय लेने वालों को सदैव यह स्मरण रखना चाहिए कि अंत में विजय सत्य के खेमे का ही वरण करती है। वास्तव में जहां सत्य है, वहीं धर्म है और जहां धर्म वहीं विजय है। यदि हमारी जीवन रूपी इमारत सत्य रूपी नींव पर खड़ी होगी तभी हम उसे निरंतर ऊंचाई प्रदान करते हुए उसकी प्रकृति को संरक्षित रख पाएंगे। सत्य के महत्व पर बुद्ध ने कहा कि सत्य को छोड़कर जो असत्य बोलता है, धर्म का उल्लंघन करता है, परलोक की जिसे चिंता नहीं है, वह व्यक्ति बड़े से बड़ा पाप कर सकता है। इसलिए असत्य का परित्याग ही श्रेयस्कर है। मनीषी कहते हैं कि 'मनसा वाचा कर्मणा' यानी मन, वचन और कर्म से सत्य बोलना चाहिए। जो विचार मन में हों वही वाणी में भी होने चाहिए और उसी के अनुरूप ही मनुष्य का व्यवहार भी होना चाहिए। इसमें कोई संदेह नहीं कि मन, वचन और कर्म से अलग रहने वाले पूर्णरूपेण सत्य का आचरण नहीं कर सकते।गांधी जी जैसे महामानव सत्य को निरपेक्ष सत्य के रूप में ग्रहण करते हैं। सत्य को ईश्वर का पर्यायवाची बताते हैं। उसे अपनी नीति का अहम अवयव मानते हैं। इसी सत्य के प्रति निष्ठावान हैं।

## उत्साह के संचार की जरूरत



संकलित
**प्रेरणा**

राजा सुकीर्ति के पास एक लौहश्रुन्घ नामक हाथी था। राजा ने कई युद्ध में उसपर चढ़ाई करके विजय पायी थी। बचपन से ही उसे इस प्रकार से तैयार किया गया था कि युद्ध में शत्रु सैनिको को देखकर वो उनपर इस तरह टूट पड़ता। समय गुजरता गया, अब वह पहले की तरह कार्य नहीं कर पाता था। इसलिए अब राजा उसे युद्ध क्षेत्र में भी नहीं भेजते थे। वह सिर्फ हाथी शाला की शोभा बन कर रह गया। एक दिन वह सरोवर में जल पीने के लिए गया, लेकिन वहीं कीचड़ में उसका पैर धंस गया और फिर धंसता ही चला गया। हाथी के फंसने का समाचार राजा तक भी पहुँचा। राजा समेत सभी लोग हाथी के आसपास ईकट्ठे हो गए और विभिन्न प्रकार के प्रयत्न उसे निकालने के लिए करने लगे। लेकिन बहुत देर तक प्रयास करने के उपरांत कोई मार्ग नहीं निकला। तभी गौतम बुद्ध मार्गभ्रमण कर रहे थे। राजा और सारा मंत्रीमंडल तथागत गौतम बुद्ध के पास गये और अनुरोध किया। गौतम बुद्ध ने सबसे पहले घटनास्थल का निरीक्षण किया। और फिर राजा को सुझाव दिया कि युद्ध का माहौल बनाया गया, वाद्ययंत्र मंगवाए गए। नगाड़े बजवाये गए और ऐसा माहौल बनाया गया कि शत्रु सैनिक लौहश्रुन्घ की ओर बढ़ रहे है। और फिर तो लौहश्रुन्घ में एक जोश आ गया। गले तक कीचड़ में धस जाने के बावजूद वह जोर से चिंघाड़ लगाकर सैनिको की ओर दौड़ने लगा। बड़ी मुश्किल से उसे संभाला गया। गौतम बुद्ध ने सबको स्पष्ट किया कि हाथी की शारीरिक क्षमता में कमी नहीं थी, आवश्यकता मात्र उसके अंदर उत्साह के संचार करने की थी।

## माघ मेला



उत्तर प्रदेश के प्रयागराज संगम पर माघ मेला उत्सव के दौरान एक भक्त गुरुवार को सर्दियों की धुंधली सुबह में पूजा करते हुए।

## आज की पाती

### बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा कैसे हो?

बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर जो अत्याचार हो रहे हैं, वो हिंदुओं पर नहीं, बल्कि मानवता पर अत्याचार हो रहे हैं। इसके लिए वैसे तो सारी दुनिया को आगे आना चाहिए, लेकिन सवाल तो यह है कि बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्या का जो घिनौना काम हो रहा है, उसके लिए भारत सरकार क्यों सख्त कदम नहीं उठा रही है? भारत सरकार को चाहिए कि वो वहां से हिंदुओं को सुरक्षित निकालने के उचित इंतजाम करे और सीएए अर्थात नागरिकता संशोधन अधिनियम के तहत इन्हें भारत में शरणार्थी बनाएं। दूसरी चीज, इस मुद्दे को जल्दी से जल्दी अंतरराष्ट्रीय मंच पर रखे और संयुक्त राष्ट्र संघ को वहां एक टीम गठित करने की मांग भारत सरकार को करनी चाहिए, लेकिन सवाल तो यह भी है कि क्या अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऐसी स्थिति से निपटने के लिए कोई नियम नहीं है क्या?

*- वीरेंद्र पाटिल, भिलाई*

## ट्रेंड

### युवाओं का योगदान



भारत का भविष्य ऐसे युवाओं पर निर्भर है जो वैज्ञानिक सोच रखते हों, ज़िम्मेदारी से कार्य करें और निःस्वार्थ भाव से सेवा करें। मेरा सभी युवाओं से अनुरोध है कि आप जो भी कार्य चुनें, यह सुनिश्चित करें कि आपका योगदान राष्ट्र को सुदृढ़ बनाएगा और मानवीय मूल्यों को मजबूत करेगा।

- द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

### स्त्री सम्मान-समृद्धि योजना



नारी शक्ति का विकास कहने से नहीं, उन्हें सच्चा प्रतिनिधित्व देने से होगा। हम 'आधी आबादी' अर्थात हर बच्ची, युवती, नारी, महिला को सामाजिक-आर्थिक रूप से समान सम्मान देने के लिए 'स्त्री सम्मान-समृद्धि योजना' लाएंगे।

- डिंपल यादव, सांसद, सपा

### 'फीता काटने' का इंतजार



जयपुर में आने वाली बसों का ट्रैफिक शहर से बाहर ही रोकने के लिए बनाया हीरापुरा सैटेलाइट बस टर्मिनल पिछले 2 साल से बनकर तैयार है, लेकिन सरकार के 'फीता काटने' के इंतजार में ताला बंद पड़ा है।

- अशोक गहलौत, पूर्व सीएम, राजस्थान

### विरासत ध्वस्त



भोंडे सौंदर्यीकरण और व्यवसायीकरण के नाम पर आपने बनारस के मणिकर्णिका घाट में बुलडोजर चलवाकर सदियों पुरानी धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को ध्वस्त करा दिया है। आप चाहते हैं कि इतिहास की हर धरोहर को मिटाकर बस अपना नेम-प्लेट चिपका दिया जाएँ।

-मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस

## करंट अफेयर

# वर्क व पर्यटन वीजा पर नहीं लगाई गई है रोक



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन द्वारा बांग्लादेश और पाकिस्तान समेत ''उच्च-जोखिम' वाले 75 देशों के लोगों के लिए प्रवासी वीजा पर लगाई गई ताजा रोक पर्यटक या कार्य वीजा पर लागू नहीं होती और इसका असर उन लोगों पर पड़ेगा जो अमेरिका में स्थायी रूप से रहना चाहते हैं। अमेरिका ने पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल, ईरान, इराक और रूस सहित 75 देशों के नागरिकों के लिए प्रवासी वीजा जारी करने की प्रक्रिया पर रोक लगाने की बुधवार को घोषणा की। उसने कहा कि इन देशों से आने वाले प्रवासी अमेरिकी लोगों की कल्याणकारी योजनाओं का 'अस्वीकार्य दरों' पर लाभ लेते हैं। प्रवासियों पर ट्रंप प्रशासन की सख्ती के तहत उठाया गया यह ताजा कदम उन विदेशियों के प्रवेश पर अंकुश लगाने के लिए है जिनके अमेरिका में रहते हुए सार्वजनिक लाभों पर निर्भर रहने की आशंका है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, 'राष्ट्रपति ट्रंप ने स्पष्ट कर दिया है कि प्रवासियों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होना चाहिए और अमेरिकियों पर वित्तीय बोझ नहीं बनना चाहिए। विदेश मंत्रालय सभी नीतियों, विनियमों और दिशानिर्देशों की पूर्ण समीक्षा कर रहा है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उच्च-जोखिम वाले इन देशों से आने वाले प्रवासी अमेरिका में कल्याणकारी योजनाओं का उपयोग न करें।'

## ऑफ बीट

# चैटजीपीटी को धन्यवाद देना क्या ऊर्जा बर्बाद करना है




यदि आप अगली बार चैटजीपीटी से सवाल करते समय "कृपया" और "धन्यवाद" शब्द हटा देंगे, तो आप अपने 'पृथ्वी' ग्रह को बचाने में मदद करेंगे। ऑनलाइन बातचीत में कहा जाता है कि चैटजीपीटी से सवाल करते समय "कृपया" और "धन्यवाद" शब्द का उपयोग न करने का मतलब 'पृथ्वी' को बचाने में मदद करना है। यह विचार सुनने में कुछ हद तक सही लगता है क्योंकि एआई सिस्टम टेक्स्ट को क्रमिक रूप से प्रोसेस करते हैं : लंबा प्रॉम्प्ट अधिक कम्प्यूटेशन मांगता है इसलिए अधिक ऊर्जा खर्च होती है। ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन ने भी माना है कि अरबों प्रॉम्प्ट के पैमाने पर यह ऑपरेटिंग लागत बढ़ाता है। फिर भी, यह कहना कि एआई को शिष्टाचार के साथ इस्तेमाल करने से पर्यावरण पर महत्वपूर्ण असर पड़ता है, सही नहीं है। कुछ अतिरिक्त शब्दों का असर उस ऊर्जा की तुलना में नगण्य है जो डेटा सेंटर के संचालन में लगता है। एआई का वास्तविक पर्यावरणीय प्रभाव कृत्रिम बुद्धिमत्ता बड़े डेटा सेंटर पर निर्भर करती है, जिनमें उच्च-घनत्व कंप्यूटिंग अवसंरचना होती है। ये केंद्र भारी बिजली का उपयोग करते हैं, लगातार ठंडे रखे जाते हैं, और ऊर्जा आपूर्ति, जल और भूमि उपयोग जैसे व्यापक सिस्टम में जुड़े होते हैं।

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

जबलपुर

शुक्रवार 16 जनवरी 2026

माघ मास कृष्ण पक्ष-13

वर्ष : 20, अंक : 258

पृष्ठ : 2+2+2+6+4=16 मूल्य : 3.00 *

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**मौसम**

अधि. 24

न्यूनं. 07


विचार



भारत के लिए संभावनाएं और चुनौतियां

मैट्रो

6 वकील से मारपीट का सीजे ने ...



inh

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## सीएम डॉ. यादव ने 'मध्यप्रदेश रीजनल एआई इम्पैक्ट कॉन्फ्रेंस-2026' का किया शुभारंभ

# मप्र सरकार जल्द लाएगी नैतिक व जिम्मेदार एआई नीति, इससे मिशन मोड पर होगा काम

*मुख्यमंत्री ने एआई लिटरेसी मिशन के तहत फ्यूचर स्किल्स फॉर एआई पावर्ड भारत के लिए कौशल रथ को झंडी दिखाकर रवाना किया*



विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार सभी विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए एआई का उपयोग कर रही है। एआई वर्तमान समय में शासन, उद्योग और समाज के लिए एक परिवर्तनकारी शक्ति है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा के अनुरूप हमारा राज्य जल्द ही अपनी नैतिक व जिम्मेदार एआई नीति लाएगा। एआई के लिए मिशन मोड पर व्यापक रूप से कार्य किया जाएगा। प्रदेश के माइनिंग और हेल्थ सेक्टर में भी एआई के उपयोग की बड़ी संभावनाएं हैं। डॉ. यादव गुरुवार को भोपाल के ताज लेक फ्रंट में 'मध्यप्रदेश रीजनल एआई इम्पैक्ट कांफ्रेंस-2026' का शुभारंभ कर संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने एआई लिटरेसी मिशन के तहत फ्यूचर स्किल्स फॉर एआई पावर्ड भारत के लिए कौशल रथ को झंडी दिखाकर रवाना किया।

### मुख्यमंत्री ने लांच की 'मध्यप्रदेश स्पेसटेक नीति-2026'



मप्र रीजनल एआई इंपैक्ट कॉन्फ्रेंस-2026 में स्पेस-टेक पॉलिसी लॉन्च करते हुए सीएम

- **कहा- एआई शासन, उद्योग, समाज के लिए एक परिवर्तनकारी शक्ति**
- **माइनिंग और हेल्थ सेक्टर में भी एआई के उपयोग की बड़ी संभावनाएं**

### अंतरिक्ष आधारित अनुप्रयोगों को बढ़ावा देने की पहल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रीजनल एआई इंपैक्ट कॉन्फ्रेंस में प्रदेश की स्पेस टेक नीति लांच की। उन्होंने कहा कि यह नीति राज्य को भारत के उभरते अंतरिक्ष क्षेत्र में एक अग्रणी और भविष्य-उन्मुख केंद्र के रूप में स्थापित करेगी। नीति के तहत स्पेस टेक स्टार्ट-अप्स, एमएसएमई और उद्योगों को वित्तीय, अवसंरचनात्मक और अनुसंधान सहयोग प्रदान कर कृषि, आपदा प्रबंधन, जल संसाधन एवं शहरी नियोजन जैसे क्षेत्रों में अंतरिक्ष-आधारित अनुप्रयोगों को बढ़ावा दिया जाएगा। यह नीति निवेश, नवाचार और राष्ट्रीय अंतरिक्ष पारिस्थितिकी तंत्र में मध्यप्रदेश की भूमिका को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

### नवाचार और कौशल विकास के लिए 7 एमओयू पर हस्ताक्षर

मुख्यमंत्री की उपस्थिति में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा 6 समझौता ज्ञापन-यंगोवेटर (आंसर फाउंडेशन), सीईईडब्ल्यू (कॉउंसिल ऑन एनर्जी, एन्वायरनमेंट एंड वाटर), गूगल, नैसकॉम, एआईएसईसीटी और भाषिणी के साथ किए गए। इसके अलावा इंडिया एआई और तकनीकी शिक्षा,कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के मध्य एक समझौता ज्ञापन हुआ। उच्च गुणवत्ता वाली एआई शिक्षा तक पहुंच को व्यापक बनाने के लिए इंडिया एआई मिशन देश के टियर-2 एवं टियर-3 शहरों में 570 डेटा एवं एआई लैब्स की स्थापना कर रहा है।

तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग, मध्य प्रदेश सरकार के सहयोग से मध्यप्रदेश में 30 डेटा एवं एआई लैब्स स्थापित की जाएंगी।

### एआई के उपयोग से बढ़ेगी प्रशासनिक दक्षता मुख्य सचिव जैन बोले

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कहा है कि यह कांफ्रेंस आगामी इंडिया एआई इंपैक्ट समिट-2026 से पूर्व देश में एआई ईकोसिस्टम को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने उद्योग और अकादमिक संस्थानों के सहयोग, स्किलिंग व री-स्किलिंग की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि भविष्य रिसर्च, इनोवेशन और नॉलेज आधारित होगा।



फाइल फोटो

## विधानसभा का बजट सत्र 16 फरवरी से

# 19 दिन का सत्रः 6 मार्च तक चलेगी सदन की कार्यवाही

- ***20 फरवरी के पहले आएगा बजट***
- ***यह सोलहवीं विधानसभा का नौवां सत्र***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विधानसभा का बजट सत्र 16 फरवरी से शुरू होगा और 6 मार्च तक चलेगा। 19 दिन के सत्र में 12 बैठकें होंगी और सात दिन अवकाश के चलते बैठकें नहीं होंगी। राज्यपाल के अभिभाषण के साथ शुरू होने वाले सत्र में 16 से 20 फरवरी के बीच डॉ. मोहन यादव सरकार का तीसरा बजट पेश होगा। डिप्टी सीएम और वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा बजट पेश करेंगे। मोहन सरकार के बजट की तैयारियों के बीच विधानसभा सचिवालय द्वारा जारी किए गए नोटिफिकेशन में कहा गया है कि 16 फरवरी से शुरू होने वाले सत्र में 20 फरवरी तक लगातार सत्र चलेगा। इसके बाद 23 से 27 फरवरी तक सदन की कार्यवाही चलेगी। 6 मार्च तक चलने वाले सत्र मार्च माह में अंतिम दो दिनों में 5 और 6 मार्च को बैठकें होंगी। यह सोलहवीं विधानसभा का नौवां सत्र होगा। सत्र के पहले दिन राज्यपाल मंगुभाई पटेल विधानसभा पहुंचेंगे और अभिभाषण के रूप में सरकार की उपलब्धियां बताएंगे।

### इन तिथियों में नहीं होंगी बैठकें

विधानसभा के बजट सत्र की बैठकें जिन सात दिनों में नहीं होंगी वे तिथियां 21 फरवरी, 22 फरवरी, 28 फरवरी, एक मार्च, 2 मार्च, 3 मार्च और 4 मार्च हैं। पूरे सत्र के दौरान तीन दिन 20 फरवरी, 27 फरवरी और 6 मार्च को अशासकीय कार्यों के लिए भी समय दोपहर बाद डेढ़ बजे से सदन की कार्यवाही का समय तय किया गया है।

## खबर संक्षेप

### असम के छात्र पर जानलेवा हमला

**अनूपपुर।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय (इग्नू) में असम के एक छात्र हिरोज ज्योति दास के साथ बेरहमी से मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित के अनुसार, हॉस्टल में 4-5 छात्रों ने उससे पता और विभाग पूछा और असम का निवासी होने की जानकारी मिलते ही उस पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में उसकी नाक की हड्डी टूट गई और आंखों में चोटें आई हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए 5 आरोपी छात्रों को निष्कासित कर दिया है। सांसद हिमाद्री सिंह ने घटना की निंदा करते हुए निष्पक्ष पुलिस जांच की मांग की है।



### बसपा प्रमुख की पीसी में मची अफरा-तफरी

**लखनऊ।** बसपा प्रमुख मायावती की प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अफरा-तफरी के हालत बन गए। लखनऊ के पार्टी दफ्तर में मीडिया से बात करते वक्त हॉल की छत पर लगी लाइट में शॉर्ट सर्किट हो गया। चिंगारी निकलने लगी। देखते ही देखते हॉल में धुआं भर गया। कॉन्फ्रेंस हॉल में मौजूद पार्टी कार्यकर्ताओं में हड़कंप मच गया। तुरंत ही सुरक्षाकर्मी हरकत में आए और अग्निशमन यंत्रों का इस्तेमाल कर हालात पर काबू पाया।तुरंत बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस खत्म कर दी गई। मायावती बिना केक काटे और मीडिया के सवाल लिए बिना ही रवाना हो गईं।



### अमेजन ग्रेट रिपब्लिक डे सेल 2026 का आगाज

**नई दिल्ली।** अमेजन हर साल 26 जनवरी के मौके पर एक सेल आयोजित करता है। इस साल भी अमेजन सेल की शुरुआत 16 जनवरी 2026 से शुरुआत हो रही है। अमेजन की इलेक्ट्रॉनिक सेल में लैपटॉप पर सबसे ज्यादा 75 फीसद की छूट दी जा रही है। साथ ही एबीआई कार्ड पर 10 फीसद की अतिरिक्त छूट दी जा रही है। साथ ही 5 फीसद की अतिरिक्त डिस्काउंट मिल रहा है।



## मकर संक्रांति पर चाइनीज मांझे से 8 हादसे

# इंदौर-उज्जैन में बाइक सवारों का गला कट गया, हाईकोर्ट ने रिपोर्ट तलब की

- ***पिछले डेढ़ महीने में अकेले इंदौर में 13 हादसे, इनमें 2 की मौत***
- ***हाईकोर्ट ने 14 जिलों की रिपोर्ट तलब की, आज होगी सुनवाई***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मकर संक्रांति पर इंदौर और उज्जैन में चाइनीज मांझे से हादसों के 8 मामले सामने आ चुके हैं। हादसों में किसी का गला कट गया तो किसी के पैर में गंभीर चोट आई। हालांकि पतंगबाजी के इस सीजन में पिछले डेढ़ महीने में अकेले इंदौर में 13 हादसे हो चुके हैं। इनमें से दो की मौत हो गई, जबकि एक घायल गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती है।चाइनीज मांझे से हो रही मौतों को लेकर हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। 12 जनवरी 2026 को हुई सुनवाई में इंदौर हाईकोर्ट ने कहा कि प्रतिबंध के बावजूद लगातार जानलेवा घटनाओं का होना दुर्भाग्यपूर्ण है ।



अशोकनगर में घायल युवक का इलाज

### छिंदवाड़ा में बच्चे के कान में 43 टांके लगाने पड़े

छिंदवाड़ा जिले में भी चाइनीज मांझे से 9 साल के बच्चे का कान कट गया। रविवार को घर के बाहर खेलने के दौरान अथर्व कराड़े चाइनीज मांझे की चपेट में आया। परिजन तुरंत उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसके कान में 43 टांके लगाए। अथर्व को फिलहाल निगरानी में रखा गया है।

### 14 जनवरी को 4 लोग आए चपेट में

इंदौर में संक्रांति के दिन 14 जनवरी बुधवार को 4 हादसे हुए। पहला हादसा भंवरकुआं इलाके में हुआ, जहां बाइक से जा रहे एक युवक का चाइनीज मांझे से गला कट गया। हेमराज रविंद्र चौरसिया के रूप में घायल की पहचान हुई है। परदेशीपुरा इलाके के नंदानगर के रहने वाले बुजुर्ग महेश सोनी भी चाइनीज मांझे की चपेट में आ गए। महेश के गले में चोट आई। जूनी इंदौर ब्रिज से गुजरते समय प्रेम भंडारी, निवासी तिल्लौर की बाइक के सामने अचानक चाइनीज डोर आ गई। उन्होंने बचने की कोशिश की, लेकिन गले के पास चोट लग गई। हादसे में उन्हें 8 टांके आए। रामानंद नगर के रहने वाले माधव पिता घनश्याम वसुनिया के चेहरे पर चाइनीज डोर से चोट आई। उन्हें करीब 10 टांके आए। 11 जनवरी को भी इंदौर में 3 हादसे हुए।






## ईरान के हवाई क्षेत्र के अप्रत्याशित रूप से बंद होने के कारण उड़ान भरने के तुरंत बाद दिल्ली लौटना पड़ा था विमान को

# एयर इंडिया की दिल्ली-न्यूयॉर्क फ्लाइट के इंजन में सामान का डिब्बा फंसा, क्षतिग्रस्त हुआ हिस्सा

- ***इंजन में कंटेनर के घुसने से विमान के दाहिने इंजन को नुकसान पहुंचा***
- ***विमान को फिलहाल गहन जांच और आवश्यक मरम्मत के लिए ग्राउंडेड कर दिया गया***

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गुरुवार सुबह दिल्ली एयरपोर्ट पर एक एयर इंडिया विमान के इंजन में सामान का डिब्बा फंस जाने के कारण उसे नुकसान पहुंचा। एयरलाइन के अनुसार यह घटना तब हुई जब एयरबस ए350 विमान हवाई अड्डे पर घने कोहरे में टैक्सी कर रहा था। एयर इंडिया के प्रवक्ता ने बताया है कि एयर इंडिया पुष्टि करती है कि दिल्ली से न्यूयॉर्क (जेएफके) के लिए उड़ान भरने वाली फ्लाइट एआई101 को ईरान के हवाई क्षेत्र के अप्रत्याशित रूप से बंद होने के कारण उड़ान भरने के तुरंत बाद दिल्ली लौटना पड़ा, जिससे उसके नियोजित मार्ग पर असर पड़ा। एयरलाइन ने बताया कि दिल्ली में लैंड करते समय घने कोहरे में टैक्सी करते समय विमान किसी बाहरी वस्तु की चपेट में आ गया जिससे विमान के दाहिने इंजन को नुकसान पहुंचा।



फाइल फोटो

### एयर इंडिया ने कहा

### यात्रियों को हुई असुविधा के लिए हमें खेद है...

इस घटना पर प्रवक्ता ने कहा कि एयर इंडिया अपने यात्रियों को हुई असुविधा के लिए खेद व्यक्त करती है और उनकी सुविधा के अनुसार वैकल्पिक यात्रा व्यवस्था और धन वापसी की व्यवस्था करने में सक्रिय रूप से सहायता कर रही है। एयर इंडिया के लिए सुरक्षा सर्वोपरि प्राथमिकता है और एयरलाइन इस समय सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com जबलपुर, शुक्रवार 16 जनवरी 2026

## मुख्यमंत्री ने पीएम मोदी से की भेंट

### सुपर थर्मल पावर स्टेशन के भूमिपूजन का दिया न्योता



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार को नई दिल्ली में पीएम नरेंद्र मोदी से भेंट की। सीएम डॉ. यादव ने पीएम मोदी को गाडरवारा स्थित एनटीपीसी सुपर थर्मल पॉवर स्टेशन के विस्तार की परियोजना के भूमिपूजन हेतु आमंत्रण भी दिया। इस अवसर पर सीएम ने पीएम मोदी को नक्सल मुक्त मप्र के लक्ष्य को समय से पूर्व पूर्ण करने की जानकारी दी।

## सर्दी का यू-टर्न : प्रदेश में फिर शुरू हुआ शीतलहर और कोहरे का सिलसिला विजिबिलिटी पर पड़ेगा असर

# दिन में तेज गर्मी के बाद रात का पारा फिर 'लुढ़कने' लगा सात जिलों में रात का तापमान 5 से 6 डिग्री तक आया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अधिकांश जिलों में अब रात के तापमान में फिर से कमी आना शुरू हो रही है। प्रदेश में पांच दिन बाद हवाएं बदलने और बादल छंटने से गुरुवार से फिर से शीतलहर का दौर शुरू हो गया है। गुरुवार को शाजापुर के गिरवर में कोल्ड वेव का असर रहा, जबकि ग्वालियर में मध्यम कोहरा रहा। भोपाल, छतरपुर, सतना, रीवा, दतिया में हल्का कोहरा रहा है। मौसम केंद्र के अनुसार शुक्रवार को भी ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, रीवा, सतना, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी में मध्यम से हल्का कोहरा रहेगा। इससे दृश्यता पर असर पड़ेगा।

**आज आधा दर्जन जिलों में मध्यम कोहरा**



एक डब्ल्यूडी सक्रिय नया पश्चिमी विक्षोभ 19 को होगा एक्टिव

पचमढ़ी में घास पर जमीं ओस की बूंदें

### दिन में 3 डिग्री तक कमी

गुरुवार को राजधानी में दिन और रात के तापमान में करीब 3-3 डिग्री तक कमी आई है। भोपाल में दिन का पारा 2.9 डिग्री गिरकर 23.9 और रात का 1.8 कमी के साथ 8 डिग्री रहा। यह सामान्य से 3 डिग्री कम है। धार, इंदौर में भी रात का पारा 3-3 डिग्री तक कमी आई है। शेष प्रदेश में औसतन एक डिग्री की कमी से सर्दी बढ़ रही है।

### 7 जिले अब 6 डिग्री तक

*गुरुवार को रात के तापमान में कमी के साथ 7 जिलों में रात का पारा 5 से 6 डिग्री तक रहा है। सबसे कम शहडोल, शाजापुर में 4.6 डिग्री रहा। कटनी 4.7, मंदसौर 4.8, चित्रकूट, रीवा 5.8 और छतरपुर में रात का पारा 6.2 डिग्री तक रहा है। हालांकि, दिन और रात के तापमान में कमी के बावजूद अभी यह सामान्य से औसतन एक डिग्री तक अधिक है। विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार एक नया पश्चिमी विक्षोभ अभी हिमालय क्षेत्र में सक्रिय है, जबकि दूसरा नया डब्ल्यूडी 19 जनवरी को सक्रिय होगा। हवाएं बदलकर उत्तरी और उत्तर पूर्वी होने से सर्दी और बढ़ेगी। कुछ जिलों में कोल्ड वेव का असर हो सकता है। इसके बाद तापमान में बढ़ोतरी के साथ मौसम में बदलाव की भी उम्मीद है।*

## खबर संक्षेप

### बंगालः जेईई मेन की 23 जनवरी की परीक्षा टली

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं में शामिल जेईई मेन 2026 को लेकर बंगाल में बदलाव हुआ है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने छात्रों की मांग और सांस्कृतिक भावनाओं को ध्यान में रखते हुए पश्चिम बंगाल में 23 जनवरी को होने वाली जेईई मेन सेशन-1 की परीक्षा को स्थगित करने का फैसला किया है। सरस्वती पूजा के कारण परीक्षा तिथि में बदलाव की मांग कर रहे थे।



### वित्तीय रिपोर्ट की निगरानी के लिए नई एआई पहल

**नई दिल्ली।** वित्तीय रिपोर्टों की गुणवत्ता पर नजर रखने और सरकारी कामकाज को तेज करने के लिए सरकार ने एक नई एआई पहल की है। इस पहल का नाम 'इंडिया एआई फाइनेंशियल रिपोर्टिंग कंप्लायंस चैलेंज' रखा गया है। इसका उद्देश्य एआई की मदद से ऐसे डिजिटल समाधान तैयार करना है, जो वित्तीय रिपोर्टिंग की जांच आसान बना सकें। यह पहल एनएफआरए और इंडिया एआई की साझेदारी से शुरू की गई है।



### इंदौर पहुंचे रोहित-विराट 18 को न्यूजीलैंड से भिड़ंत

**इंदौर।** इंदौर में भारत और न्यूजीलैंड के बीच होने वाले रोमांचक मुकाबले की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। गुरुवार को भारतीय टीम के दिग्गज खिलाड़ियों के साथ न्यूजीलैंड की टीम भी इंदौर पहुंच गई है। एयरपोर्ट पर टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा, स्टार बल्लेबाज विराट कोहली, शुभमन गिल, केएल राहुल और तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज के पहुंचते ही प्रशंसकों का उत्साह चरम पर पहुंच गया।



## 14 से 16 जनवरी तक किया जा रहा सीएसपीओएस का आयोजन

## पीएम मोदी ने संविधान सदन में 28वें कॉमनवेल्थ स्पीकर्स कॉन्फ्रेंस का किया उद्घाटन

# कहा- भारत ने डाइवर्सिटी को डेमोक्रेसी की ताकत बना दिया

*इस हाई-लेवल कॉन्फ्रेंस में 42 कॉमनवेल्थ देशों के 61 स्पीकर्स और पीठासीन अधिकारी, साथ ही चार सेमी-ऑटोनॉमस संसदों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं*



प्रधानमंत्री मोदी संबोधित करते हुए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को संविधान सदन के सेंट्रल हॉल में कॉमनवेल्थ के स्पीकर्स और पीठासीन अधिकारियों के 28वें कॉन्फ्रेंस (सीएमपीओसी) 2026 का उद्घाटन किया। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत लोकसभा स्पीकर ओम बिरला, विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर और राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह ने किया।पीएम मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जिस स्थान पर आप सभी बैठे हैं वो भारत की डेमोक्रेटिक जर्नी का बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान है। गुलामी के आखिरी वर्षों में जब भारत की आजादी तय हो चुकी थी, उस समय इसी सेंट्रल हॉल में भारत की संविधान की रचना के लिए संविधान सभा की बैठकें हुई थी।

इस कॉन्फ्रेंस का मुख्य विषय 'इफेक्टिव डिलीवरी ऑफ पार्लियामेंट्री डेमोक्रेसी'



पीएम मोदी, ओम बिरला सहित अन्य देशों के प्रतिनिधि

***यह चौथा अवसर है, जब कॉमनवेल्थ स्पीकर्स और प्रेसिडिंग ऑफिसर्स की कॉन्फ्रेंस भारत में हो रही***

***डेमोक्रेटिक इंस्टीट्यूशन और डेमोक्रेटिक प्रोसेसेज डेमोक्रेसी को स्टेब्लिटी स्पीड और स्केल तीनों देते हैं***

### भारत में डेमोक्रेसी का अर्थ-लास्ट माइल डिलीवरी

पीएम मोदी ने कहा कि भारत में डेमोक्रेसी का अर्थ, लास्ट माइल डिलीवरी है। हमने लोक कल्याण की भावना से हर व्यक्ति के लिए बिना किसी भेदभाव से काम कर रहे हैं। और इसी लोक कल्याण की भावना के कारण बीते कुछ वर्षों में भारत में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। भारत हर ग्लोबल प्लेटफॉर्म पर ग्लोबल साउथ के हितों को पूरी मजबूती से उठा रहा है। अपनी जी 20 अध्यक्षता के दौरान भी भारत ने ग्लोबल साउथ की चिंताओं को वैश्विक एजेंडे के केंद्र में रखा है। आज भारत में यूपीआई दुनिया का सबसे बड़ा डिजिटल पेमेंट सिस्टम है।

### इस कॉन्फ्रेंस में कई देशों के प्रतिनिधिमंडल ले रहे हिस्सा

इस कॉन्फ्रेंस में कनाडा, यूनाइटेड किंगडम और ऑस्ट्रेलिया सहित कई देशों के प्रतिनिधिमंडल हिस्सा ले रहे हैं, साथ ही नामीबिया, त्रिनिदाद और टोबैगो, टोंगा, कैमरून और मलेशिया के प्रतिनिधि भी शामिल हैं। ऑस्ट्रेलियाई हाई कमीशन का प्रतिनिधित्व हाई कमिश्नर फिलिप ग्रीन के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल कर रहा है। कॉन्फ्रेंस में प्रमुख समकालीन संसदीय मुद्दों पर चर्चा की जाएगी, जिनका मकसद लोकतांत्रिक संस्थानों को मजबूत करना और विधायी प्रथाओं का आधुनिकीकरण करना है। मुख्य विषयों में स्पीकर्स और पीठासीन अधिकारियों की बदलती भूमिका, संसदीय कामकाज में टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल, और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में नागरिकों की भागीदारी बढ़ाने के उपाय शामिल हैं।

#### ये हैं निधारित चर्चाएं

निर्धारित चर्चाओं में 'संसद में एआईः इनोवेशन, निगरानी और अनुकूलन में संतुलन' पर सत्र शामिल हैं, जिसका नेतृत्व मलेशिया करेगा। 'सोशल मीडिया और सांसदों पर इसका प्रभाव' जिसे श्रीलंका प्रस्तुत करेगा

## भागीरथपुरा में पीड़ितों से करेंगे मुलाकात

# 17 को राहुल ने कांग्रेस समर्थित पार्षदों से लेकर नेता प्रतिपक्ष तक को बुलाया

*लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष मनरेगा का नाम बदलने के विरोध में आयोजित उपवास कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राहुल गांधी 17 जनवरी को इंदौर दौरे पर आ रहे हैं। इस दौरे के दौरान वे भागीरथपुरा में पीड़ित परिवारों से मुलाकात करेंगे और मनरेगा का नाम बदलने के विरोध में आयोजित उपवास कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। प्रदेश कांग्रेस इस दौरे को प्रदेश के नगरीय निकाय चुनावों की तैयारी के रूप में देख रही है, जहां पार्टी अपनी रणनीति को मजबूत करने की कोशिश करेगी। राहुल गांधी का दौरा राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। वे इंदौर के भागीरथपुरा इलाके में हाल की घटनाओं से प्रभावित परिवारों से मिलेंगे, जहां सामाजिक और आर्थिक मुद्दों पर चर्चा होगी। इसके अलावा, केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा का नाम बदलने के फैसले के खिलाफ कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन होगा। 17 जनवरी को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक जिला स्तर पर एक दिवसीय उपवास आयोजित किया जाएगा। यह उपवास मनरेगा के नाम बदलने के विरोध में होगा।

### आनंद माथुर सभागृह में करेंगे संबोधित

दौरे के जरिए कांग्रेस नगरीय निकाय चुनावों की तैयारी में जुट गई है। मध्य प्रदेश के कांग्रेस समर्थित सभी नगरीय निकायों के अध्यक्षों, नगर पालिका अध्यक्षों, पार्षदों और नेता प्रतिपक्ष को इंदौर बुलाया गया है। राहुल गांधी उन्हें आनंद माथुर सभागृह में संबोधित करेंगे, जहां चुनावी रणनीति, स्थानीय मुद्दों और पार्टी की एकजुटता पर जोर दिया जाएगा। इस संबोधन को हर जिले के उपवास स्थलों पर लाइव टेलीकास्ट करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि कार्यकर्ता और नेता सीधे जुड़ सकें।

## मुरैना में ट्रक ने स्कूल बस को मारी टक्कर

# बस ड्राइवर की मौत... एक दर्जन से ज्यादा बच्चे घायल

**बस मुरैना के अल्ट्रॉनियस स्कूल की थी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुरैना

मुरैना के बागचीनी थाना क्षेत्र के सेठबारी इलाके में स्कूल बस और ट्रक की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में स्कूल बस के ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बस में सवार एक दर्जन से ज्यादा बच्चे घायल हो गए। यह बस मुरैना के अल्ट्रॉनियस स्कूल की थी, जो गलैथा गांव से बच्चों को लेकर स्कूल जा रही थी। रास्ते में सामने से आ रहे ट्रक से बस की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बस ड्राइवर समसान सिंह सिकरवार (67) की मौके पर ही मौत हो गई।



अस्पताल में बच्चे उपचार कराते हुए

## बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड का बड़ा फैसला

# खिलाड़ियों की मांग पर नजमुल को हटाया गया

**टी20 विश्व कप में बांग्लादेश की यात्रा पर सवाल उठाए थे**

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) अपने खिलाड़ियों की मांग के आगे झुक गया और उसने नजमुल इस्लाम को बोर्ड के वित्तीय समिति के अध्यक्ष पद से हटा दिया है। नजमुल को लेकर बांग्लादेश के खिलाड़ियों में काफी रोष था और क्रिकेट वेलफेयर्स एसोसिएशन ऑफ बांग्लादेश ने नजमुल के इस्तीफे तक देश में क्रिकेट का बहिष्कार करने की मांग कर दी थी। विवाद बढ़ता देख बीसीबी ने नजमुल को हटा दिया है। नजमुल पर आरोप हैं कि उन्होंने खिलाड़ियों के योगदान और पारिश्रमिक को लेकर अपमानजनक बयान दिए।



तमीम इकबाल नजमुल इस्लाम

## माघ मेले में मकर संक्रांति पर उमड़ा आस्था का सैलाब

ड्रोन से की जा रही है निगरानी



### संगम में करीब एक करोड़ श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

**प्रयागराज।** मकर संक्रांति पर्व पर कड़कड़ाती ठंड पर आस्था भारी रही। भोर से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मेला प्रशासन के आंकड़ों के अनुसार शाम पांच बजे तक करीब एक करोड़ श्रद्धालु मकर संक्रांति पर त्रिवेणी में स्नान किए। पूरे माघ मेले में सुरक्षा व्यवस्था के चाक चौबंद इंतजाम रहे।

## प्रदेश में 24 घंटे में 6 जगह सड़क हादसे

# ९ लोगों की गई जान, कहीं सिर फटा तो कहीं चलती कार पर नीलगाय कूदी

### नर्मदापुरम में दो दोस्तों की गई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम/गुना

प्रदेश के 6 जिलों में अलग अलग जगह हुए सड़क हादसों में 9 लोगों की जान चली गई। नर्मदापुरम-पिपरिया स्टेट हाईवे पर सेमरीहरचंद के पास बुधवार शाम करीब 7 बजे बाइक और कार की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार अरविंद कुमार (निवासी सोनसारखेड़ा) और रामकुमार (निवासी बम्होरी) की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार के एयर बैग खुल गए और युवकों के सिर फटने से सड़क पर खून बह निकला।



अशोकनगर में कार पलटी

### स्कूल जा रहे बच्चे को ट्रक ने कुचला, मौत

रीवा के रतहरा में गुरुवार सुबह स्कूल जा रहे 10 साल के छात्र को ट्रक ने कुचल दिया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। छात्र अपनी बड़ी बहन के साथ पैदल स्कूल जा रहा था, तभी तेज रफ्तार ट्रक ने उसे चपेट में ले लिया। बहन बाल-बाल बच गई। घटना के बाद ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराया और चालक मौके से भाग निकला। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाकर आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## वंदे भारत स्लीपर ट्रेन की ऑपरेशनल स्पीड 160 किमी प्रति घंटा तय की गई

## झांसी यूनिट को हाल ही में रेल बॉर्न मेंटेनेंस व्हीकल्स का ऑर्डर मिला

# भेल के झांसी प्लांट से वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों के लिए ट्रांसफॉर्मर की आपूर्ति शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अलग खबर

सरकारी इंजीनियरिंग कंपनी भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) ने गुरुवार को बताया कि उसने वंदे भारत स्लीपर ट्रेन परियोजना के लिए सेमी-हाई-स्पीड अंडरस्लंग ट्रैक्शन ट्रांसफॉर्मर की आपूर्ति अपने झांसी संयंत्र से शुरू कर दी है। कंपनी के अनुसार यह पहल उसके मेक इन इंडिया कार्यक्रम के तहत एक अहम उपलब्धि है। बीएचईएल ने बयान में कहा कि वंदे भारत स्लीपर ट्रेन परियोजना को भेल के नेतृत्व वाले कंसोर्टियम द्वारा टीआरएसएल के साथ मिलकर लागू किया जा रहा है।



फाइल फोटो

### इस ट्रेन की स्पीड तय की गई

कंपनी ने बताया कि इससे पहले इसी परियोजना के लिए ट्रैक्शन कन्वर्टर्स को भेल के बेंगलुरू संयंत्र से रवाना किया जा चुका है। ताजा आपूर्ति से सेमी-हाई-स्पीड प्रोपल्शन सेगमेंट में भेल की रणनीतिक मौजूदगी और मजबूत हुई है। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन की परेशनल स्पीड 160 किमी प्रति घंटा और डिजाइन स्पीड 180 किमी प्रति घंटा तय की गई है।

### कोलकाता में होगा ट्रेनों को असेंबल करने का काम

भेल के अनुसार ट्रैक्शन ट्रांसफॉर्मरों को कोलकाता भेजा जा रहा है, जहां वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों का अंतिम असेंबली कार्य किया जाएगा। इसके अलावा परियोजना से जुड़ा एक और महत्वपूर्ण प्रोपल्शन सिस्टम उपकरण ट्रैक्शन मोटर, बीएचईएल के भोपाल यूनिट में विकसित और निर्मित किया गया है। इस बीच भेल ने यह भी बताया कि उसके झांसी यूनिट को हाल ही में रेल बॉर्न मेंटेनेंस व्हीकल्स का ऑर्डर मिला है।

**खबर संक्षेप**

## एक्स पर नहीं बनेंगे अश्लील डीपफेक

**नई दिल्ली।** एलन मस्क के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' ने अपने एआई चैटबॉट ग्रोक पर लगाम लगाने का फैसला कर लिया है। 'एक्स' ने अपने एआई चैटबॉट ग्रोक को अवैध रूप से आपत्तिजनक कपड़ों में लोगों की तस्वीरें बनाने से रोकने के लिए टेक्निकल उपाय लागू किए हैं। यह कदम एआई चैटबॉट द्वारा बनाई गई अश्लील डीपफेक तस्वीरों को लेकर भारी विरोध का सामना करने के बाद उठाया गया है। एक्स ने अपने आधिकारिक सेफ्टी अकाउंट पर जानकारी दी कि यह बैन पेड ग्राहकों सहित सभी यूजर्स पर लागू होता है।

## सिंगापुर के नेता प्रतिपक्ष से हटाए गए प्रीतम सिंह



**सिंगापुर।** सिंगापुर में पंजाब मूल के प्रीतम सिंह को नेता प्रतिपक्ष के पद से हटा दिया गया है। यह फैसला पीएम लॉरेंस वोंग ने गुरुवार को लिया और वर्कर्स पार्टी से नए सांसद के नामांकन की मांग की। रिपोर्ट के अनुसार, प्रीतम सिंह को संसद की कमिटी के समक्ष झूठी गवाही देने का दोषी ठहराया गया था, और संसद ने 14 जनवरी 2026 को उन्हें इस पद के लिए अनुपयुक्त घोषित कर दिया था। पीएम वोंग ने कहा कि यह कदम कानून के शासन, संसद की गरिमा और अखंडता बनाए रखने के लिए जरूरी है।

**ईरान-अमेरिका के बीच युद्ध की आशंका:** युद्धपोत यूएसएस अब्राहम लिंकन पश्चिम एशिया की तरफ रवाना

# इस बार निशाना नहीं चूकेगा, ट्रंप पर हमले की तस्वीर शेयर कर ईरान ने दी सीधी धमकी

एजेंसी ▸▸ वॉशिंगटन

ईरान में जारी विरोध प्रदर्शनों और तनाव के बीच अमेरिका ने अपने युद्धपोत यूएसएस अब्राहम लिंकन को दक्षिण चीन सागर से पश्चिम एशिया की तरफ रवाना किया है। सूत्रों के अनुसार युद्धपोत के पहुंचने में एक हफ्ते के करीब का समय लग सकता है। हालांकि, अभी तक अमेरिकी अधिकारियों की ओर से इसकी पुष्टि नहीं की गई है। अमेरिका ने वेनेजुएला में भी हमले से पहले इसी तरह तैनाती बढ़ाई थी।

- ईरान की चेतावनी जून वाली गलती न दोहराएं
- अमेरिका ने कतर से निकाले अपने कर्मचारी

इसके अलावा अमेरिका ने मिडिल ईस्ट में अपने कुछ सैन्य अड्डों से कर्मचारियों को निकालना शुरू कर दिया है। कतर में स्थित अल उदैद एयर बेस (जो मिडिल ईस्ट का सबसे बड़ा अमेरिकी बेस है और करीब 10,000 सैनिक तैनात है) से कुछ कर्मचारियों को निकालने को कहा गया है। अमेरिकी अधिकारी ने इसे तैनाती में बदलाव बताया है, न कि पूरा इवैक्यूएशन।



2024 में पेंसिल्वेनिया के बटलर में ट्रंप के कान को छूकर गोली निकली थी **फाइल फोटो**

### बातचीत के जरिए सुलझाएं तनाव

*वहीं, ईरान ने सरकारी टीवी चैनल पर राष्ट्रपति ट्रंप को जान से मारने की धमकी जारी की है। यह धमकी पर्शियन में थी। इस धमकी में पेंसिल्वेनिया के बटलर में 2024 में ट्रंप पर हुए जानलेवा हमले की फुटेज दिखाई गई। जिसके साथ एक संदेश था 'इस बार गोली निशाने से नहीं चूकेगी'। यह ट्रंप के खिलाफ तेहरान की अब तक की सबसे सीधी धमकी है। वहीं ईरान ने चेतावनी दी है कि अमेरिका जून वाली गलती न दोहराए। साथ ही ईरान ने बातचीत और कूटनीति के जरिए विवाद सुलझाने की बात कही और कहा कि अमेरिका हमेशा कूटनीति और बातचीत से बचता रहा है।*

### ईरान ने बंद किया हवाई क्षेत्र

*ईरान ने अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया है, जिससे भारत समेत कई अंतरराष्ट्रीय उड़ानें प्रभावित हुई हैं। गुरुवार को अपनी अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को लेकर सभी कंपनियों ने ट्रैवल एडवाइजरी जारी की है।*

### रेजा के नेतृत्व पर आपत्ति नहीं: ट्रंप



रेजा पहलवी

ट्रंप ने बुधवार को कहा कि ईरानी विपक्षी नेता रेजा पहलवी उन्हें काफी अच्छे लगते हैं। हालांकि, उन्होंने इस बात पर अनिश्चितता जताई कि उन्हें ईरान के भीतर समर्थन मिल पाएगा और वे नेतृत्व संभाल पाएंगे। ट्रंप ने कहा कि मुझे नहीं पता कि वे अपने देश में कैसे व्यवहार करेंगे। उन्होंने कहा कि स्थिति अभी उस स्तर तक नहीं पहुंची है।

### ईरान में फंसे 2000 कश्मीरी

जम्मू-कश्मीर स्टूडेंट्स एसोसिएशन (जेकेएसए) ने ईरान में फंसे करीब 2000 कश्मीरी छात्रों और अन्य भारतीय नागरिकों की बढ़ती सुरक्षा चिंताओं को लेकर गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री डॉ. एस.जयशंकर से तत्काल हस्तक्षेप कर भारतीय छात्रों सहित सभी नागरिकों की निकासी की व्यवस्था करने की मांग की है। जेकेएसए के राष्ट्रीय संयोजक नासिर खुएहामी ने एक बयान में कहा कि ईरान में तेजी से बिगड़ती सुरक्षा स्थिति ने चिंता पैदा कर दी है।



अमेरिकी युद्धपोत यूएसएस अब्राहम लिंकन

### दुनिया का सबसे बड़ा युद्धपोत है लिंकन

यूएसएस अब्राहम लिंकन निमित्ज श्रेणी का पांचवा युद्धपोत है। यह परमाणु ऊर्जा से चलने वाला पोत है, जो दक्षिण चीन सागर में तैनात रहता है। इस युद्धपोत को अमेरिकी नौसेना में 1989 में शामिल किया गया था। यह युद्धपोत 97 हजार टन वजनी है और इसकी फ्लाइट डेक करीब 4.5 एकड़ में फैली हुई है। इसकी लंबाई करीब 1092 फीट है। इसमें 4 हैंगर एलीवेटर हैं और यह अपने साथ 90 लड़ाकू विमान ले जा सकता है।

लश्कर कमांडर रऊफ का बड़ा कबूलनामा

# ऑपरेशन सिंदूर से अल्लाह ने हमें बचाया, सब 'खत्म'



ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हाफिज रऊफ **फाइल फोटो**

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पाकिस्तान के आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के कमांडर हाफिज अब्दुल रऊफ ने एक चौंकाने वाला बयान दिया है। उसने माना है कि भारत द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर ने मुरीदके में आतंकी संगठन के नर्व सेंटर को भारी नुकसान पहुंचाया। इतना ही नहीं उसने काबुल किया कि 6-7 मई की रात को मरकज-ए-तैयबा (आतंक का हेडक्वार्टर) को पूरी तरह से तबाह कर दिया। बता दें रऊफ को अमेरिका ने ग्लोबल आतंकवादी घोषित किया है। रऊफ ने माना कि यह बहुत बड़ा हमला था। भारत की इस कार्रवाई ने आतंकी कॉम्प्लेक्स को पूरी तरह मलबे में बदल दिया था। रऊफ ने कहा कि 6-7 मई को जो हुआ, वह जगह अब नहीं रही। आज हम वहां बैठ भी नहीं सकते। वह खत्म हो गया है, वह ढह गया है।

**दावा: भारत ने बहुत बड़ा हमला किया था**

### लश्कर का कमांडर है हाफिज रऊफ

*रऊफ लश्कर का ऑपरेशनल कमांडर रहा है। उसने आतंकवादियों को ट्रेनिंग देने और उन्हें पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में पाकिस्तानी सेना द्वारा स्पॉन्सर किए गए लॉन्चपैड से लॉन्च करने में शामिल था। रऊफ ने ही ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमलों में मारे गए आतंकवादियों की जनाजे की नमाज पढ़ाई थी, जिसकी तस्वीरें उस समय वायरल हो गई थीं। अब, महीनों बाद उसके कबूलनामे से इस बात की सीधी पुष्टि होती है कि भारत के ऑपरेशन ने अपने तय टारगेट पर हमला किया था।*




डेनमार्क के विदेश मंत्री का बड़ा बयान

# ग्रीनलैंड पर ट्रंप के साथ, लेकिन डेनमार्क की सीमा का सम्मान हो

एजेंसी ▸▸ वॉशिंगटन

ग्रीनलैंड को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावों के बीच डेनमार्क और ग्रीनलैंड के अधिकारियों ने वॉशिंगटन में उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ बातचीत की। दोनों पक्ष मतभेदों को दूर करने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए एक कार्य समूह बनाने पर सहमत हुए। डेनमार्क के विदेश मंत्री लार्स लोके रासमुसेन ने बैठक के बाद पत्रकारों से कहा कि हमारे विचार में समूह को अमेरिकी सुरक्षा चिंताओं को दूर करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। साथ ही डेनमार्क साम्राज्य की सीमा रेखाओं का भी सम्मान करना चाहिए।



लार्स लोके रासमुसेन, विवियन मोट्ज़फेल्ड

### गोल्डन डोम प्रोजेक्ट के लिए ग्रीनलैंड जरूरी

*अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फिर से ग्रीनलैंड को अमेरिका में शामिल करने की अपनी इच्छा दोहराई है। उन्होंने कहा कि कुछ न कुछ हल निकल आएगा। ट्रंप ने ग्रीनलैंड को गोल्डन डोम नामक बड़े रक्षा प्रोजेक्ट के लिए बहुत महत्वपूर्ण बताया है। गोल्डन डोम अमेरिका का मिसाइल रक्षा प्रोजेक्ट है। इसका मकसद चीन, रूस जैसे देशों से आने वाले खतरे से अमेरिका को बचाना है।*

***हम गुलाम नहीं होना चाहते:*** *बैठक के बाद ग्रीनलैंड की विदेश मंत्री विवियन मोट्जफेल्ड ने कहा कि उन्हें अमेरिका के साथ संबंधों को मजबूत करने की उम्मीद है। लेकिन ग्रीनलैंड पर अमेरिका का राज स्वीकार नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि अमेरिका के साथ अपने सहयोग को मजबूत करना हमारे लिए ठीक है।*

# 4 अंतरिक्ष यात्री स्पेस स्टेशन से सकुशल धरती पर लौटे

एजेंसी ▸▸ केप केनवरल

अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन (आईएसएस) के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है जब किसी मिशन को समय से पहले मेडिकल कारणों से समाप्त कर दिया गया। स्पेसएक्स के क्रू-11 मिशन के तहत स्पेस स्टेशन पर मौजूद 4 अंतरिक्ष यात्रियों को सुरक्षित पृथ्वी पर वापस लाया गया। नासा के माइक फिंके और ज़ीना कार्डमैन, जापान के किमिया यूई और रूसी कॉस्मोनॉट ओलेग प्लाटोनोव की धरती पर सुरक्षित वापसी हुई। स्पेसएक्स का ड्रैगन कैप्सूल चारों अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर 15 जनवरी को कैनिफोर्निया के तट के पास प्रशांत महासागर में उतरा। भारतीय समयानुसार दोपहर 2:11 बजे ड्रैगन कैप्सूल की लैंडिंग हुई। आईएसएस से ड्रैगन कैप्सूल के अनडॉकिंग से लेकर लैंडिंग तक के बीच में लगभग 10.5 घंटे का समय लगा। सुरक्षित लैंडिंग के बाद अंतरिक्ष यात्री प्रफुल्लित नजर आए। जीना कार्डमैन ने कहा कि घर वापस आकर बहुत अच्छा लग रहा है। हमें सुरक्षित ले जाने और वापस लाने वाली सभी टीमों के लिए दिल से धन्यवाद।

## भारतीय सैन्य शक्ति का प्रदर्शन



*जयपुर। 78वें सेना दिवस के अवसर पर राजस्थान की राजधानी जयपुर में गुरुवार को महल रोड पर सैन्य परेड का आयोजन किया गया। इस दौरान लेफ्टिनेंट रश्मि चौधरी स्मर्च मल्टी रॉकेट लॉन्चर सिस्टम के साथ।*

## भविष्य के लिए तैयार सेना के निर्माण के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है केंद्र

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय सेना दिवस के अवसर पर भारतीय सेना के वीर जवानों और उनके परिवारों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि पूरा राष्ट्र भारतीय सेना के अदम्य साहस, सर्वोच्च बलिदान और देश की संप्रभुता व अखंडता की रक्षा के प्रति उसकी अटूट प्रतिबद्धता को सलाम करता है। सरकार एक आधुनिक, आत्मनिर्भर और भविष्य के लिए तैयार सेना के निर्माण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। राजनाथ सिंह ने कहा कि भारतीय सेना सीमाओं पर हमेशा सतर्क रहती है और संकट के समय पूरी दृढ़ता के साथ डटी रहती है। सेना ने अपनी व्यावसायिकता, अनुशासन और मानवीय सेवा के माध्यम से वैश्विक स्तर पर सम्मान अर्जित किया है। सेना का अदम्य साहस, सर्वोच्च बलिदान और अटूट प्रतिबद्धता ही देश की संप्रभुता और अखंडता की सुरक्षा की मजबूत आधारशिला है। उन्होंने कहा कि एक कृतज्ञ राष्ट्र अपने सैनिकों के प्रति गर्व और सम्मान के भाव से एकजुट है।

**भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर बातचीत तेज, केंद्रीय वाणिज्य सचिव ने दिए संकेत**

बाजार पहुंच, सेवाओं का व्यापार और निवेश नियमों पर हो रही चर्चा

# टैरिफ के बावजूद सरकार को व्यापार समझौते की 'उम्मीद'

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दुनिया में जारी व्यापारिक तनाव के बीच भारत और अमेरिका एक व्यापक व्यापार समझौते की दिशा में अपने प्रयासों को तेज कर रहे हैं। केंद्रीय वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा हे कि दोनों देश सक्रिय रूप से व्यापार वार्ता कर रहे हैं और एक सकारात्मक नतीजे की उम्मीद है।

सरकार की ओर से यह ऐलान ऐसे समय पर किया गया है जब भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है।



वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने गुरुवार को साफ किया कि अमेरिका की ओर से लगाए गए ऊंचे टैरिफ के बावजूद, अमेरिका को होने वाले भारतीय निर्यात में सकारात्मक वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष व्यापार वार्ता में लगे हुए हैं और दोनों पक्षों को लगता है कि एक व्यापार समझौता संभव है।

## निर्यात आधारित रोजगार सृजित होंगे

भारत और अमेरिका के बीच यदि यह व्यापारिक समझौता धरातल पर उतरता है, तो इसका सीधा प्रभाव कई प्रमुख क्षेत्रों पर पड़ेगा। भारत के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए अमेरिकी बाजार के द्वार और अधिक सुगमता से खुलेंगे, जिससे निर्यात आधारित रोजगार सृजित होंगे। आईटी सेवा क्षेत्र और दवा निर्यात को इस समझौते से नई मजबूती मिलने की उम्मीद है।
यह समझौता व्यापारिक नियमों में स्पष्टता लाएगा, जिससे दोनों देशों के निवेशकों के बीच विश्वास बढ़ेगा।



AUTHORIZED NISSAN DEALERS: MADHYA PRADESH: JABALPUR: NEAR COMMERCIAL PETROL PUMP: PLATINUM NISSAN- 8291040124, BHOPAL: SOHUM NISSAN- 8291060887, CHHINDWARA: SHREE KRISHNA NISSAN- 8291046174, GWALIOR: SHIVPURI LINK ROAD: SUMEDHA NISSAN- 9619894841, INDORE: GEETA BHAWAN SQUARE: ANAND NISSAN- 8291045843, CHHATTISGARH: RAIPUR: OPPOSITE MAGNETO MALL: SHIVA NISSAN- 9167298723, BILASPUR: SHIVA NISSAN- 9167196314.

*Terms & conditions apply. The scheme/benefits mentioned are applicable on select vehicles/variants of MY'2025 which will be invoiced on or before 31st January 2026 or till stocks last. All prices ex-showroom Delhi. *Extra cash benefit up to ₹30 000 is valid till 22nd January 2026. Features may vary from variant to variant. Colours, models and variants are indicative and for depiction only and may vary due to printing constraints. Accessories shown may not be part of standard fitment. Please visit your nearest Nissan dealer for more information. Finance at sole discretion of NRFSI. *Segment refers to B-SUV models with Length <4m. *Standard warranty 3 year or 100k km whichever comes first and can be extended to 10 years 200K on additional cost. *Offer applicable on Nissan Magnite only and customer needs to provide certificate of deposit. *Government approved CNG Kit fully developed, manufactured & Quality assured by a 3rd Party. CNG kit warranty & any other related terms & conditions are applicable as specified by third party. *GNCAP rating for Nissan Magnite published in 2025 - 5 Star for Adult Safety and 3 Star for Child Safety rating from VIN: MDHFBADD0Z0037139. Detailed report available on website: www.globalncap.org/indiaresults. TBWA\40271225

NISSAN FINANCE

## खबर संक्षेप

### आरएम ड्रिप 12,000 टन क्षमता का संयंत्र लगाएगी

**नई दिल्ली।** आरएम ड्रिप एंड स्प्रिंकलर सिस्टम्स के निदेशक मंडल ने महाराष्ट्र के नासिक में 12,000 टन प्रति वर्ष की स्थापित क्षमता वाली एक नई विनिर्माण इकाई स्थापित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। कंपनी ब्रह्मानंद पाइप्स प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से नासिक जिले के सिन्नर में की जाएगी।

### बजाज मोबिलिटी एजी करेगी 500 कर्मचारियों की छंटनी

**नई दिल्ली।** बजाज मोबिलिटी एजी ने केटीएम एजी में लगभग 500 कर्मचारियों की छंटनी करने की घोषणा की। यह कंपनी के 'ग्लोबल राइटसाइजिंग'' कार्यक्रम का हिस्सा है। ऑस्ट्रिया की बजाज मोबिलिटी एजी (पहले पीआईईआरईआर मोबिलिटी एजी) केटीएम ग्रुप की होल्डिंग कंपनी है। यह यूरोप की जानी-मानी मोटरसाइकिल बनाने वाली कंपनियों में से एक है।

### नवी मुंबई हवाई अड्डे से एक लाख ने की यात्रा




**मुंबई।** अदाणी समूह समर्थित नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे ने वाणिज्यिक उड़ान संचालन शुरू होने के 19 दिन के भीतर एक लाख से अधिक यात्रियों को सेवाएं दी। नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड (एनएमआईए) के अनुसार, 12 जनवरी तक हवाई अड्डे ने कुल 1,09,917 यात्रियों को संभाला।

### बायोकॉन ने क्यूआईपी के जरिए जुटाए 4,150 करोड़

**नई दिल्ली।** जैव-प्रौद्योगिकी कंपनी बायोकॉन ने पात्र संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) प्रक्रिया के जरिये 4,150 करोड़ रुपये जुटाए हैं। बेंगलुरु स्थित कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि इस पहल के तहत पात्र संस्थागत खरीदारों को पांच रुपये अंकित मूल्य के 1,12,664,585 शेयर 368.35 रुपये प्रति शेयर के निर्गम मूल्य पर जारी किए गए।

### फ्लिपकार्ट ने ड्यूक को किया सीईसीओ नियुक्त

**नई दिल्ली।** वॉलमार्ट के स्वामित्व वाली फ्लिपकार्ट ने जेन ड्यूक को मुख्य नैतिकता एवं अनुपालन अधिकारी (सीईसीओ) नियुक्त करने की बृहस्पतिवार को जानकारी दी। ड्यूक, वॉलमार्ट इंटरनेशनल की मुख्य नैतिकता एवं अनुपालन अधिकारी क्रिस साइरेन के अधीन और फ्लिपकार्ट ग्रुप के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) कल्याण कृष्णमूर्ति के साथ मिलकर काम करेंगी।जेन ड्यूक को प्रवर्तन और कॉर्पोरेट अनुपालन के क्षेत्र में लगभग तीन दशकों का अनुभव है। टायसन फूड्स में उन्होंने मुख्य अनुपालन अधिकारी, उपाध्यक्ष और एसोसिएट जनरल काउंसल के रूप में काम किया। इससे पहले उन्होंने अर्कांसस के पूर्वी जिले के लिए अमेरिकी अटॉर्नी कार्यालय में 10 से अधिक वर्ष तक सेवा दी।

### मुंबई निकाय चुनाव के कारण बाजार रहा बंद

**मुंबई।** मुंबई में बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) चुनाव के अवकाश के मद्देनजर बृहस्पतिवार को भारतीय शेयर, मुद्रा और जिंस बाजार बंद में कोई कारोबार नहीं हुआ। बाजार में रोज की तरह शुक्रवार से कामकाज शुरू होगा।

# सड़क पर गाड़ियां आपस में करेंगी बात, एक्सीडेंट से पहले ड्राइवर को करेंगी अलर्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत में सड़क हादसों की संख्या काफी ज्यादा है। इन्हें कम करने के लिए सरकार एक नई और खास टेक्नोलॉजी लाने की तैयारी कर रही है, जिसका नाम व्हीकल-टू-व्हीकल यानी वी2वी टेक्नोलॉजी है।

- नई टेक्नोलॉजी व्हीकल-टू व्हीकल लाने की तैयारी में

इस टेक्नोलॉजी में गाड़ियां एक-दूसरे से सीधे बात कर सकेंगी। इसके लिए न इंटरनेट की जरूरत होगी और न ही मोबाइल नेटवर्क की। सरकार का मकसद है कि ड्राइवर को खतरे की जानकारी पहले ही मिल जाए, ताकि वह समय रहते सावधानी बरत सके और हादसे से बचा जा सके।

## सरकार ला रही ये गजब की तकनीक

### वी2वी सिस्टम कैसे काम करेगा?

*दरअसल, वी2वी टेक्नोलॉजी के तहत हर गाड़ी में एक छोटा सा डिवाइस लगाया जाएगा, जो दिखने में सिम कार्ड जैसा होगा। यह डिवाइस आसपास चल रही या सड़क किनारे खड़ी दूसरी गाड़ियों से लगातार सिग्नल भेजेगा और लेगा। जैसे ही दो गाड़ियां बहुत पास आती हैं या टकराने का खतरा होता है, सिस्टम तुरंत ड्राइवर को अलर्ट कर देगा। इससे ड्राइवर को पहले ही पता चल जाएगा कि आगे खतरा है और वह ब्रेक लगा सकता है।*



### हादसे रोकने में मददगार होगी टेक्नोलॉजी

ये टेक्नोलॉजी खास तौर पर उन हालात में बहुत फायदेमंद होगी, जहां अक्सर गंभीर हादसे होते हैं। जैसे सड़क किनारे खड़े वाहनों से पीछे से टकराने की घटनाएं कम होंगी। कोहरे के समय, जब सामने की गाड़ी दिखाई नहीं देती, तब भी ड्राइवर को अलर्ट मिलेगा। तेज रफ्तार ट्रैफिक में अचानक ब्रेक लगने या दूरी कम होने पर भी यह सिस्टम समय रहते चेतावनी देगा, जिससे एक्सीडेंट टल सकता है।

सरकार का टारगेट 2030 तक सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को 50 प्रतिशत तक कम करना है।

### नितिन गडकरी ने क्या कहा?

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने बताया कि सरकार इस टेक्नोलॉजी को जल्द लागू करना चाहती है। उन्होंने कहा कि कोहरा और सड़क पर खड़े वाहन कई बड़े हादसों की वजह बनते हैं। वी2वी टेक्नोलॉजी ऐसे मामलों में ड्राइवर को पहले ही सावधान कर देगी। साथ ही बसों में भी नए सेफ्टी फीचर्स जोड़े जाएंगे, जिससे यात्रियों की सुरक्षा और मजबूत होगी।

*2026 के अंत तक लागू होगी वी2वी टेक्नोलॉजी : परिवहन मंत्रालय के अनुसार यह टेक्नोलॉजी 2026 के अंत तक शुरू की जा सकती है। पहले इसे नई गाड़ियों में लगाया जाएगा और बाद में धीरे-धीरे बाकी वाहनों में भी लागू किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट पर सरकार करीब 5,000 करोड़ रुपए खर्च करेगी। हालांकि, गाड़ियों में लगने वाली ऑन-बोर्ड यूनिट (ओबीयू) की कीमत 5,000 से 7,000 रुपए के बीच होने का अनुमान है।*

### 2016 से विशिष्ट दर के बजाय 20 प्रतिशत शुल्क में बदला गया

# कच्चे तेल पर लागू ओआईडी उपकर को बजट में हटाया जाए: पेट्रोलियम उद्योग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

तेल एवं गैस उद्योग ने वित्त वर्ष 2026-27 के आम बजट में कच्चे तेल पर लगने वाले 'तेल उद्योग विकास' (ओआईडी) उपकर को समाप्त करने या इसकी समीक्षा करने की मांग करते हुए कहा है कि इसका घरेलू उत्पादन और परियोजनाओं की व्यवहार्यता पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है।

भारतीय पेट्रोलियम उद्योग महासंघ (एफआईपीआई) ने वित्त मंत्रालय को बजट के बारे में भेजे गए अपने सुझाव में कहा है कि ओआईडी उपकर अब पेट्रोलियम उद्योग के लिए अत्यधिक बोझ बन गया है। उसने कहा कि ऐतिहासिक रूप से यह उपकर कच्चे तेल की कीमत का केवल 8-10 प्रतिशत रहा है।

### कीमतों में तेज गिरावट के कारण लगाया गया

तेल उद्योग (विकास) अधिनियम, 1974 के तहत लगाए जाने वाले ओआईडी उपकर को वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में तेज गिरावट के बाद एक मार्च, 2016 से विशिष्ट दर के बजाय 20 प्रतिशत मूल्य-आधारित शुल्क में बदल दिया गया था।

## घरेलू उत्पादन व व्यवहार्यता पर प्रतिकूल असर पड़ रहा

**तेल उद्योग विकास (ओआईडी) को समाप्त करने की मांग**



**उपकर कच्चे तेल की कीमत का केवल 8-10 प्रतिशत रहा**

### उपकर केवल घरेलू कच्चे तेल पर

संगठन ने यह भी कहा कि ओआईडी उपकर केवल घरेलू कच्चे तेल पर लगने से स्थानीय उत्पादक आयातित तेल की तुलना में नुकसान में रहते हैं और यह 'मेक इन इंडिया' तथा 'आत्मनिर्भर भारत' के उद्देश्यों के विपरीत है। उद्योग निकाय ने इस उपकर को पूरी तरह खत्म करने की जगह कच्चे तेल की कीमत से जुड़ा चरणबद्ध उपकर लागू करने का सुझाव दिया है।

### 25 डॉलर प्रति बैरल तक शून्य उपकर

*इसके तहत 25 डॉलर प्रति बैरल तक शून्य उपकर, 25-50 डॉलर पर पांच प्रतिशत, 50-70 डॉलर पर 10 प्रतिशत और 70 डॉलर से ऊपर 20 प्रतिशत उपकर लगाने का प्रस्ताव है। इसके अलावा, एफआईपीआई ने घरेलू कच्चे तेल पर लगने वाले 'राष्ट्रीय आपदा आकस्मिक शुल्क' (एनसीसीडी) और 'बुनियादी उत्पाद शुल्क' को भी हटाने की मांग की है। संगठन का कहना है कि इन करों को हटाने से नियामकीय बोझ कम होगा और कारोबारी सुगमता को बढ़ावा मिलेगा।*

### अधिक निवेश की जरूरत

*यह उपकर केवल उन्हीं तेल ब्लॉक पर लागू होता है जिनमें खोज एवं उत्पादन का अधिकार सरकार पहले ही नामित कंपनियों को दे चुकी थी या जो 1997 से पहले की पुरानी लाइसेंसिंग नीति (प्री-एनईएलपी) के तहत आए हैं। एफआईपीआई ने कहा कि असल में ये ब्लॉक अधिकांशतः पुराने और उत्पादन में गिरावट की स्थिति वाले हैं लिहाजा इनमें उत्पादन बनाए रखने के लिए अधिक निवेश की जरूरत होती है।*

### ब्लॉकों पर यह उपकर लागू नहीं

*इसके उलट, नवीन खोज लाइसेंस नीति (एनईएलपी), मुक्त क्षेत्र लाइसेंस नीति (ओएएलपी) और खोजे गए छोटे क्षेत्र (डीएसएफ) ब्लॉकों पर यह उपकर लागू नहीं है। उद्योग निकाय ने कहा है कि मुंबई हाई और बेसिन जैसे ओएनजीसी के बड़े क्षेत्र नामित ब्लॉक हैं, जबकि वेदांता केयर्न का राजस्थान क्षेत्र एनईएलपी-पूर्व ब्लॉक है।*

# सोर्स कोड साझा करने सरकार से नहीं मिला कोई निर्देश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने किसी भी मोबाइल फोन विनिर्माता को अनिवार्यतः अपना सोर्स कोड साझा करने के लिए नहीं कहा है। आईटी हार्डवेयर विनिर्माताओं के संगठन एमएआईटी ने यह बात कही।

''सोर्स कोड'' मूल कंप्यूटर भाषा में लिखित निर्देश होता है जिसकी मदद से किसी सॉफ्टवेयर, मोबाइल ऐप या इलेक्ट्रॉनिक उपकरण को यह बताया जाता है कि उसे क्या करना है और कैसे काम करना है। इस कोड के ही आधार पर मोबाइल फोन चलना, ऐप खुलना, भुगतान या डेटा सुरक्षा संभव होता है। हाल ही में ऐसी चर्चा सामने आई थी कि विनिर्माताओं को सुरक्षा जांच के लिए अपना सोर्स कोड परीक्षण प्रयोगशाला के साथ साझा करना पड़ सकता है। सूचना प्रौद्योगिकी विनिर्माण संघ (एमएआईटी) ने कहा, /"सरकार के 18 जून, 2025 को जारी कार्यालय ज्ञापन में यह बात साफ तौर पर कही गई है ।



- आईटी हार्डवेयर निर्माताओं के संगठन एमएआईटी ने कहा
- मोबाइल फोन विनिर्माताओं को सोर्स कोड साझे करने नहीं कहा गया


**कार्यालय नगर पालिका परिषद कुम्हारी, जिला-दुर्ग (छ.ग.)**

क्र./27/लो.क.वि./न.पा./ 2026 कुम्हारी, दिनांक 15/01/2026

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| सिस्टम टेण्डर नंबर | कार्य का विवरण | अनु. ला. (लाख में) | निविदा डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 183885 | नगर पालिका परिषद कुम्हारी में स्वच्छता विभाग हेतु उच्चकुशल, कुशल एवं अकुशल 81 श्रमिक आपूर्ति कार्य। | 127.71 | 06/02/2026 |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है ।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, कुम्हारी


# दिसंबर महीने में देश का निर्यात 1.87 फीसदी बढ़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच देश का निर्यात दिसंबर 2025 में 1.87 प्रतिशत बढ़कर 38.5 अरब डॉलर हो गया लेकिन आयात में तेज वृद्धि के कारण व्यापार घाटा मामूली रूप से बढ़कर 25 अरब डॉलर हो गया। बृहस्पतिवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

दिसंबर महीने में देश का आयात 8.7 प्रतिशत बढ़कर 63.55 अरब डॉलर रहा। इसके साथ ही आयात और निर्यात का अंतर यानी व्यापार घाटा मामूली रूप से बढ़कर 25.04 अरब डॉलर हो गया। यह नवंबर 2025 में 24.53 अरब डॉलर जबकि दिसंबर 2024 में 22 अरब डॉलर था। इसके साथ ही चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-दिसंबर अवधि में देश का कुल वस्तु निर्यात 2.44 प्रतिशत बढ़कर 330.29 अरब डॉलर हो गया। इस दौरान कुल आयात 5.9 प्रतिशत बढ़कर 578.61 अरब डॉलर हो गया।



- व्यापार घाटे में मामूली बढ़ोतरी
- व्यापार घाटा बढ़कर 25 अरब डॉलर हुआ

### इंजीनियरिंग उत्पाद का निर्यात जारी रहा

*पिछले महीने निर्यात में तेजी की अगुवाई इंजीनियरिंग उत्पाद, इलेक्ट्रॉनिक्स, समुद्री उत्पाद और दवा जैसे क्षेत्रों ने की। इसके साथ अमेरिका, चीन और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को भारत का निर्यात स्थिर गति से बढ़ रहा है।*

# बेरोजगारी दर दिसंबर में 4.8% पर पहुंची, शहरी क्षेत्रों में बढ़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश में 15 वर्ष और उससे अधिक उम्र के लोगों के बीच बेरोजगारी दर दिसंबर महीने में मामूली रूप से बढ़कर 4.8 प्रतिशत पर पहुंच गई, जबकि नवंबर में यह 4.7 प्रतिशत थी। बृहस्पतिवार को सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय की तरफ से जारी 'आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण' (पीएलएफएस) रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले महीने ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी दर 3.9 प्रतिशत पर स्थिर रही जबकि शहरी क्षेत्रों में यह 6.5 प्रतिशत से बढ़कर 6.7 प्रतिशत हो गई।


**कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर (म.प्र.)**

N.I.TT NO/PWD/08/PRO/NO. 761 // निवदा सूचना // DATED- 15/01/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन-लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है ।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | 2025_UAD_475587_1 दिनांक 20/01/2026 | शीतलामाई वार्ड अंतर्गत ललित राजपूत के घर से नाले तक रोड का निर्माण कार्य। (अन्य मद ) | 04 माह<br>3.61 लाख | 2000/-<br>3610/- | 03/02/2026 |
| 2. | 2025_UAD_475587_2 दिनांक 28/01/2026 | शीतलामाई वार्ड अंतर्गत राम श्रीवास्तव के घर के पास से अर्चना चौहान एडवोकेट के घर तक रोड निर्माण कार्य। (अन्य मद) | 04 माह<br>4.06 लाख | 2000/-<br>4069/- | 03/02/2026 |

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑन-लाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

संभागीय यंत्री/ कार्यपालन यंत्री (लोककर्म)
नगर पालिक निगम, जबलपुर


# लार्सन एंड टुब्रो के तिमाही लाभ में छह फीसदी की गिरावट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लार्सन एंड टुब्रो (एल एंड टी) टेक्नोलॉजी सर्विसेज का एकीकृत शुद्ध मुनाफा चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 6.14 प्रतिशत घटकर 302.6 करोड़ रुपये रहा। यह नए श्रम संहिता को लागू करने से जुड़े 35.4 करोड़ रुपये के प्रावधान की वजह से हुआ।

कंपनी ने गुरुवार को बयान में कहा कि इससे पूर्व वित्त वर्ष 2024-25 की इसी तिमाही में कंपनी ने 322.4 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा (कंपनी के इक्विटी शेयरधारकों के कारण) कमाया था। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, ''समूह ने 31 दिसंबर, 2025 को समाप्त तिमाही और नौ महीनों के मुनाफा और हानि के एकीकृत विवरण में अपवादस्वरूप सामग्री के तौर पर 35.4 करोड़ रुपये के अनुमानित प्रभाव का आकलन कर उसका प्रावधान किया है।''

कंपनी ने कहा, ''सरकार द्वारा नए श्रम संहिता से जुड़े नियमों की अधिसूचना और नए श्रम संहिता के दूसरे पहलुओं पर सरकार से कोई और स्पष्टीकरण मिलने पर, समूह बाद की अवधि में अतिरिक्त प्रभाव, अगर कोई हो, का आकलन और लेखा-जोखा करेगी।''




- तीसरी तिमाही लाभ घटकर 302 करोड़ रुपए पर
- नए श्रम संहिता लागू होने से लाभ में आई गिरावट

### परिचालन राजस्व में हुई वृद्धि

वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही में परिचालन राजस्व 10.19 प्रतिशत बढ़कर 2,923.5 करोड़ रुपये हो गया जो एक साल पहले इसी तिमाही में 2,653 करोड़ रुपये थी। तिमाही आधार पर, मुनाफा और राजस्व में क्रमशः 7.9 प्रतिशत और 1.8 प्रतिशत की गिरावट आई।

# दोपहिया हादसों में 2019-23 के दौरान 3.3 लाख से अधिक लोगों की मौत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश में 2019-2023 के दौरान हुए विभिन्न सड़क हादसों में हुई कुल 7.78 लाख लोगों की मौत हुई। इनमें से लगभग 3.35 लाख लोगों की मौत दोपहिया वाहनों से जुड़ी थीं। केंद्र सरकार द्वारा जारी आंकड़ों में यह बात सामने आई। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्गमंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि केंद्र सरकार सड़कों को सुरक्षित बनाने के लिए काम कर रही है। भारत के शहरों और गांवों की जीवन रेखा माने जाने वाले दोपहिया वाहनों की बढ़ती संख्या के साथ ही, इनसे जुड़ी दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों का उच्च आंकड़ा वाहन चालकों और यात्रियों के लिए बड़ा संकट बन गया है।


**पश्चिम मध्य रेल**

यॉत्रिक शाखा ओपन टेंडर
सिंगल पैकेट सिस्टम
टेन्डर नोटिस संख्या जबल. यॉत्रिक-टेन्डर-01-2026 दिनांक 13/01/2026

निम्नलिखित कार्य के लिये ई-निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (कोचिंग), मंडल रेल प्रबंधक (यॉत्रिक), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है।, **निविदा सूचना क्रमांक**- JBP-M-Tender -01-2026 dated 13/01/2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहित** - सिक लाइन कोचिंग डिपो, रीवा में सुविधाओं (प्लंबिंग और बढ़ईगीरी), बफर, स्क्रू कपलिंग की सफाई, वारंटी क्लेम के रूप में कंप्यूटर कार्य, सीएमएम फीडिंग, पत्र लेखन, सामग्री हैंडलिंग (गैर-सुरक्षा वस्तुएं) आदि के कार्यों के लिए मानवशक्ति का आउटसोर्सिंग।, **कार्य का अनुमानित मूल्य रूपये में**- रू.4584823.40/-, **बयाना राशी रूपये में**-रू.91700.00/-, **समापन अवधि**- 365 दिन, **निविदा भरने की अंतिम तिथि एवं समय**- 04/02/2026 upto 11:00 Hrs., निविदा **खुलने की तिथि एवं समय**- 04/02/2026 upto 11:30 Hrs., उपरोक्त ई-निविदा की संपूर्ण जानकारी वेब साईट **"https://ireps.gov.in"** पर उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (यॉत्रिक) कार्यालय, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई है। ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिये कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी।

(हस्ता.)
कृते मंडल रेल प्रबंधक(यॉत्रिक)
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर



**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**एयर कंप्रेसर की मरम्मत, इंस्टॉलेशन, सर्विसिंग और री-कमीशनिंग हेतु ई-निविदा सूचना**

मुख्य कार्यशाला प्रबंधक, MIB-WS, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है:

**निविदा सूचना सं.:** MIBW-2025-19-06-03-5 दिनांक: 06.01.2026

**कार्य का विवरण:** मोतीबाग वर्कशॉप, नागपुर में एयर कंप्रेसर (ऑयल-इंजेक्टेड रोटरी स्क्रू इलेक्ट्रिक ड्रिवन, 300 CFM/10Kg/cm2, मॉडल - GA-55, मेक - एटलस कॉपको) की मरम्मत, स्थापना, सर्विसिंग, री-कमीशनिंग व 03 (तीन) साल की CAMC सहित।

**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 19,31,905/- (रुपए उन्नीस लाख इकतीस हज़ार नौ सौ पाँच मात्र), सभी करों सहित,

**बयाना राशि:** ₹ 38,600/- (रुपए अड़तीस हज़ार छह सौ मात्र)

**अनुबंध की अवधि:** 44 (चौवालीस) महीने,

**निविदा प्रपत्र मूल्य:** ₹ 0 (शून्य)।

**निविदा जमा करना:** बोलीदाता अपनी मूल / संशोधित बोलियां दिनांक **28.01.2026** के **11:00** बजे तक जमा कर सकेंगे।

इन निविदाओं के तहत मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है। प्राप्त सभी मैनुअल प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया जाएगा।

विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

सहा. कार्यशाला प्रबंधक,
मोतीबाग कार्यशाला,
AIM/59-267 दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर



**हिन्दुजा हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड**

HINDUJA HOUSING FINANCE

कार्पोरेट कार्यालय: 167-169, द्वितीय तल, लिटिल माउंट मेट्रो स्टेशन, साईपेठ, चेन्नई- 600015
रीजनल ब्रांच ऑफिस: 101-बी, प्रथम तल एनआर के विजिनेस पार्क विजय नगर, इंदौर (म.प्र.) 452010
Email - auction@hindujahousingfinance.com

**सरफेसी अधिनियम 2002 की सेक्शन 13(2) के तहत डिमांड नोटिस**

सिक्योरिटी इंटरेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम, 2002 के नियन 3(1) उक्त नियम के सहपठित सेक्शन 13(2) ऑफ सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेट एंड इंफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 (उक्त एक्ट) के तहत उक्त नियमों के नियम 3 के सहपठित उक्त एक्ट की सेक्शन 13(2) के तहत अधिकारियों के पालन में एचएचएफएल के प्रा.अधिकारी ने उक्त एक्ट की सेक्शन 13(2) के तहत डिमांड नोटिस जारी की थी जिसमें देनदारियों / गारंटरों को उक्त से संबंधित उन्हें जारी नोटिस में कथित राशि चुकाने को कहा था, देनदारों व गारंटरों को पुन: देनदारों व गारंटरों को इस नोटिस तिथि से 60 दिनों से निम्न राशि चुकाने को कहा जाता है, देनदार व गारंटर, देय राशि व लोन राशि के भुगतान हेतु प्रस्तुत सिक्योरिटी राशि के विवरण निम्न है -

| उधारकर्ता का नाम | मांग सूचना दिनांक राशि | संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| MP/JBR/JBLP/A000000851<br>श्री आशुतोष विश्वकर्मा<br>श्रीमती पुष्पा विश्वकर्मा<br>श्री हेमन्त विश्वकर्मा<br>श्री अमृता विश्वकर्मा | 09/01/2026<br>Rs. 1997205/- | मौजा पूर्वा एन.बी 162 पी.एच. नंबर 28/32 न्यू 7 आर.एन.एम जबलपुर-1 तहसील गोरखपुर और जिला जबलपुर पिन 482001 कुल क्षेत्रफल- 1500 वर्ग फुट सीमाएँ इस प्रकार हैं - पूर्व में जगदीश ठाकुर की संपत्ति, पश्चिम में मुलचंद का प्लॉट, उत्तर में सड़क, दक्षिण में जगदीश ठाकुर की संपत्ति |
| MP/JBR/CDWR/A000000255<br>श्री इंद्रजीत कुमेरिया<br>श्रीमती शुभांगी कुमेरिया | 09/01/2026<br>Rs. 14,92,943/- | मौजा काबर पिपला बी.एन. 34 पी.एच.एन. 58, रा.न.म सौसर खसरा नंबर 251/37 म से सौसर छिंदवाड़ा म.प्र. 480106, सौसर, छिंदवाड़ा, अर्धनगरीय छिंदवाड़ा, मध्य प्रदेश, भारत - 480108 कुल क्षेत्रफल - 2000 वर्ग। फीट की सीमा - पूर्व - कच्ची सड़क, पश्चिम - दिवाकर पारडे का प्लॉट, उत्तर - 10 फीट कच्ची सड़क, दक्षिण - तारा चंद जोशी का प्लॉट |
| MP/JBR/CDWR/A000000058<br>श्री मोहन डेहरिया<br>श्रीमती शीला डेहरिया | 09/01/2026<br>Rs. 22,16,679/- | मौजा पातालेश्वर वार्ड क्रमांक 20, क्षेत्र क्रमांक 02 त्रिलोकी नगर बी.नं. 177 पी.एच.एन. 221/19, आरएनएम छिंदवाड़ा 01 म.प्र. 480001 KH.NO 1335/52, पातालेश्वर, पातालेश्वर, शहरी, तहसील और जिला। छिंदवाड़ा, मध्य प्रदेश, भारत - 480001 कुल क्षेत्रफल - 1350 वर्ग फीट परिसीमा - पूर्व - जानकी बाई का प्लॉट, पश्चिम - शेष विक्रेता प्लॉट, उत्तर - मेहताब खुश्बा का प्लॉट, दक्षिण - कच्ची सड़क |
| MP/JBR/JBLP/A000000713<br>श्री राम कुमार केवट<br>श्री श्यामलाल केवट<br>सुश्री सुनीता बाई केवट | 09/01/2026<br>Rs. 982474/- | ग्राम वार्ड संख्या 09, शेषवर्ड, सीरियल नंबर 347, तहसील तेंदूखेड़ा, जिला दमोह, मध्य प्रदेश 470880, कुल क्षेत्रफल - 1560 वर्ग फुट। सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्व में सड़क, पश्चिम में मनीष केवट का घर, उत्तर में छोटे भाई केवट का घर, दक्षिण में जीवन ठाकुर का घर। |
| MP/JBR/GDWR/A000000165<br>श्री शैलेन्द्र सिंह पटेल<br>श्रीमती सुषमा बाई पटेल | 09/01/2026<br>Rs. 33,82,664/- | नज़ूल शीट संख्या 14, प्लॉट संख्या 4/1, मौजा - कंदेली मुसरान, वार्ड, नरसिंहपुर, एनबी 36, पटवारी हल्का 17, आरसी, नरसिंहपुर, तहसील और जिला, नरसिंहपुर, मध्य प्रदेश में स्थित संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा। कुल क्षेत्रफल 1250 वर्ग फुट। सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्व में सतपाल का प्लॉट, पश्चिम में सड़क, उत्तर में रघुराज सिंह का प्लॉट, दक्षिण में डबल घोड़ा बीड़ी वाले का प्लॉट। |
| MP/JBR/JBLP/A000000800<br>श्री विकास विश्वकर्मा<br>श्रीमती फूल बाई विश्वकर्मा | 09/01/2026<br>Rs. 7,26,045/- | परिवत लेआउट के प्लॉट नंबर 107-ए का वह पूरा टुकड़ा, जो खसरा नंबर 160/2 मौजा उड़िया एस नंबर 497 पीसी नंबर 79 रेव सर्कल माधोताल तहसील आदरताल वार्ड नंबर 72 जिला जबलपुर का हिस्सा है। कुल क्षेत्रफल- 1350 वर्ग फुट सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्व में पड़ोसी किसान की भूमि, पश्चिम में सड़क, उत्तर में प्लॉट नंबर 107-ए का हिस्सा, दक्षिण में प्लॉट नंबर 107 |
| MP/JBR/REWA/A000000660<br>श्री सुनील कुमार द्विवेदी<br>श्रीमती कल्पना द्विवेदी के कानूनी वारिस<br>आलोक द्विवेदी | 08/01/2026<br>Rs. 38,98,355/- | खसरा क्रमांक 575/6/3, मौजा समन, वार्ड क्रमांक 15, तहसील हुज़ूर नगर, रीवा, मध्य प्रदेश-486001 में स्थित है। कुल क्षेत्रफल - 2444 वर्ग फुट। सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्व में अनिल कुमार द्विवेदी का मकान, पश्चिम में सड़क, उत्तर में कमल चतुर्वेदी का मकान, दक्षिण में सड़क। |

यदि उक्त देनदार / गारंटर उक्त भुगतान एचएचएफएल को नहीं करते हैं, एचएचएफएल उक्त एक्ट की सेक्शन 13(4) व लागू नियमों के तहत पूरी तरह से देनदार / गारंटर के जोखिम, लागत व परिणामों के तहत सिक्योर्ड एसेट के खिलाफ कार्यवाही कर सकते है, विवरण हेतु संपर्क प्रा. अधिकारी संबंधित शाखा ऑफिस हिंदुजा हाऊसिंग फायनेंस लिमिटेड, 101-बी, प्रथम तल एन आर के बिजिनेस पार्क विजय नगर, इंदौर (म.प्र.) 452010 एवं मोबाईल नं. Vaibhav Shrivastava - 7987969803, Syed Shoaib (ARM) - 8770818029, Gourav Naik - 75877 48188, Divyank Shrivastava - 831 822 5992

दिनांक - 16/01/2026 प्राधिकृत अधिकारी, हिन्दूजा हाऊसिंग, फायनेंस लिमिटेड

## खबर संक्षेप



### स्टीफंस ने किया ऑस्ट्रेलियाई ओपन के लिए क्वालीफाई

**मेलबर्न।** स्लोएन स्टीफंस ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन के लिए क्वालीफाई कर लिया है जो एक साल पहले मेलबर्न पार्क में शीर्ष रैंक वाली एरिना सबालेंका से पहले दौर में हारने के बाद उनका पहला ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट है। अमेरिकी ओपन 2017 चैंपियन स्लोएन ने बाएं पैर की चोट से उबरने के बाद सत्र की पहली ग्रैंडस्लैम प्रतियोगिता के क्वालीफाइंग दौर में 1,097वीं रैंकिंग के साथ प्रवेश किया था। उन्होंने मेलबर्न पार्क में क्वालीफाइंग में लगातार तीन जीत हासिल की और बृहस्पतिवार को तीसरे दौर में इटली की लूसिया ब्रोंजेटी को 6-1, 7-5 से हराकर मुख्य ड्रॉ में जगह पक्की की। इस 32 साल की अमेरिकी खिलाड़ी ने करियर की सर्वश्रेष्ठ तीसरी रैंकिंग हासिल की थी।

### अभी सारा ध्यान न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला परः डोएशे

**राजकोट।** भारत के सहायक कोच रेयान टेन डोएशे का कहना है कि अगले महीने होने वाला टी20 विश्व कप अभी 'काफी दूर' है और टीम का ध्यान फिलहाल न्यूजीलैंड के खिलाफ चल रही एकदिवसीय



श्रृंखला पर है जो मेहमान टीम के यहां दूसरा मैच जीतने के बाद 1-1 से बराबर है। गत चैंपियन भारत सात फरवरी से शुरू होने वाले 20 टीम के टी20 विश्व कप की सह मेजबानी करेगा। वे न्यूजीलैंड के साथ एक कड़ी एकदिवसीय श्रृंखला खेल रहे हैं जिसका निर्णायक मैच रविवार को इंदौर में होना है। डोएशे ने उन खिलाड़ियों को 'सुरक्षित' रखने की जरूरत पर जोर दिया जो टी20 विश्व कप टीम का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा, ''आप उन खिलाड़ियों को बचाना चाहते हैं जो टी20 विश्व कप में खेलने वाले हैं और हम इसके बारे में सोच रहे हैं।'' भारतीय टीम के कई खिलाड़ी चोटिल हैं। टी20 विश्व कप टीम में शामिल तिलक वर्मा, ऋषभ पंत और वाशिंगटन सुंदर चोटिल हैं।

### ग्रैंड टूर रोड रेस साइकिलिंग 19 से, धोनी होंगे दूत



**पुणे।** भारत के पूर्व क्रिकेट कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को बजाज पुणे ग्रैंड टूर का दूत बनाया गया जो देश में पहली बार होने वाली यूसीआई 2.2 वर्ग की 'मल्टी-स्टेज' रोड रेस साइकिलिंग प्रतियोगिता है। यह प्रतियोगिता 19 से 23 जनवरी तक यहां आयोजित की जाएगी जिसमें 35 देशों की 29 टीम के 171 राइडर हिस्सा ले रहे हैं। पुरुषों के लिए पांच दिन की 'कॉन्टिनेंटल रोड साइकिलिंग रेस' दक्कन पठार और सह्याद्री रेंज में 437 किमी के रास्ते से गुजरेगी जिसमें नुकीले मोड़ और चुनौतीपूर्ण चढ़ाई होगी। धोनी को इस प्रतियोगिता का दूत बनाया गया है।

## पहले वनडे में गेंदबाजी के दौरान लगी थी चोट

# न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज से बाहर हुए वाशिंगटन, विश्व कप में खेलना मुश्किल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ जारी वनडे सीरीज के दौरान चोटिल हुए वाशिंगटन सुंदर अब टी-20 सीरीज से भी बाहर हो गए हैं। भारतीय ऑलराउंडर को बाएं निचले पसली हिस्से में साइड स्ट्रेन की समस्या हुई है। यह चोट उन्हें पहले वनडे में गेंदबाजी के दौरान लगी थी, जिसके बाद उन्हें वनडे सीरीज से भी बाहर कर दिया गया। अब 5 मैचों की टी-20 सीरीज में भी सुंदर टीम का हिस्सा नहीं होंगे।

### बीसीसीआई अधिकारी ने दी जानकारी

मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, सुंदर 21 जनवरी से शुरू हो रही टी-20 सीरीज तक फिट नहीं हो सकते हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के एक अधिकारी ने पुष्टि की है कि साइड स्ट्रेन के चलते उनको न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज से बाहर कर दिया गया है। वनडे सीरीज के लिए आयुष बडोनी सुंदर की जगह टीम में आए हैं। सुंदर की चोट ने टी-20 विश्व कप में उनकी उपलब्धता पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

## नीरज ट्रेनिंग के लिए पोटचेफस्ट्रम रवाना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दो बार के ओलंपिक पदक विजेता भारतीय भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा ने अपने चुने हुए स्थल दक्षिण अफ्रीका के पोटचेफस्ट्रूम में सत्र पूर्व ट्रेनिंग शुरू कर दी है। खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल ने नए कोच जय चौधरी के साथ उनके 32 दिवसीय शिविर को मंजूरी दे दी है। नीरज ने पिछले हफ्ते चेक गणराज्य के दिग्गज जान जेलेजनी से कोच के तौर पर अलग होने का फैसला किया और चौधरी के साथ जुड़ने का फैसला किया जो उनके शुरुआती कोच थे। ज्ञात हो कि कोर समूह के खिलाड़ियों की संख्या अभी 118 है जिसमें 57 सामान्य और 61 पैरा खिलाड़ी शामिल हैं।




### पांच फरवरी तक रहेंगे ट्रेनिंग स्थल पर

भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के एक सूत्र ने बताया कि यह 28 वर्षीय खिलाड़ी पांच फरवरी तक पोटचेफस्ट्रूम में रहेगा जो दुनिया भर के भाला फेंक के खिलाड़ियों के लिए एक प्रमुख ट्रेनिंग स्थल है और उनके लिए कुल स्वीकृत सहायता राशि 11 लाख 80 हजार रुपये है। ट्रेनिंग शिविर में नीरज की सहयोगी टीम में लंबे समय से उनके फिजियोथेरेपिस्ट इशान मारवाहा भी शामिल हैं।

डब्ल्यूपीएल

# एक ओवर में डिएंड्रा, स्नेह और दीप्ति ने लुटाए सर्वाधिक रन






एजेंसी ▶▶| मुंबई

विमेंस प्रीमियर लीग 2026 के 5वें मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने यूपी वारियर्स को 9 विकेट से हरा दिया। यूपीडब्ल्यू से मिले 144 रन के लक्ष्य को आरसीबी ने 12.1 ओवर में ही हासिल कर लिया। मैच में यूपी वारियर्स की गेंदबाज डिएंड्रा डॉटिन ने अपने एक ओवर में 32 रन लुटाए। यह डब्ल्यूपीएल इतिहास का संयुक्त रूप से सबसे महंगा ओवर बन गया। आइए डब्ल्यूपीएल इतिहास के सबसे महंगे ओवरों पर नजर डालते हैं।

### डिएंड्रा डॉटिन - 32 रन बनाम आरसीबी 2026

इस सूची में यूपी वारियर्स की डॉटिन पहले नंबर पर हैं। उन्होंने आरसीबी की पारी के छठे ओवर में कुल 32 रन लुटाए। डॉटिन के इस ओवर में आरसीबी की बल्लेबाज ग्रेस हैरिस ने 3 छक्के और 3 चौके जड़कर कुल बल्ले से 30 रन बनाए। इसी तरह 2 रन नोबॉल और एक वाइड के रूप में आए। इस ओवर के बाद आरसीबी की टीम ने मैच पर पकड़ बना ली और आखिर में 9 विकेट से जीत दर्ज कर ली।

### स्नेह राणा - 32 रन बनाम गुजरात जायंट्स, 2026

दिल्ली कैपिटल्स की स्पिनर स्नेह राणा भी पहले पायदान पर हैं। उन्होंने रविवार (11 जनवरी) को गुजरात जायंट्स के खिलाफ पारी का छठा ओवर करते हुए कुल 32 रन खर्च किए। जीजी की सलामी बल्लेबाज सोफी डिवाइन ने इस ओवर में आक्रामक रूख अपनाते हुए पहली 2 गेंदों पर लगातार चौके जड़े और फिर अगली 4 गेंदों पर लगातार छक्के जड़ते हुए कुल 32 रन अपने नाम किए। यह ओवर जीजी की जीत में अहम साबित हुआ।

### दीप्ति शर्मा - 28 रन बनाम आरसीबी, 2025

सूची में यूपी वारियर्स की ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा दूसरे नंबर पर हैं। उन्होंने डब्ल्यूपीएल 2025 के 18वें मुकाबले में आरसीबी के खिलाफ एक ओवर में कुल 28 रन खर्च किए थे। इस ओवर में आरसीबी की बल्लेबाज स्नेह राणा ने 2 चौके और 3 छक्के जड़कर कुल 26 रन बनाए थे। इसी तरह एक सिंगल और एक अतिरिक्त रन आया था। हालांकि, दीप्ति ने आखिरी गेंद पर राणा को आउट कर आरसीबी की जीत की उम्मीदों को खत्म कर दिया था।

## रोमांचक मैचों में हासिल किए सबसे बड़े लक्ष्य

# भारत के कई बड़े स्कोर को न्यूजीलैंड ने सफलतापूर्वक किया ध्वस्त

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम ने दूसरे वनडे में भारतीय क्रिकेट टीम को 7 विकेट से मात दी। इस जीत के साथ ही कीवी टीम ने 3 मैचों की सीरीज में 1-1 से बराबरी हासिल की। राजकोट में खेले गए इस मैच में न्यूजीलैंड ने जीत के लिए मिले 285 रन के लक्ष्य को सफलतापूर्वक हासिल किया। इस बीच भारत के खिलाफ वनडे में न्यूजीलैंड द्वारा सफलतापूर्वक हासिल किए गए सबसे बड़े लक्ष्यों के बारे में जानते हैं।

### 2020 में हैमिल्टन का मुकाबला

भारत को 2020 में हैमिल्टन में खेले गए सीरीज के पहले वनडे में न्यूजीलैंड के खिलाफ 4 विकेट से हार मिली थी। उस मैच में भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवरों के बाद 347/4 का स्कोर बनाया था। मेहमान टीम से श्रेयस अय्यर ने शतक (103) लगाया था। जवाब में मेजबान टीम ने 48.1 ओवर में लक्ष्य हासिल किया था, जिसमें रॉस टेलर का शतक (109*) शामिल था।




### 2022 में ऑकलैंड मैच

न्यूजीलैंड ने 2022 में ऑकलैंड वनडे में जीत के लिए मिले 307 रन के लक्ष्य को सफलतापूर्वक हासिल किया था। उस मैच में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट के नुकसान पर 306 रन बनाए थे। मेहमान टीम से अय्यर (80), शिखर धवन (72) और शुभमन गिल (72) ने अर्धशतक लगाए थे। दूसरी पारी में बल्लेबाजी करते हुए मेजबान टीम से टॉम लैथम ने 104 गेंदों में नाबाद 145 रन बनाए थे।






# हाईकोर्ट परिसर में हुई घटनाः जांच के आदेश

# वकील से मारपीट का चीफ जस्टिस ने लिया संज्ञान



जबलपुर।

**मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के जबलपुर परिसर में 13 जनवरी को एक आदिवासी अधिवक्ता के साथ कथित मारपीट और जातिगत टिप्पणी का मामला सामने आने के बाद विवाद गहराता जा रहा है। इस घटना ने न केवल वकीलों के बीच तनाव बढ़ा दिया है, बल्कि हाई कोर्ट परिसर की सुरक्षा और कार्य वातावरण पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मामले में ग्वालियर के अधिवक्ता अनिल मिश्रा और उनके साथियों पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस ने स्वयं संज्ञान लेते हुए जांच के आदेश जारी किए हैं।**

जानकारी के अनुसार, 13 जनवरी को हाई कोर्ट परिसर में अधिवक्ता रूपसिंह मरावी के साथ धक्का-मुक्की और मारपीट की घटना हुई। पीड़ित अधिवक्ता का आरोप है कि ग्वालियर से आए अधिवक्ता अनिल मिश्रा और उनके साथियों ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया। बताया जा रहा है कि विवाद की शुरुआत बाबा साहेब डॉ। भीमराव अंबेडकर को लेकर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी से हुई, जिसके बाद बात बढ़ती चली गई और मामला हाथापाई तक पहुंच गया।

## जातिगत टिप्पणी का आरोप

पीड़ित पक्ष का कहना है कि यह विवाद केवल आपसी बहस तक सीमित नहीं था, बल्कि इसमें जातिगत मानसिकता साफ तौर पर देखने को मिली। आरोप है कि एक आदिवासी वकील को उसकी जाति के आधार पर निशाना बनाया गया, जिससे हाई कोर्ट जैसे संवेदनशील और गरिमामय स्थान की छवि को ठेस पहुंची है।

## पुलिस की भूमिका पर सवाल

घटना के बाद अधिवक्ता रूपसिंह मरावी ने जबलपुर के सिविल लाइन थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। हालांकि, कई दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज नहीं किए जाने पर वकीलों के एक वर्ग में नाराजगी देखी जा रही है। इसे लेकर पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। नाराज अधिवक्ताओं ने मामले में हस्तक्षेप याचिका भी दायर की है और निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की है।

## चीफ जस्टिस का सख्त रुख

मामला जब हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस के संज्ञान में आया तो उन्होंने इसे गंभीरता से लेते हुए सख्त रुख अपनाया। चीफ जस्टिस ने 13 जनवरी के दिन हाई कोर्ट परिसर में लगे सभी सीसीटीवी कैमरों की फुटेज सुरक्षित रखने के निर्देश दिए हैं, ताकि घटना की सच्चाई सामने आ सके। साथ ही पूरे मामले की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच कराने के आदेश भी दिए गए हैं।

### हाईकोर्ट का फैसला

## कर्मचारी के निधन के बाद उसकी विधवा से रिकवरी अनुचित

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने वर्ग-2 कर्मचारी के दिवंगत होने के बाद उसकी विधवा से रिकवरी को अनुचित करार दिया। जस्टिस विशाल धगट की सिंगल बेंच ने कहा कि यदि सेवानिवृत्त देयकों के जरिए कोई राशि वसूली गई है तो वो याचिकाकर्ता को वापस की जाए। नरसिंहपुर निवासी शांति पटेल की ओर से अधिवक्ता मोहनलाल शर्मा व शिवम शर्मा ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा यह कहते हुए रिकवरी नोटिस जारी किया गया कि याचिकाकर्ता के पति को 2008 से 2017 के बीच अतिरिक्त भुगतान कर दिया गया था। चूंकि कर्मचारी ने यह अंडरटेकिंग दी थी कि अधिक भुगतान पर रिकवरी की उससे वसूली की जा सकती है। दलील दी गई कि याचिकाकर्ता के पति की मृत्यु अप्रैल 2021 में हुई थी। वसूली की राशि सेवानिवृत्त देयकों से की जा रही है, ऐसे में याचिकाकर्ता को बहुत मुश्किल होगी। सुनवाई के बाद कोर्ट ने रिकवरी आदेश को रद्द करते हुए उक्त निर्देश दिए।



# जबलपुर के डॉक्टरों ने रचा इतिहास

## लाईलाज बीमारी से पीड़ित मासूम की बचाई जान

जबलपुर।

**नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, जबलपुर के स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट के डॉक्टरों ने अपनी विशेषज्ञता, समर्पण और टीमवर्क से एक बेहद कठिन और चुनौतीपूर्ण इलाज को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है। भोपाल निवासी चार वर्षीय मासूम खुशवंत पटेल, जो न्यूरोब्लास्टोमा जैसे दुर्लभ और जानलेवा कैंसर से पीड़ित था, अब पूरी तरह स्वस्थ है।**

डॉक्टरों की समय पर की गई सटीक जांच और अत्याधुनिक उपचार ने बच्चे को मौत के मुंह से बाहर निकाल लिया।

परिजनों के अनुसार, खुशवंत को लगातार तबीयत खराब रहने और असामान्य लक्षण दिखाई देने पर पहले भोपाल के निजी अस्पतालों में दिखाया गया। वहां संतोषजनक इलाज न मिल पाने के बाद उसे भोपाल एम्स ले जाया गया, लेकिन बीमारी की गंभीरता और जटिलता को देखते हुए वहां से भी जबलपुर रेफर कर दिया गया। इसके बाद परिजन बच्चे को लेकर नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज पहुंचे, जहां स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट में उसका इलाज शुरू किया गया।

### एक माह तक चला गहन उपचार

जबलपुर मेडिकल कॉलेज में चाइल्ड कैंसर स्पेशलिस्ट डॉ। श्वेता पाठक और उनकी टीम ने गंभीरता से इलाज शुरू किया। जांच में बच्चे को न्यूरोब्लास्टोमा जैसे खतरनाक कैंसर की पुष्टि हुई, जिसके बाद तुरंत उपचार योजना बनाई गई। डॉ। श्वेता पाठक के नेतृत्व में आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों से करीब एक महीने तक लगातार इलाज किया गया। इस दौरान बच्चे की सेहत पर लगातार नजर रखी गई, जिससे उसकी हालत में सुधार हुआ और वह पूरी तरह स्वस्थ हो गया।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240

# रिश्वत प्रकरण की ओरिजनल फाइल गुमने के मामले में दर्ज करो एफआइआर

## हाईकोर्ट ने पुलिस महानिदेशक, विशेष पुलिस स्थापना को दिए निर्देश

### लोकायुक्त के प्रभारी डीएसपी आस्कर किंडो ने स्वीकार की गलती

**जबलपुर**। मप्र हाईकोर्ट ने रिश्वत से जुड़े एक प्रकरण की मूल फाइल लोकायुक्त के प्रभारी डीएसपी द्वारा गुमाए जाने की जानकारी को गंभीरता से लिया लिया। जस्टिस विवेक अग्रवाल व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने इसी के साथ पुलिस महानिदेशक, विशेष पुलिस स्थापना, भोपाल को तत्काल एफआइआर दर्ज कराकर रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दे दिए।

#### यह है मामला

मामला पीडब्ल्यूडी के हेड क्लर्क अनिल कुमार पाठक की पुनरीक्षण याचिका से संबंधित है। दरअसल, एक कर्मचारी से तीन हजार रुपये की रिश्वत लेते लोकायुक्त की टीम ने अनिल कुमार पाठक को 26 अगस्त, 2019 को पकड़ा था। यह मामंला ट्रायल कोर्ट में लंबित है। अनिल कुमार पाठक के आवाज के नमूने से सम्बंधित दस्तावेज रिकार्ड पर लिए जाने के संबंध में ट्रायल कोर्ट द्वारा 17 अक्टूबर, 2023 को पारित आदेश के विरुद्ध हाईकोर्ट में पुनरीक्षण याचिका दायर की गई है।

#### लोकायुक्त एसपी हाजिर हुईं

मामले की सुनवाई के दौरान लोकायुक्त की और से कहा गया की मामले की मूल फाइल गुम हो गई है। जिम्मेदार कर्मचारियों पर एफआइआर दर्ज न होने पर हाई कोर्ट ने लोकायुक्त एसपी को हाजिर होने निर्देश दिया था। लिहाजा, लोकायुक्त एसपी अंजुलता पटले हाजिर हुईं। उन्होंने कोर्ट को अवगत कराया कि ओरिजनल फाइल गुम होने पर



प्रारंभिक जांच के निर्देश दिए गए थे। जांच के दौरान तत्कालीन प्रभारी डीएसपी व मूल पद निरीक्षक आस्कर किंडो ने फाइल गुम होने के संबंध में अपनी गलती स्वीकार की।

#### एफआइआर और विभागीय जांच के निर्देश

हाईकोर्ट ने पुलिस महानिदेशक, विशेष पुलिस स्थापना, भोपाल को निर्देश दिया है कि दोषी पर एफआइआर दर्ज कर मामले की रिपोर्ट तीन दिन के भीतर रजिस्ट्रार के सामने प्रस्तुत की जाए। इसके साथ ही दोषी अधिकारी के विरुद्ध विभागीय जांच प्रारंभ की जाए। क्योंकि सेवानिवृत्ति के चार वर्ष की समय-सीमा अभी पूर्ण नहीं हुई है।

#### याचिका वापस, लेकिन आदेश प्रभावी

याचिकाकर्ता के अधिवक्ता जसनीत सिंह होरा द्वारा याचिका वापस लेने का अनुरोध किए जाने पर न्यायालय ने आपराधिक पुनरीक्षण याचिका को वापस लेने के आधार पर निरस्त कर दिया। हालांकि, कोर्ट ने यह स्पष्ट किया कि एफआइआर दर्ज करने और विभागीय कार्रवाई से संबंधित सभी निर्देशों का पालन अनिवार्य होगा।

# थोक आलू प्याज व्यापारी संघ समिति को राहत

### अदालत ने दूसरे पक्ष को हस्तक्षेप से रोका

जबलपुर। तृतीय व्यवहार न्यायाधीश रिशा अहमद कुरैशी की अदालत ने थोक आलू प्याज व्यापारी संघ समिति, कृषि उपज मंडी समिति प्रांगण, मनमोहन नगर, दमोहनाका के अध्यक्ष धनीराम चौबे के हक में राहतकारी आदेश पारित किया। इसके अंतर्गत मौजूदा कार्यकारिणी के कार्यकाल समाप्ति की तिथि 10 मई, 2026 तक दूसरे पक्ष मुकेश साहू सहित अन्य को हस्तक्षेप न करने के निर्देश दे दिए गए।आवेदक धनीराम चौबे की ओर दलील दी गई कि वह विधिवत तरीके से निर्वाचित अध्यक्ष है। इस पंजीकृत समिति के उपाध्यक्ष गुलाब अब्बास व संजय कोडवानी, कोषाध्यक्ष रमेशचंद गुप्ता, सचिव हरीश तलरेजा, संगठन मंत्री मोहम्मद अकील, सह सचिव संजय तलरेजा व प्रचार मंत्री सुरेश कुमार गुप्ता हैं। इस कार्यकारिणी ने 10 मई, 2023 को पदभार संभाला था। नियमानुसार तीन वर्ष का कार्यकाल 10 मई, 2026 को समाप्त होगा। यह समिति व्यापारियों का पंजीयन, लाइसेंस जारी करने व नवीनीकरण के अलावा व्यापारिक हितों का संरक्षण करती है। आपत्ति का बिंदु यह है कि दूसरे पक्ष मुकेश साहू सहित अन्य ने पांच जून, 2025 को मनमाने तरीके से बैठक आयोजित कर निर्वाचित पदाधिकारियों को निलंबित घोषित करने की मनमानी कर दी। यही नहीं खुद को अध्यक्ष आदि घोषित कर समिति के सभी दस्तावेज लौटाने पर बल देने लगे। इसीलिए दूसरे पक्ष की मनमानी पर रोक लगाने की मांग के साथ अदालत की शरण ली गई।

# इलाज में लापरवाही का आरोप : नवजात के शव को कब्र से निकाला गया

**जबलपुर**। मझौली थानांतर्गत ग्राम पटोरी में समय से पहले जन्मी एक नवजात बच्ची की घर में हुई मौत के बाद परिजनों ने उसे दफना दिया। बच्ची के पिता ने बच्ची की मौत के लिए मझौली अस्पताल में डाक्टर द्वारा इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगने के बाद बच्ची को कब्र से बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है। मझौली पुलिस ने बताया कि ग्राम पटौरी निवासी राजेश भूमिया की पत्नी रोशनी भूमिया ने गत 17 दिसंबर की मेडीकल अस्पताल में एक बच्ची को जन्म दिया था। बच्ची का नाम नमामि रखा गया। बच्ची का समय से पूर्व जन्म होने के कारण वह कमजोर थी। तीन जनवरी को परिजन बच्ची नमामि को छुट्टी कराकर घर घर ले गये। 6 जनवरी को गांव की आंगन बाड़ी की सएचओ रिया राय ने बच्ची नमामि को मझौली अस्पताल में दिखाने कहा जहां 8 जनवरी को रोशनी नमामि को दिखाने मझौली अस्पताल ले गई। जहां डॉक्टर ने नमामि को चेक कर एक बोतल चढ़ाई थी और उसे मेडीकल रिफर कर दिया। अस्पताल से रोशनी अपनी बेटी को घर ले गई। जहां ९ जनवरी को नमामि की मौत हो गई। नमामि के शव को परिजनों ने दफना दिया। इसके बाद राजेश भूमिया ने थाने पहुंचकर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए डाक्टर के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग की। पुलिस की मौजूदगी में नमामि के शव को कब्र से निकालकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है।

# अधिवक्ता में विनम्रता का सद्गुण ही सफलता की मूलभूत कुंजी

## हाई कोर्ट बार के रजत जयंती आदर्श सभागार में हुआ राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा का अभिनंदन

**जबलपुर**। राजसभा सदस्य वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक कृष्ण तन्खा ने कहा कि अधिवक्ता में विनम्रता का सद्गुण ही सफलता की मूलभूत कुंजी है। जबलपुर बार ने कई महान विधिवेत्ता और न्यायविद दिए हैं। यह सब गरिमा बनाए रखने के कारण ही संभव हुआ है। वे हाई कोर्ट बार एसोसिएशन, जबलपुर के रजत जयंती आदर्श सभागार में आयोजित अभिनंदन समारोह में बोल रहे थे। इस दौरान हाई कोर्ट बार अध्यक्ष धन्य कुमार जैन व सचिव परितोष त्रिवेदी सहित अन्य मंचासीन थे। अधिवक्ताओं को प्रेरित करते हुए तन्खा ने कहा कि सचिव परितोष त्रिवेदी ने बताया कि अधिवक्ता विपुलवर्धन जैन के विशेष प्रयास से पिछले दिनों मेगा मेडिकल कैम्प का आयोजन हुआ, जो कि सराहनीय है। इस तरह के आयोजन समय-समय पर होते रहना चाहिए। मेरी ओर से सदैव सहयोग मिलता रहेगा। ऐसा इसलिए क्योंकि जबलपुर बार मेरे परिवार की तरह है। वकील का जीवन बहुत संघर्षमय होता है, उनके पास किसी भी तरह की शासकीय पेंशन अथवा कोई सहारा नहीं होता है। जब तक वे कार्य करते हैं अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। मेरा उद्भव इसी बार से हुआ, मेरे पिता इसी बार के सदस्य और अध्यक्ष थे। इसलिए अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करने से कभी पीछे नहीं हटूंगा। इस दौरान हाई कोर्ट बार अध्यक्ष धन्य कुमार जैन ने तन्खा द्वारा अब तक 25 अधिवक्ताओं को 25-25 हजार रुपये की आर्थिक सहायता के लिए साधुवाद ज्ञापित किया। तन्खा ने कहा कि मेरी ओर से जो भी सहयोग किया जाता है, वह सामुदायिक भावना का प्रतीक है, इसका प्रचार-प्रसार अपेक्षित नहीं है। इस दौरान लखनादौन बार के अध्यक्ष फजील अहमद, उपाध्यक्ष विनय नेमा, सचिव लखन डेहरिया, सह-सचिव सरिता रजक, पुस्तकालय प्रभारी संजू कुमार शुक्ला सहित अन्य का भी सम्मान किया गया। पूर्व महाधिवक्ता शशांक शेखर व एमपी स्टेट बार के कोषाध्यक्ष मनीष तिवारी, हाई कोर्ट बार के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित जैन, उपाध्यक्ष प्रशांत अवस्थी, सह सचिव योगेश सोनी, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र प्रताप सिंह, पुस्तकालय प्रभारी रजनीश उपाध्याय, कार्यकारिणी सदस्य मनोज कुशवाहा, सपना तिवारी, विनोद मिश्रा, गरिमा तिवारी, रविन्द्र प्रताप सिंह, प्रियंक चंसौरिया, स्मिता केहरी, विपुल वर्धन जैन आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सचिव परितोष त्रिवेदी ने किया।

**यह भी कहा-जबलपुर बार ने कई महान विधिवेत्ता व न्यायविद दिए**

# प्रबंधन इकाई की हुई समीक्षा बैठक

**जबलपुर**। मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक गहलोत की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शिक्षा विभाग अंतर्गत जिला परियोजना प्रबंधन इकाई की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी गहलोत ने कहा कि आगामी दिवसों में सभी शिक्षक पढ़ाई पर विशेष फोकस करते हुए समय पर पाठ्यक्रम पूर्ण कर शत प्रतिशत परिणाम लाने हेतु प्रयास करें। सभी छात्रों के स्तर में उन्नयन हो, बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान का विधिवत क्रियान्वन हो। सभी मॉनिटरिंगकर्ता अपने लक्ष्य अनुसार समस्त विद्यालयों की अकादमिक मॉनीटरिंग अनिवार्य रूप से करें।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी गहलोत ने शिक्षकों एवं छात्रों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने, एमपीटास्क छात्रवृत्ति स्वीकृति, प्रोफाइल अपडेशन, फेल्ड अकाउंट करेक्शन कार्य शीघ्र पूर्ण करने निर्देशित किया। साथ ही कहा कि ड्रापबॉक्स, यूडाईस कार्य,शतप्रतिशत मैपिंग 3 दिवस में पूर्ण करें। उन्होंने इसके लिए शिक्षकों को व्यक्तिगत नाम से जबावदेही दी जाए। शाला एवं छात्र हित में आकस्मिक निधि का समय सीमा में उपयोग, सभी शाला प्रभारी एवं शिक्षकों की ई-अटेंडेंस के माध्यम से उपस्थिति अनिवार्य रूप से लगाई जाए एवं इसी के आधार पर वेतन आहरित किया जाए। ई-अटेंडेंस न लगाने वाले लोकसेवको को स्पष्टीकरण जारी किया जाए। शाला परिसर, कक्षाओं एवं बालक-बालिका शौचालय की साफ सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आगामी दिवसों में सभी निरीक्षणकर्ताओं के द्वारा स्कूलों की सतत अकादमिक मॉनिटरिंग कर शतप्रतिशत परिणाम लाने समस्त शिक्षकों के द्वारा विद्यालय स्तर पर दैनिक पाठ योजना के अनुसार अध्यापन किया जा रहा है या नहीं तथा कमजोर छात्रों के लिए क्या प्रयास किया जा रहे हैं, विशेष रूप से देखा जाएगा। इसके साथ ही शालावार तैयारियों की समीक्षा जिला स्तर से की जाएगी। बैठक में स्व सहायता समूहों द्वारा मध्याह्न भोजन योजना का सुचारू रूप से क्रियान्वयन, मध्याह्न भोजन की उपस्थिति समय पर दर्ज करना, रोस्टर अनुसार निरीक्षण करना, विद्यालय स्वच्छता, स्वच्छ पेयजल की सुनिश्चितता, निर्माण कार्य आदि विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी, डीपीसी योगेश शर्मा, डाइट प्राचार्य अजय दुबे सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# शुद्ध व स्वच्छ जलापूर्ति के लिए नगर निगम प्रतिबद्ध

## 473 लीकेज सुधारे गए, 657 सैंपलों की हुई गुणवत्ता जांच

जबलपुर।

शहरवासियों को शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह एवं महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' के नेतृत्व में जलापूर्ति व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए वार्ड स्तर पर युद्धस्तर पर कार्य किए जा रहे हैं। जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी स्वयं मौके पर पहुंचकर कार्यों की निगरानी कर रहे हैं। महापौर ने बताया कि अब तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों में 473 पाइपलाइन लीकेज का सुधार किया जा चुका है। जल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए 657 जल सैंपलों की जांच की गई है, ताकि नागरिकों को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल मिल सके। जलापूर्ति की स्थिति का जायजा लेने कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह, सांसद आशीष दुबे, विधायकगण, महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू', केंट विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी, निगमाध्यक्ष रिंकू विज एवं निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण कर नागरिकों से सीधे संवाद किया। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार एवं अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि कई वार्डों में पाइपलाइन शिफ्टिंग, लाइन परिवर्तन एवं लीकेज सुधार के कार्य कराए गए हैं, जिससे गंदे पानी की समस्या का समाधान हुआ है। वार्ड क्रमांक 75, 23, 32, 34, 73 सहित अनेक वार्डों में नालों से पाइपलाइन हटाने, नई लाइन बिछाने एवं क्षतिग्रस्त पाइप बदलने का कार्य किया गया है। अधीक्षण यंत्री ने बताया कि नगर निगम के जल विभाग द्वारा सभी संभागों में अलग-अलग टीमें लगाकर कार्य लगातार जारी हैं। जलापूर्ति से संबंधित किसी भी शिकायत या सुझाव के लिए नागरिक नगर निगम मुख्यालय या संबंधित संभागीय कार्यालयों में संपर्क कर सकते हैं। नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि शहरवासियों को दोनों समय स्वच्छ और पर्याप्त जलापूर्ति सुनिश्चित करना उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।



# पश्चिम मध्य रेल की स्पेशल ट्रेनों की अवधि बढ़ाई गई

जबलपुर।

यात्रियों की सुविधा एवं बढ़ती यात्रा मांग को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन ने पश्चिम मध्य रेल से संचालित चार प्रमुख स्पेशल ट्रेनों की संचालन अवधि बढ़ाने का निर्णय लिया है। इन ट्रेनों का संचालन अब मार्च 2026 से बढ़ाकर दिसंबर 2030 तक किया जाएगा। ये ट्रेनें होली, ग्रीष्मकालीन, त्योहारी, शीतकालीन एवं अतिरिक्त भीड़ की अवधि में चलाई जाएंगी।

संचालन अवधि बढ़ाई गई ट्रेनों का विवरण इस प्रकार है—

-1) गाड़ी संख्या 01665/01666 रानी कमलापति–अगरतला–रानी कमलापति

01665 रानी कमलापति–अगरतला : प्रत्येक गुरुवार, 05 मार्च 2026 से 26 दिसंबर 2030 तक।



01666 अगरतला–रानी कमलापति : प्रत्येक रविवार, 08 मार्च 2026 से 29 दिसंबर 2030 तक।-2) गाड़ी संख्या 02132/02131 जबलपुर–पुणे–जबलपुर

02132 जबलपुर–पुणे : प्रत्येक रविवार, 01 मार्च 2026 से 29 दिसंबर 2030 तक।

02131 पुणे–जबलपुर : प्रत्येक सोमवार, 02 मार्च 2026 से 30 दिसंबर 2030 तक।

-3) गाड़ी संख्या 02198/02197 जबलपुर–कोयंबटूर–जबलपुर

02198 जबलपुर–कोयंबटूर : प्रत्येक शुक्रवार, 06 मार्च 2026 से 27 दिसंबर 2030 तक।

02197 कोयंबटूर–जबलपुर : प्रत्येक सोमवार, 09 मार्च 2026 से 30 दिसंबर 2030 तक।

-4) गाड़ी संख्या 02134/02133 जबलपुर–बांद्रा टर्मिनस–जबलपुर

02134 जबलपुर–बांद्रा टर्मिनस : प्रत्येक शुक्रवार, 06 मार्च 2026 से 27 दिसंबर 2030 तक।

02133 बांद्रा टर्मिनस–जबलपुर : प्रत्येक शनिवार, 07 मार्च 2026 से 28 दिसंबर 2030 तक।

# धान उपार्जन में अनियमितताः एक गोदाम ब्लैकलिस्ट, दो पर कटौती

**जबलपुर**। धान उपार्जन में अनियमितताओं के चलते कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के निर्देश पर जिला उपार्जन समिति ने कड़ा कदम उठाया है। मझौली तहसील के ओम साईं राम वेयरहाउस को एक वर्ष के लिए ब्लैकलिस्ट कर दिया गया है और उसे मिलने वाले गोदाम किराए की राशि राजसात करने का निर्णय लिया गया है।जिला आपूर्ति नियंत्रक प्रमोद कुमार मिश्र ने बताया कि इस गोदाम ने वर्ष 2021-22 से बिना पार्टीशन के धान और घुन लगे गेहूँ का भंडारण किया और अधिक मात्रा में धान तौलने जैसी अनियमितताएँ पाई गईं। साथ ही, इस गोदाम में अधिकतम क्षमता से कहीं अधिक धान भरा पाया गया।इसी प्रकार, दो अन्य गोदामों कुंडम तहसील के टिकरिया स्थित वाधवा वेयर हाउस और पाटन तहसील का साईं एग्रो टेक वेयरहाउस के भुगतान में एक रुपये प्रति क्विंटल की कटौती की जाएगी। वाधवा वेयर हाउस में सीसीटीवी कैमरे बंद पाए जाने और साईं एग्रो टेक वेयरहाउस में धान की बोरियों के अधिक वजन मिलने के कारण यह कार्रवाई की गई।

# अब वार्डों में पैदल घूमेंगे अधिकारी, मौके पर ही होगा समस्याओं का अंत

## एक्शन मोड में निगमायुक्त, समीक्षा बैठक में तेवर

जबलपुर।

नगर निगम की कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी और परिणामोन्मुखी बनाने के लिए निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार द्वारा सकारात्मक प्रयास शुरू की गई है। अब शहर की गलियों और वार्डों की समस्याओं का समाधान जमीन पर होगा।

निगमायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सभी संभागीय अधिकारी, यंत्री और मुख्य स्वच्छता निरीक्षक प्रतिदिन सुबह एक घंटा अनिवार्य रूप से वार्डों में पैदल भ्रमण करेंगे। इस दौरान अधिकारी न केवल सफाई व्यवस्था का जायजा लेंगे, बल्कि नागरिकों से सीधे संवाद कर छोटी-छोटी समस्याओं का मौके पर ही



निराकरण सुनिश्चित करेंगे। इसका उद्देश्य प्रशासनिक अमले की पहुंच सीधे जनता के दरवाजे तक बनाना है।

शहर की सुरक्षा और व्यवस्थित निर्माण को लेकर भी बैठक में निगमायुक्त द्वारा बड़ा निर्णय लिया गया है। अब भवन अनुज्ञा विभाग और अग्निशमन विभाग आपसी समन्वय के साथ काम करेंगे। इससे बहुमंजिला इमारतों और व्यावसायिक परिसरों में सुरक्षा मानकों की जांच में तेजी आएगी और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए बेहतर पुख्ता इंतजाम किए जा सकेंगे।

बैठक में निगमायुक्त श्री अहिरवार ने सीएम हेल्प लाइन के प्रकरणों को तीन दिवस में निराकरण कराने के निर्देश दिए वहीं उन्होंने सभी को निर्देशित किया कि संकल्प से समाधान तक में किए गए कार्यों की जानकारी शाम 6 बजे तक हर हाल में पोर्टल पर दर्ज कराएं। बैठक में सभी अपर आयुक्त, उपायुक्त, एवं विभागीय प्रमुख और संभागीय अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# आज शाम जलापूर्ति प्रभावित रहेगी

**जबलपुर**। नगर निगम के अधीक्षण यंत्री और जल विभाग के प्रमुख कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि भोंगाद्वार द्वारा जल शोधन संयंत्र में तकनीकी खराबी आ जाने के कारण आज शाम की जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। इस संबंध में प्लांट इंचार्ज अमजद मंसूरी एवं शमीम खान ने बताया कि भोंगाद्वार जलशोधन संयंत्र से होने वाली जलापूर्ति क्रमशः कजरवारा, भीटा, शिवपुरी, शिवपुरी, आदि क्षेत्र में सायंकालीन जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। उन्होंने बताया कि जिन क्षेत्रों में जलापूर्ति नहीं होगी वहाँ टैंकरों के माध्यम से नागरिकों को जलापूर्ति की जायेगी। उक्त अतिमहत्वपूर्ण कार्य के संपादन के चलते क्षेत्रीय लोगों को होने वाली असुविधा के लिए महापौर जगत बहादुर सिंह "अन्नू", जल प्रभारी एम.आई.सी. सदस्य दामोदर सोनी एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने खेद व्यक्त किया है।

# धान तुलाई के भुगतान के एवज में खरीदी केंद्र प्रभारी रिश्वत लेते पकड़ा गया

जबलपुर।

पड़ोसी जिले सिवनी में आवेदक किसान की धान की तुलाई उपरांत भुगतान के लिए चालान देने के एवज में रिश्वत मांगने वाले खरीदी प्रभारी को 15 सौ रुपए की रिश्वत लेते हुए जबलपुर लोकायुक्त पुलिस ने पकड़ा। ग्राम भौमाटोला ,थाना कान्हीवाडा सिवनी निवासी 30 वर्षीय दुर्गेश चंद्रवंशी से समनापुर खरीदी केंद्र प्रभारी हबीब अंसारी द्वारा भुगतान के चालान के एवज में 18 सौ रुपए की रिश्वत मांगी जा रही थी। इस बात की शिकायत लोकायुक्त में की थी। शिकायत की जांच के बाद गुरुवार को लोकायुक्त की टीम ने खरीदी केंद्र प्रभारी हबीब अंसारी और सह आरोपी कम्प्यूटर ऑपरेटर मुकेश ठाकुर को 15 सौ



रुपए की रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया। आरोपियों के खिलाफ धारा-7,12,13(1)बी, 13(2) के अंतर्गत कार्यवाही की जा रही है। ट्रेप दल में निरीक्षक शशिकला मस्कुले, टी।एल।ओ निरीक्षक जितेन्द्र यादव एवं लोकायुक्त जबलपुर की टीम शामिल रही।


बृहन्मुंबई नगर पालिका

आज होगी मतगणना

बीएमसी समेत सभी नगर निगमों में वोटिंग खत्म

# ...3.30 बजे तक 41.08 फीसदी लोगों ने किया मताधिकार का उपयोग

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बीएमसी समेत महाराष्ट्र के 29 नगर निगमों पर मतदान की प्रक्रिया खत्म हो गई है। राजनीतिक पार्टियों को अब शुक्रवार को नतीजे का इंतजार है। मुंबई में बीएमसी चुनाव 2026 के लिए 3.30 बजे तक कुल 41.08 फीसदी मतदान हुआ। इसमें पुरुष मतदाता 23,27,033, महिला मतदाता 19,22,500 और अन्य 180 मतदाता शामिल हैं। कुल मिलाकर अब तक 42,49,713 लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस दौरान कई दिग्गजों ने वोट डाले, जिनमें नेता- अभिनेता भी शामिल रहे।

पुरुष मतदाता अधिक

## पुणे में कुछ ईवीएम में आई तकनीकी दिक्कत


केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी समेत कई दिग्गज अंगुली की स्याही दिखाते हुए

ईवीएम मशीनों में तकनीकी खराबी की खबरें भी आईं। चुनाव अधिकारियों ने बताया कि जहां भी मशीनों में समस्या आई, वहां नियम के अनुसार तुरंत नई मशीनें लगाई गईं। एनसीपी (एसपी) नेता रोहित पवार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि पुणे और पिंपरी चिंचवड़ नगर निगम क्षेत्रों में कुछ ईवीएम बंद हो गई थीं। कुछ मशीनों में समय करीब 15 मिनट पीछे चल रहा था।

### कई फिल्मी सितारों ने भी किया मतदान

फिल्म निर्देशक सुभाष घई ने बीएमसी चुनाव में मतदान करने के बाद कहा कि मैंने वोट डाला और मुझे महाराष्ट्र पर बहुत गर्व है। मैं जो भी हूं मंबई की वजह से हूं इसलिए मेरा कर्तव्य है और सबका कर्तव्य है कि वो वोट देने जरूर आएं। फिल्म अभिनेता आमिर खान और अभिनेत्री श्रद्धा कपूर ने भी बीएमसी चुनाव के लिए वोट किया और मतदान में हिस्सा लेने की अपील की।

### डिप्टी सीएम शिंदे ने किया मतदान



शिवसेना प्रमुख और डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने भी नगर निकाय चुनाव के लिए मतदान किया। मतदान के बाद उन्होंने कहा कि लोगों में काफी उत्साह है। काफी लोग मतदान करने आए हैं। सभी को अपने शहर के विकास के लिए मतदान करना चाहिए। मुंबई में भी लोग बदलाव चाहते हैं।

बीएमसी चुनाव में स्याही विवाद

### राज ठाकरे ने लगाए धांधली के आरोप

मनसे नेता राज ठाकरे ने मतदान में इस्तेमाल की जा रही स्याही पर



सवाल उठाए हैं। राज ने कहा कि जो स्याही पहले इस्तेमाल की जा रही थी, उसे नए पेन से बदल दिया गया है और इस पेन को लेकर कई शिकायतें मिली हैं।

### उद्धव ने की ईसी के इस्तीफे की मांग

यूबीटी नेता उद्धव ठाकरे ने भी धांधली के आरोप लगाए और इसे



लोकतंत्र की हत्या की कोशिश बताया। राज्य निर्वाचन आयुक्त दिनेश वाघमरे के इस्तीफे की भी मांग की। उद्धव ने निकाय और सरकार में साठगांठ के भी आरोप लगाए। रोहित पवार ने धांधली के आरोप लगाए हैं।

### अंगुली से स्याही मिटने की जांच की जाएगी

महाराष्ट्र के राज्य निर्वाचन आयुक्त ने बताया कि इन वायरल वीडियो की जांच की जा रही है। चुनाव आयोग मामले की पूरी पड़ताल करेगा और अगर कोई गड़बड़ी पाई गई तो जरूरी कार्रवाई की जाएगी।

**महाराष्ट्र सरकार के मंत्री भी हुए परेशान**

महाराष्ट्र सरकार के मंत्री गणेश नाइक भी नवी मुंबई निगम चुनाव में मतदान के लिए परेशान हुए।

## खबर संक्षेप

### आनंदा डेयरी में छापा मोबाइल-कंप्यूटर जब्त

**बुलंदशहर।** यहां के स्याना नगर के गढ़ मार्ग स्थित आनंदा डेयरी प्लांट पर गुरुवार सुबह सात बजे दिल्ली



व उत्तर प्रदेश नंबर की गाड़ियों से आए आयकर विभाग के अधिकारियों की टीम ने छापा मारा। प्लांट का गेट बंद कर जांच की गई। इस दौरान टीम ने डेयरी से तमाम फाइलों, कंप्यूटर और मोबाइल को कब्जे में ले लिया है।

### सीबीएसई पत्र लेखन में आवेदन आमंत्रित

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने छात्रों को यूपीयू 2026 अंतरराष्ट्रीय पत्र लेखन स्पर्धा



में आवेदन आमंत्रित किया है। प्रथम स्थान वाले छात्र को 50,000 रुपए का पुरस्कार और प्रमाण पत्र दिया जाएगा। उत्तम पत्र अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भेजा जाएगा। 'डिजिटल दुनिया में मानवीय जुड़ाव क्यों महत्वपूर्ण है' विषय है।

### मानहानि मामला: वीसी से पेश हुईं कंगना रनौत

**बठिंडा।** भाजपा सांसद और फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत के खिलाफ चल रहे मानहानि मामले में गुरुवार



को बठिंडा की अदालत में अहम सुनवाई हुई। यह मामला3कृषि कानूनों के विरोध के दौरान बुजुर्ग महिला महिंदर कौर को लेकर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी से जुड़ा हुआ है। रनौत अदालत में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से पेश हुईं।

### डिजिटल ठगी मामले में 5 आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की यूनिट ने डिजिटल अरेस्ट के नाम पर ठगी करने वाले एक बड़े इंटर-



स्टेट साइबर गिरोह का खुलासा किया है। यह गैंग खुद को पुलिस, सीबीआई और अन्य केंद्रीय जांच एजेंसियों का अधिकारी बताकर लोगों को डराता था। गिरोह के 5 सदस्यों को गिरफ्तार किया है।

## बंगाल में प्रवर्तन निदेशालय की 'रेड' पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

# कोर्ट ने ईडी अधिकारियों पर एफआईआर पर लगाई रोक, 2 हफ्ते में दोनों से मांगा जवाब

ममता को अदालत से लगा झटका

शीर्ष कोर्ट ने बंगाल सरकार और राज्य के डीजीपी से मांगा हलफनामा, अदालत ने कहा सीसीटीवी फुटेज, दस्तावेज सुरक्षित रखें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कोलकाता में बीते 8जनवरी को आई-पैक के कार्यालय और उसके डायरेक्टर प्रतीक जैन के घर हुई प्रवर्तन निदेशालय की रेड को लेकर सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई। इस मामले में ईडी और पश्चिम बंगाल सरकार के बीच तीखी बहस देखने को मिली। सुप्रीम कोर्ट में अब अगली सुनवाई 3 फरवरी को होगी। सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार और राज्य के डीजीपी को नोटिस जारी किया है। अदालत ने दोनों को दो हफ्ते में जवाब देने का आदेश दिया है। अदालत ने ईडी की याचिका पर नोटिस जारी किया। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि अगली सुनवाई तक ईडी अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर पर रोक रहेगी। कोर्ट ने कहा कि एजेंसी के काम में दखल नहीं दे सकती। कोर्ट ने सीसीटीवी समेत सभी दस्तावेजों को सुरक्षित रखने का आदेश भी दिया।

अगली सुनवाई तीन फरवरी को



### टीएमसी ने भीड़ ऐसे बुला ली जैसे जंतर-मंतर हो

जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस विपुल पंचोली की पीठ ने कहा है कि वह इस मामले में नोटिस जारी कर तथ्यों की जांच करेगी। कोर्ट ने कोलकाता हाईकोर्ट में ईडी की याचिका की सुनवाई के दौरान हुई अव्यवस्था पर भी गंभीर चिंता जताई। ईडी की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि एजेंसी 14 जनवरी को हाईकोर्ट में हुई सुनवाई से संतुष्ट नहीं है। सुनवाई के दौरान ईडी को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ा। ईडी ने आरोप लगाया कि कोर्ट रूम में बार-बार माइक बंद हो रहा था, जिससे पक्ष रखने में दिक्कत आई।

### ईडी के आरोप गलत, ममता ने बाधा नहीं डाली: सिब्बल

बंगाल सरकार की ओर से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने ईडी के आरोपों को गलत बताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री केवल प्रतीक जैन का



लैपटॉप और उनका निजी आईफोन लेकर गई थीं, क्योंकि उसमें चुनाव से जुड़ा संवेदनशील डेटा था। सिब्बल ने कहा कि मुख्यमंत्री ने रेड में कोई रुकावट नहीं डाली। कोर्ट ने टिप्पणी की कि अगर ईडी दस्तावेज जब्त करना चाहती, तो वह ऐसा कर सकती थी। कोर्ट ने साफ कहा हमें इस मामले की जांच करनी होगी।

### चुनाव के समय अचानक रेड क्यों?

सिब्बल ने सवाल उठाया कि अगर कोयला घोटाले की जांच पहले से चल रही थी, तो चुनाव के समय रेड क्यों की गई।?इस पर सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि बंगाल में चुनाव आई-पैक नहीं, बल्कि चुनाव आयोग कराता है।

### याचिका में लगाए गए आरोप गलत: सिंघवी

राज्य सरकार और डीजीपी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि यदि कोर्ट नोटिस जारी करता भी है, तो यह साफ किया जाए कि यह उनकी आपत्ति



के अधीन होगा। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि ईडी फोरम शॉपिंग कर रही है, क्योंकि इसी तरह की राहत पहले ही हाईकोर्ट से मांगी जा चुकी है। ईडी की याचिका में लगाए गए आरोप और पंचनामा एक-दूसरे से मेल नहीं खाते।

### उपस्थित अधिकारियों को निलंबित किया जाए: एसजी मेहता और राजू




ईडी ने कोर्ट में आरोप लगाया कि रेड के दौरान सीएम ममता इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों व अहम दस्तावेजों को जबरन साथ ले गईं। मेहता और एडिशनल . राजू ने जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और विपुल पंचोली की पीठ को बताया कि कहा कि मुख्यमंत्री के साथ बंगाल के डीजीपी और बड़ी पुलिस टीम भी मौजूद थी। ईडी का दावा है कि पुलिस ने एजेंसी के अधिकारियों के मोबाइल फोन तक छीन लिए।

### ईडी तो कोयला घोटाला की जांच कर रही थी...

कोर्ट ने ईडी से पूछा कि वह वहां किस जांच के सिलसिले में गई थी? मेहता ने कहा कि ईडी अवैध कोयला घोटाले की जांच कर रही थी, न कि किसी चुनावी डेटा को जब्त करने। जांच में हवाला चैनल और करीब 20 करोड़ के नकद लेन-देन के सबूत मिले हैं। आई-पैक से जुड़े 10 ठिकानों पर तलाशी ली थी।

### डीजीपी राजीव को निलंबित करें

ईडी ने नई याचिका दायर की है, जिसमें पश्चिम बंगाल के डीजीपी राजीव कुमार के निलंबन की मांग की गई है। ईडी ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की भी मांग की है, आरोप लगाते हुए कि उन्होंने जांच में सहयोग नहीं किया।

## मणिकर्णिका घाट का पुनर्विकास

# खरगे ने पीएम पर लगाए प्राचीन धरोहरें नष्ट करने का आरोप



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने गुरुवार को वाराणसी के मणिकर्णिका घाट के पुनर्विकास को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि वे सिर्फ अपना नाम अंकित करने के लिए हर ऐतिहासिक धरोहर को मिटाना चाहते हैं। खरगे ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि गुप्त काल में वर्णित और बाद में लोकमाता अहिल्याबाई होलकर द्वारा पुनर्स्थापित मणिकर्णिका घाट की दुर्लभ प्राचीन विरासत को जीर्णोद्धार के बहाने ध्वस्त करने का अपराध किया है। सौंदर्यीकरण और व्यवसायीकरण के नाम पर प्रधानमंत्री ने मणिकर्णिका घाट पर सदियों पुरानी धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को ध्वस्त करने के लिए बुलडोजर चलाने का आदेश दिया है। वे अपनी नामपट्टिका चिपकाना चाहते हैं। जलियांवाला बाग स्मारक में स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदानों को दीवारों से मिटा दिया।

### पहले पानी, जंगल दिया, अब सांस्कृतिक विरासत की बारी

खरगे ने कहा कि एक गलियारे के नाम पर छोटे-बड़े मंदिरों और तीर्थस्थलों को ध्वस्त कर दिया गया और अब प्राचीन घाटों की बारी है। विश्व का सबसे प्राचीन शहर काशी, आध्यात्मिकता, संस्कृति, शिक्षा और इतिहास का संगम है,जो पूरी दुनिया को आकर्षित करता है। क्या इन सबके पीछे का मकसद एक बार फिर अपने व्यापारिक सहयोगियों को लाभ पहुंचाना है? आपने पानी, जंगल और पहाड़ उन्हें सौंप दिए हैं, और अब हमारी सांस्कृतिक विरासत की बारी है। देश की जनता के आपसे दो सवाल हैं: क्या विरासत को संरक्षित रखते हुए जीर्णोद्धार, सफाई और सौंदर्यीकरण नहीं किया जा सकता था? पूरा देश याद करता है कि कैसे आपकी सरकार ने बिना किसी परामर्श के महात्मा गांधी, बाबासाहेब आंडकर सहित महान भारतीय हस्तियों की मूर्तियों को संसद परिसर से हटाकर एक कोने में रख दिया था।

### नवीनीकरण का उद्देश्य स्वच्छता लाना : डीएम

प्रदर्शनकारियों ने मणिकर्णिका घाट की पुनर्विकास योजना के तहत विध्वंस अभियान का विरोध किया है। अहिल्याबाई होलकर की एक शताब्दी पुरानी प्रतिमा को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया है, जिसे जिला प्रशासन ने खारिज कर दिया है। जिला मजिस्ट्रेट सत्येंद्र कुमार ने बुधवार को कहा कि कलाकृतियों को संस्कृति विभाग द्वारा सुरक्षित कर लिया गया है। काम पूरा होने के बाद उन्हें उनके मूल स्वरूप में पुनः स्थापित कर दिया जाएगा।

## उत्तराखंड के चमोली में आग

# नंदा देवी वन में लगी आग पर काबू पाने हेलिकॉप्टर तैनात

एजेंसी ▶▶ चमोली

उत्तराखंड के चमोली जिले में नंदा देवी राष्ट्रीय उद्यान के गोविंदघाट रेंज में अलकनंदा और लक्ष्मण गंगा नदियों के बीच स्थित पथरीले इलाके में जंगल में आग लगने के बाद जिला प्रशासन को पूरी तरह से अलर्ट कर दिया गया है। नंदा देवी राष्ट्रीय उद्यान के गोविंदघाट रेंज में अलकनंदा और लक्ष्मण गंगा नदियों के बीच चट्टानी क्षेत्र में लगी जंगल की आग को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है। क्षेत्र की दुर्गमता को देखते हुए,



हेलीकॉप्टर का उपयोग करके हवाई टोही और अग्निशमन के लिए एक योजना तैयार की गई है। जिला मजिस्ट्रेट गौरव कुमार की पहल पर हेलीकॉप्टर से सर्वेक्षण की अनुमति दे दी गई है। डीएफओ सर्वेश दुबे ने बताया कि घाटी और हेमकुंड साहिब सुरक्षित हैं। जमीनी टीमें हेलीकॉप्टर और ड्रोन की निगरानी से आग बुझाने का काम कर रही हैं।

## पश्चिम बंगाल में निपाह का डर

# 3 और लोगों में संक्रमण का खतरा, अब तक 5 संक्रमित

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में इन दिनों निपाह वायरस का असर देखा जा रहा है। अब तीन अन्य लोगों को निपाह से संक्रमित पाया गया है। इसके साथ अब पश्चिम बंगाल में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 5 हो गई है।पहले जिन दो स्वास्थ्य कर्मियों को संक्रमित पाया गया था, उनका अब भी आईसीयू में इलाज चल रहा है। दोनों की हालत गंभीर बताई जा रही है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने इन मरीजों के संपर्क में आए करीब 120 लोगों को ट्रैक किया है।




### संक्रमण और बढ़ा

इस संक्रामक बीमारी ने डॉक्टर्स को अलर्ट कर दिया है। निपाह के संक्रमण की दर और मृत्यु का खतरा दोनों ही अधिक रहता है। 40-70 फीसदी मरीजों की मौत हो जाती है। इ स पर स्थानीय लोगों को सावधानी बरतते रहने की सलाह दी गई है।

## मैंने अकाल तख्त को चुनौती नहीं दी



### सचिवालय के सामने पेश हुए सीएम मान

**अमृतसर।** पंजाब के सीएम भगवंत मान गुरुवार को श्री अकाल तख्त साहिब के सचिवालय सामने पेश हुए। उन्होंने अपने ऊपर लगे आरोपों के मद्देनजर तख्त के सामने अपना पक्ष रखा। पेशी से पहले उन्होंने गुरुवार को स्वर्ण मंदिर में माथा टेका। मान ने कहा कि मैंने यह भी स्पष्ट किया है कि सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही इस बात में कोई सच्चाई नहीं है अकाल तख्त को लेकर ऐसा करने का मुझे कोई भी अधिकार नहीं है।

## मायावती की पीसी में शॉर्ट सर्किट से मची अफरा-तफरी

मायावती ने 70वें जन्मदिन पर की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग

# ब्राह्मणों को साधने का किया प्रयास चोखा-बाटी नहीं उन्हें सम्मान चाहिए

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

अपने जन्मदिन पर लखनऊ में पत्रकारों को संबोधित करते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि सभी सरकारें बसपा द्वारा ही चलाई जा रही योजनाओं का नाम बदलकर चला रही हैं। विरोधियों ने भ्रम फैलाकर बसपा को तोड़ने की कोशिश की है। कांग्रेस, भाजपा सहित अन्य जातिवादी पार्टियां अलग-अलग हथकंडे अपना रही हैं। इनको मुंहतोड़ जवाब देकर यूपी में 5वीं बार बसपा की सरकार बनानी है। मायावती ने ब्राह्मणों को साधने का प्रयास किया।

### सुरक्षा घेरे में बाहर निकाली गईं



मायावती के जन्मदिन के मौके पर बड़ा हादसा टल गया। मायावती की प्रेस कॉन्फ्रेंस (पीसी) के दौरान ही अचानक शॉर्ट सर्किट हो गया। बिजली को बोर्ड से चिंगारी के साथ ही धुआं निकलने लगा। घटना उस वक्त हुई जब मायावती की प्रेसवार्ता समाप्त होने ही वाली थी। देखते ही देखते पूरे हॉल में धुआं भर गया। इससे वहां मौजूद पत्रकारों और नेताओं में हड़कंप मच गया।

### तत्परता से टला बड़ा हादसा

शॉर्ट सर्किट से बिजली के बोर्ड से चिंगारियां निकलने लगीं और धुआं छा गया। सुरक्षाकर्मियों ने गजब की फुर्ती दिखाई। खतरे को भांपते हुए सुरक्षा घेरे ने तत्काल पूर्व मुख्यमंत्री मायावती को लेकर सुरक्षित तरीके से हॉल से बाहर निकाला ।

## गुरुनानक देव विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में बोलीं राष्ट्रपति

# शिक्षा को बताया समाज और राष्ट्र की सेवा का साधन

एजेंसी ▶▶ अमृतसर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को पंजाब के अमृतसर में गुरु नानक देव विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में कहा कि औपचारिक शिक्षा पूरी करने के बाद छात्र अलग-अलग दिशाओं में अपनी यात्रा शुरू करेंगे। कुछ सरकारी या निजी क्षेत्र में सेवा करेंगे, कुछ उच्च शिक्षा या अनुसंधान करेंगे, जबकि कई अपना खुद का व्यवसाय स्थापित करेंगे या शिक्षण में अपना भविष्य बनाएंगे। शिक्षा का उपयोग कठिन परिस्थितियों में भी नैतिक मूल्यों, सत्यनिष्ठा और ईमानदारी का दृढ़ पालन, परिवर्तन को अपनाने का साहस, और आगे बढ़ने का संकल्प का उपयोग व्यक्तिगत लाभ के लिए नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के व्यापक हित के लिए करना है।

राष्ट्रपति ने कहा- प्रगति को और गति दें

### छात्र शिक्षा को केवल आजीविका का साधन न बनाएं


राष्ट्रपति मूर्मू

### युवाओं को सही दिशा में मार्गदर्शन दें विवि

कि हाल के वर्षों में पंजाब में मादक द्रव्यों के सेवन की समस्या एक गंभीर चुनौती बनकर उभरी है। यह समस्या न केवल स्वास्थ्य, बल्कि समाज के सामाजिक, आर्थिक और नैतिक ताने-बाने को भी प्रभावित कर रही है। एक स्वस्थ समाज के लिए इस समस्या का स्थायी समाधान आवश्यक है। इस विश्वविद्यालय के सभी हितधारकों को युवाओं को सही दिशा में मार्गदर्शन करने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए।

### निस्वार्थ सेवा और जिम्मेदारी को समझें

उन्होंने कहा कि 'विकसित भारत' के निर्माण में अगले दो दशक अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। भारत का भविष्य उन युवाओं पर निर्भर करता है, जो वैज्ञानिक सोच रखते हैं, जिम्मेदारी से कार्य करते हैं और निस्वार्थ भाव से सेवा करते हैं। छात्रों में इन मूल्यों को विकसित करने का आग्रह किया।

### शिक्षा को लोगों के उत्थान का जरिया बनाएं

राष्ट्रपति ने कहा कि ये गुण न केवल उन्हें एक अच्छा पेशेवर बनाएंगे, बल्कि एक जिम्मेदार नागरिक भी बनाएंगे। उन्होंने छात्रों को याद दिलाया कि शिक्षा केवल जीविका का साधन नहीं है, बल्कि समाज और राष्ट्र की सेवा का भी साधन है। उन्होंने कहा कि जिस समाज ने उन्हें शिक्षा प्रदान की है, उसके प्रति वे ऋणी हैं। विकास की राह में पिछड़ चुके लोगों के उत्थान के प्रयास करना इस ऋण को चुकाने का एक तरीका हो सकता है।

## 49 नक्सलियों पर पर था 1.41 करोड़ का इनाम पहले भी मिली कामयाबी

# नक्सल उन्मूलन अभियान को मिली बड़ी सफलता, 52 नक्सलियों ने किया सरेंडर, शांति-सुरक्षा की दिशा में माना जा रहा सराहनीय कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

जिले में 52 नक्सलियों ने सरेंडर किया है। आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों में 49 पर कुल 1.41 करोड़ रुपये का इनाम था। इससे पहले सुकमा जिले में नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत सुरक्षा बलों को कामयाबी मिली थी। लगातार बढ़ रहे दबाव और प्रभावी रणनीति के चलते 29 पुरुष नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौटने का निर्णय लिया था। यह घटनाक्रम क्षेत्र में शांति और सुरक्षा स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।




### सुरक्षा बलों की लगातार सक्रियता बनी सफलता का मुख्य कारण

सुरक्षा बलों की उपस्थिति काफी बढ़ गई थी। इसके कारण नक्सलियों की गतिविधियों पर अंकुश लगाना संभव हुआ। सुरक्षा बलों द्वारा लगातार चलाए जा रहे सर्च ऑपरेशन, एरिया डॉमिनेशन और अन्य दबाव की रणनीतियों से प्रभावित होकर, इन नक्सलियों ने हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यधारा से जुड़ने का फैसला किया। यह सफलता यह दर्शाती है कि सरकार की नीतियां और सुरक्षा बलों का अथक प्रयास रंग ला रहा है। इस नीति के तहत नक्सलियों को समाज में पुनः स्थापित होने और बेहतर जीवन जीने के अवसर प्रदान किए जाते हैं। इस जानकारी ने नक्सलियों को समाज की मुख्यधारा से जुड़ने के लिए और अधिक प्रोत्साहित किया।

### 2-2 किलो वजनी आईईडी को किया था बरामद

वहीं, दूसरे अभियान में भोपलपटनम थाना क्षेत्र के तहत कैंप कांडलापार्टी-2 से केरिपु 214 बटालियन और जिला बल की संयुक्त टीम ने कोंडापडगु जंगल क्षेत्र में सर्च और डी-माइनिंग अभियान चलाया। इस दौरान टीम को 2-2 किलो वजनी दो प्रेशर आईईडी मिले। केरिपु 214 बीडीडी टीम ने इन्हें तुरंत मौके पर ही नष्ट कर दिया, जिससे किसी बड़ी घटना को टाल दिया गया।

### सप्लाई व्यवस्था को दिया था झटका

इसके अलावा, कोंडापडगु इलाके में तलाशी के दौरान सुरक्षा बलों को जमीन के नीचे दबे हुए दो सफेद ड्रम भी मिले। इन ड्रमों में माओवादियों द्वारा जमा किया गया राशन था, जिसे जंगल में मौजूद उनके कैडरों के लिए रखा गया था। इस राशन की बरामदगी से इलाके में माओवादियों की सप्लाई व्यवस्था को बड़ा झटका लगा है।

## खबर संक्षेप



### लिपिक कर्मचारी संघ के उपप्रांताध्यक्ष बने सतीश

**भोपाल।** मध्य प्रदेश लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ द्वारा लोक शिक्षण संचालनालय में पदस्थ सहायक ग्रेड 2 सतीश सोमकर को संघ का उप प्रांताध्यक्ष बनाया गया है। सतीश सोमकर को मप्र लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ का उपप्रांताध्यक्ष बनाने पर प्रांताध्यक्ष मुकेश चतुर्वेदी, कार्यकारी प्रांताध्यक्ष संजय दुबे, संरक्षक एमपी द्विवेदी, राकेश हजारी, संतोष शुक्ला, संतोष तिवारी ने बधाई देकर फूल-मालाओं पहनाकर सम्मान किया। इस अवसर पर सतीष सोमकर ने संघ के सभी पदाधिकारियों का उपप्रांताध्यक्ष बनाने जाने पर आभार व्यक्त करते हुए लिपिक वर्क की मांगों को पूर्ण कराने का आश्वासन दिया।

### कंसौरिया बने कार्यकारी अध्यक्ष, महेश प्रदेशाध्यक्ष

**भोपाल।** अखिल भारतीय कोली समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र कश्यप और राष्ट्रीय महामंत्री डीपी शंखवार द्वारा मध्यप्रदेश की प्रथम प्रदेश कार्यकारिणी गठित की है।



कार्यकारिणी में महेश उमरैया को मप्र का प्रदेशाध्यक्ष और अमर दीप कंसौरिया को प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है। दिलीप देवरिया जनरल सेक्रेटरी, मानसिंह माहौर ट्रेजरार, रामविलास शाक्य सब ट्रेजरार, प्रेम बरोनिया मीडिया प्रभारी बनाया गया है।

### कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस अब 22 के बाद

**भोपाल।** मुख्य सचिव अनुराग जैन की अध्यक्षता में 15 जनवरी गुरुवार को प्रस्तावित कलेक्टर-कमिश्नर वीडियो कांफ्रेंस अपरिहार्य कारणों से स्थगित हो गई है। कांफ्रेंस की अगली तारीख शीघ्र घोषित की जाएगी। संभवतः अब कलेक्टर-कमिश्नर कांफ्रेंस 22 जनवरी के बाद आयोजित होगी। पहले कलेक्टर-कमिश्नर कांफ्रेंस एक या दो जनवरी को होने वाली थी। फिर यह 5 तारीख को होना तय हुआ। हालांकि बाद में यह 15 तारीख तक के लिए टल गया। अब यह कांफ्रेंस 15 जनवरी को भी नहीं होगी। इसके बार-बार टलने की वजह पता नहीं चल पाई।

### 9 फरवरी को आउटसोर्स कर्मियों का आंदोलन

**भोपाल।** मप्र के 30 हजार आउट सोर्स स्वास्थ्य कर्मचारी अपनी प्रमुख समस्याओं को लेकर 9 फरवरी से सामूहिक चरणबद्ध आंदोलन शुरू करेंगे। मप्र संविदा आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के अध्यक्ष कोमल सिंह ने बताया कि केंद्र कार्यरत आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के मानदेय में वर्षों तक कोई समायोजन नहीं होता, जिससे समान कार्य करने वाले कर्मियों के बीच व्यवहारिक एवं आर्थिक असमानता उत्पन्न होती है। संघ द्वारा नौ फरवरी आउटसोर्स कर्मचारी मांगों को लेकर आंदोलन का शखनांद करेंगे। दूसरे चरण में 16,17,18 फरवरी को जिलों में काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। 23 फरवरी को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यालय के सामने धरना देंगे। अगले दिन उपमुख्यमंत्री के बंगले के सामने धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

# राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुआ गहोई समाज के महापर्व का आगाज



**जबलपुर ।** गहोई वैश्य समाज के तीन दिवसीय गहोई दिवस का आगाज गुरुवार सुबह मानस भवन स्थित गहोई शिरोमणि राष्ट्रकवि श्री मैथिलीशरण गुप्त की प्रतिमा पर मुख्य अतिथि अमरीश मिश्रा नेता प्रतिपक्ष नगर निगम, समाज अध्यक्ष इंजी. रामगोपाल ददरया, पूर्व अध्यक्षगण, विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी एवं उपस्थित सामाजिक बन्धुओं, नारी मण्डल, नवयुवक मण्डल अध्यक्ष, मंत्री, आदि के माल्यापर्ण से हुआ। वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. अरूण सरावगी ने बताया कि सायंकाल तमरहाई स्थित पंचायती भवन में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। वहीं द्वितीय दिवस आज 16 जनवरी को भी सायं 5.00 बजे से पंचायती भवन तमहराई चौक में नृत्य, फैन्सी ड्रेस एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। जबकि मुख्य कार्यक्रम रविवार 18 जनवरी को प्रातः 9.30 बजे पंचायती भवन तमहराई चौक से निकलनेवाली शोभायात्रा से प्रारंभ होगा। शोभायात्रा शहर के मुख्य मार्ग से होते हुये शहीद स्मारक पहुँचेगी जहाँ दोपहर व शाम आकर्षक कार्यक्रम होंगे। शुभारंभ कार्यक्रम में शम्भूदयाल बड़ेरिया, विजय कुमार सुहाने, विजय सरावगी, गोविन्द दास बरसैंया, कमलकांत गुप्ता, श्रीकृष्ण बिलैया, सुभाष रावत, एड. अशोक गुप्ता, उत्तमचंद बिलैया, प्रो. राजेन्द्र चपरा, श्याम सोहाने, मेघा बड़ौन्या, हर्षना तीतविरासी, अभिषेक गेड़ा, पुष्पा ददरया, रागिनी सरावगी, आर.एस. सोहाने, आशुतोष ददरया, शोभना बिलैया, सुरेश चौदहा आदि की उपस्थिती रही। आयोजकों ने स्वाजातीय बंधुओ से कार्यक्रम में सपरिवार शामिल होने की अपील की है।

# डायबिटीज पर विशिष्ट शैक्षणिक कांफ्रेंस 18 को

**जबलपुर।** विशुद्ध हेल्थकेयर जनसेवा समिति के तत्वाधान में रविवार, 18 जनवरी 2026 को एक दिवसीय शैक्षणिक कॉन्फ्रेंस इमरजिंग ट्रेंस इन डायबिटीज व डायबिटीज अक्रॉस लाइफ स्पैन का आयोजन किया जा रहा है। शहर के होटल सत्य अशोका में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में देश भर के ख्यातिलब्ध डॉक्टर और शोधकर्ता मधुमेह (डायबिटीज) की उभरती प्रवृत्तियों और अत्याधुनिक उपचार तकनीकों पर चर्चा करेंगे। आयोजन अध्यक्ष डॉ. वृन्द भारद्वाज और आयोजन सचिव डॉ. अंकित सेठ ने बताया कि डायबिटीज आज हर आयु वर्ग के लिए एक बड़ी वैश्विक चुनौती बन गई है। इस कॉन्फ्रेंस का मुख्य उद्देश्य शिशु अवस्था से लेकर वृद्धावस्था तक मधुमेह के प्रबंधन, रोकथाम और इस क्षेत्र में हुए नवीन वैज्ञानिक अनुसंधानों को चिकित्सकों तक पहुँचाना है। कार्यक्रम सुबह 9:00 बजे से शाम 5:30 बजे तक चलेगा। कॉन्फ्रेंस में चिकित्सा जगत के दिग्गज अपने अनुभव साझा करेंगे। मुख्य वक्ताओं में आरएसएसडीआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुनील गुप्ता महिलाओं में गर्भधारण से पूर्व डायबिटीज की जांच और रोकथाम के महत्व को बताएंगे। डॉ. परिमल स्वामीः मधुमेह के 'रेमिशन' (सुधार) से रिकवरी की नई दिशाओं पर प्रकाश डालेंगे। डॉ. राजेश अग्रवालः युवाओं में मोटापे और मधुमेह की 'ट्विन एपिडेमिक' (दोहरी महामारी) पर व्याख्यान देंगे। डॉ. सुधा राबः शिशुओं और नवजात बच्चों में डायबिटीज के आनुवंशिक विश्लेषण की भूमिका समझाएंगी। इसके साथ ही डॉ. संदीप जैन, डॉ. नवनीत अग्रवाल, डॉ. नीरज जैन और डॉ. हिमांशु शुक्ला जैसे विशेषज्ञ तकनीक सीजीएमएस, किडनी सुरक्षा और आंखों पर डायबिटीज के प्रभाव जैसे गंभीर विषयों पर मंथन करेंगे। अकादमिक और शोध कार्यों को बढ़ावा देने के लिए इस अवसर पर ई-पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया है। चयनित पोस्टरों को कॉन्फ्रेंस के दौरान प्रदर्शित किया जाएगा। आयोजन समिति ने स्पष्ट किया है कि चिकित्सकों और प्रतिनिधियों के लिए पंजीयन निशुल्क है, लेकिन अनिवार्य है। जबलपुर की सांस्कृतिक गरिमा और नर्मदा तट की शांति के बीच आयोजित यह कार्यक्रम चिकित्सा जगत के लिए ज्ञानवर्धक सिद्ध होगा। डॉ. वी. के. भारद्वाज (ऑर्गनाइज़िंग चेयरपर्सन), डॉ. अंकित सेठ (प्रेसिडेंट व ऑर्गनाइज़िंग सेक्रेटरी) डॉ. यतीश जैन (सेक्रेटरी) 'डॉ. रीति सेठ (जॉइंट सेक्रेटरी) नितिन जैन (मीडिया प्रभारी) डॉ. कनिका सेठ (कोषाध्यक्ष), डॉ. आकाश सेठ, संकेत मलैया ने चिकित्सा पेशवरों से भागीदारी की अपील की है।



### प्रदेश में संचालित संकल्प से समाधान अभियान के संबंध में ली बैठक

# हर पात्र हितग्राही को संकल्प से समाधान अभियान का मिले लाभः डॉ. मोहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि संकल्प से समाधान अभियान जनसामान्य को कल्याणकारी हितग्राही मूलक योजनाओं का सुगमता से लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। अभियान के तहत समय-सीमा में पारदर्शी तरीके से गतिविधियां सुनिश्चित की जाएं।

किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार को बदार्शत नहीं किया जाएगा, दोषियों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह निर्देश मुख्यमंत्री निवास में संकल्प से समाधान अभियान की बुधवार को समीक्षा के लिए हुई संभागायुक्तों की बैठक में दिए। मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई आदि मौजूद रहे।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव बैठक में अधिकारियों से चर्चा करते हुए।

#### योजनाओं के प्रचार-प्रसार पर विशेष ध्यान

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अभियान के तहत योजनाओं के प्रचार-प्रसार पर विशेष ध्यान दिया जाए। हमारा प्रयास है कि सभी हितग्राहियों को योजनाओं की आवश्यक जानकारी हो। संभागीय अधिकारी जिला, विकासखण्ड और ग्राम स्तर तक भ्रमण कर अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभियान के तहत स्वास्थ्य परीक्षण, स्वच्छता तथा शिक्षा के लिए प्रेरित करने पर केंद्रित गतिविधियां भी संचालित की जाएं।*

### धरमपुरी एमएलए को हनी ट्रैप में फंसाने की कोशिश

# भाजपा विधायक कालू सिंह बोले- महिला ने 2 करोड़ मांगे, पुलिस ने नहीं लिखी एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

धरमपुरी से भाजपा विधायक कालू सिंह ठाकुर ने दो लोगों पर हनी ट्रैप में फंसाने और ब्लैकमेल करने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। विधायक ने कहा कि उनसे 2 करोड़ रुपए मांगे गए। इनकार करने पर बदसलूकी की गई। मामले को लेकर विधायक ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। विधायक ठाकुर ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच के बात सख्त कार्रवाई की मांग की है। विधायक कालू सिंह ने बताया कि 23 दिसंबर को महिला धामनोद स्थित उनके स्थानीय कार्यालय पर मदद मांगने पहुंची थी। वे उस समय भोपाल में थे। उनकी अनुपस्थिति में वह एक दिन धामनोद स्थित कार्यालय में ही रुकी रही।

#### आईजी और कलेक्टर से भी की शिकायत

विधायक ठाकुर के मुताबिक, वे मामले की शिकायत करने 25 दिसंबर को धामनोद थाने पहुंचे। यहां उनकी बात अनसुनी कर दी गई। इसके बाद 27 दिसंबर को आईजी अनुराग को फोन पर मामले की जानकारी दी। इस पर भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने बुधवार को धार पहुंचकर कलेक्टर प्रियंक मिश्रा को आवेदन सौंपा, इसके बाद एसपी मयंक अवस्थी को लिखित शिकायत दी। शिकायत पत्र में लिखा कि आसिफ ने लव जिहाद के तहत महिला से विवाह किया है। अब उसके साथ मिलकर उन्हें और क्षेत्र के अन्य लोगों को फंसाने का प्रयास कर रहा है।

#### फोन पर लगाए गलत मंशा से बुलाने के आरोप

महिला ने विधायक को फोन कर बताया कि उसने भोपाल में किराए पर मकान लिया है। अगले दिन वह भोपाल आ गई। यहां विधायक कालू सिंह ठाकुर के आवास पर पहुंची। उनसे 15 हजार रुपए की आर्थिक सहायता मांगी। विधायक ने इनकार कर दिया, जिसके बाद महिला चली गई। विधायक का आरोप है कि करीब डेढ़ घंटे बाद महिला ने उन्हें फोन लगाया और कहा- आपने मुझे भोपाल किसलिए बुलाया। इस पर विधायक ने जवाब दिया कि उन्होंने उसे नहीं बुलाया, बल्कि वह अपनी मर्जी से भोपाल आई।

### स्कूलों का गलत निरीक्षण सहित अन्य शिकायतों के चलते बदली व्यवस्था

# बीआरसीसी फंदा ग्रामीण का प्रभार अब बालेंद्र सिंह संभालेंगे, रिछारिया को हटाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जिला पंचायत शिक्षा समिति की शिकायतों सहित निजी स्कूलों के गलत निरीक्षण के मामले में जिला प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए फंदा ग्रामीण बीआरसी कार्यालय की व्यवस्थाओं में बदलाव किए हैं।

कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने विकास खंड स्तरीय समन्वयक (बीआरसीसी) फंदा ग्रामीण का प्रभार अब बालेंद्र सिंह को सौंपा है। वहीं बीआरसीसी फंदा ग्रामीण रूपाली रिछारिया के पास अब सिर्फ एपीसी बालिका शिक्षा जिला शिक्षा केंद्र का जिम्मा रहेगा। बीआरसीसी फंदा ग्रामीण के कार्यभार से उन्हें मुक्त कर दिया गया है। उच्च माध्यमिक शिक्षक रामकिशन गुर्जर को एपीसी मोबालाइजेशन जिला केंद्र से मुक्त करते हुए हुए बीआरसीसी बैरसिया बनाया गया है। विभागीय कलेक्टर के आदेश के बाद अब दोबारा इसी पद को पाने के लिए मशक्कत की जा रही है। मामले में जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं शिक्षा समिति अध्यक्ष मोहन जाट का कहना है कि फंदा बीआरसीसी की गंभीर शिकायतें है।

#### *शिक्षा समिति के अध्यक्ष ने की थी शिकायत*

*कलेक्टर के जारी आदेश के पहले जिला पंचायत भोपाल के शिक्षा समिति के अध्यक्ष मोहन जाट ने फंदा बीआरसीसी रूपाली रिछारिया को तत्काल हटाने की मांग की थी। मोहन जाट ने रूपाली के खिलाफ मय दस्तावेजों के साथ मुख्य सचिव, आयुक्त लोक शिक्षण, कलेक्टर भोपाल, जिला पंचायत सीईओ समेत आला अधिकारियों को शिकायत की प्रति सौंपी थी।*

### बोलने-सुनने में असमर्थ और दोनों हाथ ना होने के बाद भी अनोखी चित्रकारी में पारंगत हैं गौकरण

# असाधारण प्रतिभा के धनी बहुविकलांग गौकरण को राष्ट्रपति मुर्मू करेंगी सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

शारीरिक अक्षमताएं संकल्प सिद्धि की राह में बाधा नहीं बनतीं, यह उदाहरण एक बार फिर साबित कर दिखाया है। दुर्ग जिले के बहुविकलांग गौकरण, जो बोल व सुन नहीं सकते और जिनके दोनों हाथ नहीं हैं, अपनी अनोखी चित्रकारी के कारण चर्चा में हैं। उनकी असाधारण प्रतिभा को पहचानते हुए भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें 26 जनवरी के गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर राष्ट्रपति भवन में चाय और भोजन के लिए आमंत्रित किया है।

#### *पैरों को ही कला का माध्यम बनाया*

गौकरण का बचपन से ही बहुविकलांग होना उनके हौसले को पस्त नहीं कर सका। उन्होंने अपने पैरों को ही अपनी कला के माध्यम के रूप में चुना। परिवार के पूर्ण सहयोग से उन्होंने प्रयास मूकबधिर स्कूल से स्कूली शिक्षा प्राप्त की और उत्तर प्रदेश के चित्रकूट से मास्टर ऑफ फाइन आर्ट की डिग्री हासिल की। इसके बाद, उन्होंने अपने पैरों से अद्भुत पेंटिंग और ड्राइंग बनाना शुरू कर दिया। उनकी कलाकृतियों में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, छत्तीसगढ़ की राज्यपाल अनसुईया उइके और अमिताभ बच्चन जैसी हस्तियों के चित्र शामिल हैं, जिन्हें उन्होंने न केवल बनाया बल्कि उनसे सराहना भी प्राप्त की।



#### आत्मनिर्भरता की अद्भुत मिसाल कायम की

गौकरण अपने दैनिक कार्य अपने पैरों के सहारे ही करते हैं। वे रायपुर में मूकबधिर स्कूल के बच्चों को पढ़ा भी रहे हैं। घर वालों पर बोझ न बनकर वे आत्मनिर्भरता का एक मिसाल पेश कर रहे हैं। उनकी एक खास इच्छा है कि वे अक्षय कुमार और सोनू सूद से मिलें। इस इच्छा को उन्होंने अपने मोबाइल पर पैरों से व्हाट्सएप पर टाइप करके व्यक्त किया है। उनकी पेंटिंग इतनी जीवंत होती हैं कि उन्हें देखकर लोग चकित रह जाते हैं। राष्ट्रपति भवन से आमंत्रण पत्र मिलने के बाद, गौकरण अपने परिवार के साथ दिल्ली जाने की तैयारी कर रहे हैं। यह आमंत्रण उनकी असाधारण प्रतिभा और अटूट संकल्प का प्रमाण है।

### सभी मामलों में जांच शुरू, लगातार सड़क दुर्घटना ट्रेफिक के लिए बन रही चिंता का विषय

# अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में नाबालिग छात्रा सहित चार लोगों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में सड़क सुरक्षा की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। जिले में अलग-अलग स्थानों पर हुई सड़क दुर्घटनाओं में एक नाबालिग छात्रा सहित चार लोगों की जान चली गई। इन घटनाओं के बाद पुलिस ने मर्ग पंचनामा की कार्रवाई पूरी कर ली है और आगे की जांच में जुट गई है।

#### अज्ञात वाहन ने मारी जोरदार टक्कर




शहर के चक्रधर नगर थाना क्षेत्र के ग्राम बंगुरसिया निवासी आकाश सिदार (25) की शिवशक्ति प्लांट के पास एक अज्ञात वाहन की ठोकर से मौत हो गई। आकाश शाम करीब छह बजे रायगढ़ से अपने गांव लौट रहा था। परिजनों के अनुसार, वह सीसीटीवी कैमरा लगाने का काम करता था और रायगढ़ में एक काम निपटाकर घर लौट रहा था। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में ग्राम लाखा के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार समीर साहू (22), निवासी कसडोल को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। यह घटना बीती रात करीब साढ़े सात बजे हुई। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है।

#### ट्रेक्टर से गिरकर छात्रा की मौत

धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम खम्हार में एक दुखद हादसे में 14 वर्षीय नाबालिग छात्रा कुमारी वृंदावती अगरिया की ट्रैक्टर से गिरकर मौत हो गई। वह तारावती अगरिया के साथ राजू मिंज के ट्रैक्टर पर सवार होकर खम्हार जा रही थी। खोचापारा कोरजानाला पुल के पास ट्रैक्टर से गिरने के बाद वह ट्रैक्टर के नीचे आ गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

#### जेसीबी की टक्कर से ग्रामीण की मौत

भूपदेवपुर थाना क्षेत्र के देवरी गांव में बालू के ढेर पर बैठे ग्रामीण घासीराम नवरंग (40) को एक तेज रफ्तार जेसीबी ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में लंबे समय से अवैध बालू परिवहन का कार्य चल रहा है और दुर्घटनाग्रस्त जेसीबी भी रेत परिवहन के लिए नदी जा रही थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इन चारों अलग-अलग सड़क हादसों में पुलिस ने संबंधित वाहन चालकों के खिलाफ अपराध दर्ज कर आगे की कार्रवाई तेज कर दी है। इन घटनाओं ने एक बार फिर क्षेत्र में बढ़ते सड़क हादसों पर चिंता जताई है।

## मकर संक्रांति : दूसरे दिन भी नर्मदा तटों पर स्नान करने वालों का सैलाब उमड़ा





# सूर्यदेव को अर्घ्य देकर किया तिल-गुड़ का दान, लगाई डुबकी

**जबलपुर।** तिथि अनुसार मकर संक्रांति पर्व स्नान करने वाले लोगों का गुरुवार को तिलवारा और गौरीघाट सहित अन्य सभी नर्मदा तटों पर अल सुबह से ही मेला उमड़ा। नर्मदा तटों पर इस समय मेले का ही माहौल है। स्नान दान के साथ मेले का आनंद लिया जा रहा है। वैदिक ज्योतिष और पंचांग के मुताबिक मकर संक्रांति बुधवार की शाम से शुरु हुई। लिहाजा बुधवार के मुकाबले गुरुवार को कुछ ज्यादा ही भीड़भाड़ तिलवारा और गौरीघाट में देखी गई। वैसे तो बुधवार की सुबह से ही शहर और आसपास के क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने ठंड के बावजूद तटों पर डेरा जमा लिया था। स्नान और दान की सुबह से धूम रही। पर्व पर श्रद्धालुओं की उमड़ने वाली भीड़ के मद्देनजर नर्मदा तटों में जिला प्रशासन द्वारा विशेष रुप से इंतजाम किए गए थे। यातायात व्यवस्थित रखने बैरियर और डायवर्सन आदि लगाए गए। इसके अलावा नगर-निगम और जनपद पंचायतों तथा नगर परिषदों और होमगार्ड के माध्यम से गोताखोर आदि का इंतजाम भी किया गया पिछले दो दिनों से ही किया गया है। साथ ही घाटों की ओर जाने वाले मार्गों तथा तटों पर भी पुलिस बल लगा व्यवस्था बनाई गई है। जिला प्रशासन और नगर निगम के अधिकारियों ने समय पूर्व तटों का निरीक्षण भी किया था।



## अग्रवाल प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता 16 से

**जबलपुर।** जबलपुर अग्रवाल सभा के तत्वावधान में अग्रवाल चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा अग्रवाल प्रीमियर लीग (एपीएल – सीजन 1) का आयोजन 16 जनवरी से किया जा रहा है। यह जानकारी श्रीकृष्ण अग्रवाल एवं मुरली अग्रवाल ने पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि अग्रवाल समाज के युवाओं की खेल प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से यह प्रतियोगिता प्रथम बार आयोजित की जा रही है। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल एवं प्रेम अग्रवाल 'पिंकी' ने बताया कि यह क्रिकेट लीग 16 जनवरी से 20 जनवरी तक स्टीमफील्ड इंटरनेशनल स्कूल, विजय नगर में आयोजित होगी। मैच प्रतिदिन शाम 7 बजे से खेले जाएंगे। आयोजकों ने कहा कि इस प्रतियोगिता से युवाओं में खेल भावना के साथ-साथ समाज सेवा का भाव भी विकसित होगा। आयोजन को लेकर समाज के युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।पत्रकार वार्ता में राजेश अग्रवाल, श्रीकृष्ण अग्रवाल, मुरली अग्रवाल, प्रेम अग्रवाल पिंकी, राजीव अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, रौनक अग्रवाल, पराग, राजा एवं पर्व उपस्थित रहे। अग्रवाल सभा के पदाधिकारियों ने समाजजनों से आयोजन को सफल बनाने एवं उपस्थित रहने की अपील की है।

## पीएमपी डॉक्टर्स संगठन ने उपमुख्यमंत्री से की कैप्सूल कोर्स व जनसंवर्धन बोर्ड की मांग

**जबलपुर।** प्राइवेट मेडिकल एसोसिएशन (पीएमपी) के चिकित्सकों ने भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा से औपचारिक भेंट कर अपनी विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। संगठन ने पूर्व में गठित जनसंवर्धन बोर्ड को पुनः क्रियान्वित करने, मध्यप्रदेश आयुर्वेद चिकित्सा बोर्ड में पंजीकृत डॉक्टरों के नवीनीकरण तथा आपातकालीन परिस्थितियों में एलोपैथिक दवाओं के उपयोग हेतु चिकित्सकों के लिए कैप्सूल कोर्स शुरू कराने की मांग रखी। उपमुख्यमंत्री देवड़ा ने सभी विषयों को गंभीरता से सुनते हुए शीघ्र मुख्यमंत्री से चर्चा कर समाधान का प्रयास करने का आश्वासन दिया।



ज्ञापन सौंपते समय प्रदेश अध्यक्ष डॉ. चंद्रेश जैन, जिला अध्यक्ष डॉ. आरडी गुप्ता एवं जिला सचिव डॉ. मकसूद चिश्ती उपस्थित रहे। इस अवसर पर कैंट विधायक अशोक रोहाणी, भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, जिला महामंत्री पंकज दुबे एवं राजेश पटेल का विशेष सहयोग रहा। संगठन ने सभी भाजपा पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रदेश कार्यकारिणी बैठक में डॉ. कमल विश्वास, डॉ. सुशीला पहूजा, डॉ. रईसा अंसारी, डॉ. सरिता साहू, डॉ. श्वेता केशरवानी, डॉ. रेखा मिश्रा सहित बड़ी संख्या में चिकित्सक उपस्थित रहे।

## श्री विष्णु वाराह कप का फाइनल 16 जनवरी को

**मझौली**, जबलपुर। अखिल भारतीय लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता श्री विष्णु वाराह कप का फाइनल मुकाबला मझौली एवं नरसिंहपुर की टीमों के बीच खेला जाएगा। यह रोमांचक मुकाबला 16 जनवरी (शुक्रवार) को दोपहर 12 बजे से आयोजित होगा। फाइनल मैच के मुख्य अतिथि पाटन विधायक अजय विश्नोई होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती शिप्रा राजेंद्र चौरसिया करेंगी, जबकि श्रीमती विद्या दिनेश चौरसिया विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। इसके अलावा नगर परिषद मझौली के समस्त पार्षद, नगर के गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में खेलप्रेमी उपस्थित रहेंगे। इस प्रतियोगिता का आयोजन नगर परिषद मझौली द्वारा किया जा रहा है। आयोजकों ने नगरवासियों से फाइनल मुकाबले में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।

# रात्रि में शासकीय अस्पताल में नहीं रहता कोई डॉक्टर, मरीजों को हो रही परेशानी

**बरेला।** नेशनल हाईवे-30 पर स्थित शासकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरेला में रात्रिकालीन समय पर डॉक्टर की अनुपस्थिति के कारण चिकित्सा व्यवस्था भगवान भरोसे चल रही है। हाईवे पर आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं के बावजूद रात में डॉक्टर उपलब्ध न होने से घायल मरीजों को सीधे जिला चिकित्सालय रेफर करना पड़ता है, जिससे कई बार गंभीर परिणाम भी सामने आते हैं।डॉक्टर न होने के कारण अस्पताल में एमएलसी की प्रक्रिया भी नहीं हो पा रही है। पुलिस द्वारा लाए गए घायल मरीजों को विक्टोरिया या जिला अस्पताल भेजना पड़ता है, जिससे मरीजों और परिजनों को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान में अस्पताल में केवल एक महिला डॉक्टर हैं, जो दिन के समय ही उपलब्ध रहती हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरेला अब उपचार केंद्र के बजाय रेफर केंद्र बनकर रह गया है। दिन में तो डॉक्टर मिल जाते हैं, लेकिन रात्रि में प्राथमिक



उपचार तक न मिल पाने से मरीजों की स्थिति और गंभीर हो जाती है। अस्पताल में पुरुष डॉक्टर का पद लंबे समय से रिक्त है, जबकि लगभग 80 गांवों की जनता इलाज के लिए इसी केंद्र पर निर्भर है।

इस संबंध में रात्रिकालीन ड्यूटी नर्स शालिनी सिंह ने बताया कि रात में कोई डॉक्टर नहीं रहता, इसलिए घायल मरीजों को जिला अस्पताल रेफर करना पड़ता है। स्थानीय लोगों ने स्वास्थ्य विभाग से शीघ्र रात्रिकालीन डॉक्टर की व्यवस्था करने की मांग की है।



## प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला व युवा संगम में हुआ 732 अभ्यर्थियों का प्रारंभिक चयन

**जबलपुर।** शासकीय संभागीय आईटीआई जबलपुर में 15 जनवरी 2026 को प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला एवं युवा संगम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर मध्य विधानसभा के विधायक डॉ. अभिलाष पाण्डे रहे। उन्होंने युवाओं से शासन की योजनाओं का लाभ लेकर स्वरोजगार अपनाने तथा रोजगार प्रदाता बनने की अपील की। साथ ही मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना एवं प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप योजना के अंतर्गत चयनित युवाओं को अनुबंध पत्र वितरित किए। मेले में लगभग 1800 आवेदकों का पंजीयन हुआ, जिसमें 14 कंपनियों द्वारा 732 अभ्यर्थियों का प्रारंभिक चयन किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य शासकीय संभागीय आईटीआई डॉ. अर्पित शुक्ला, उपसंचालक रोजगार एम.एस. मरकाम, महाप्रबंधक जिला रोजगार एवं उद्योग केंद्र विनीत रजक, प्लेसमेंट अधिकारी ललित कुमार डेहरिया, रोजगार अधिकारी सतीश काबड़े सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन ललित कुमार डेहरिया द्वारा किया गया।

## केनरा बैंक ने सेवा कार्यक्रम आयोजित किया

**जबलपुर।**

कैनरा बैंक, रीजनल ऑफिस जबलपुर द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत एक सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह पहल बैंक के एमडी व सीईओ हरदीप सिंह अहलूवालिया के विचारों से प्रेरित होकर की गई। इस अवसर पर कैनरा बैंक, रीजनल ऑफिस जबलपुर के एजीएम रामेश्वर दयाल शर्मा, सभी वरिष्ठ प्रबंधकगण एवं क्षेत्र की सभी शाखाओं के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुद्वारे को शव वाहन दान स्वरूप प्रदान किया गया, जिससे आवश्यकता के समय आमजन को सुविधा उपलब्ध हो



सके। यह सेवा समाज के प्रति मानवीय संवेदना एवं जनकल्याण की भावना को दर्शाती है। कैनरा बैंक सामाजिक सरोकारों से जुड़े ऐसे सेवा कार्यों में आगे भी सक्रिय सहभागिता करता रहेगा।

## कृषि रथ बना किसानों की उम्मीद की नई राह

### पनागर के ग्राम बघोड़ा व निरंदपुर में कृषि रथ कार्यक्रम से जागरूक हुए कृषक

**पनागर।** पनागर विकासखंड के ग्राम बघोड़ा एवं निरंदपुर में कृषि वर्ष 2026 के अंतर्गत आयोजित कृषि रथ कार्यक्रम ने किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ते हुए नई दिशा दी। 15 जनवरी 2026 को आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कृषकों ने सहभागिता कर लाभकारी खेती की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्री पंकज शर्मा के नेतृत्व में कृषि विभाग की टीम ने किसानों की समस्याएं सुनीं और समाधान बताए। कृषि विस्तार अधिकारी डॉ. पूनम चक्रवर्ती एवं श्रीमती कीर्ति अहिरवार ने सरल भाषा में उन्नत कृषि पद्धतियों की जानकारी दी। कृषकों को जैविक खेती, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, संतुलित पोषक तत्व उपयोग, फसल विविधीकरण एवं



नरवाई प्रबंधन जैसी तकनीकों से अवगत कराया गया। साथ ही प्रधानमंत्री धन-धान्य योजना, ई-टोकन व्यवस्था एवं ई-विकास प्रणाली के माध्यम से शासकीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम ग्राम सरपंच श्रीमती ममता कोल, सचिव संजय श्रीवास्तव एवं सहायक सचिव अनूप पटेल के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। किसानों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि कृषि रथ जैसे आयोजन उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

## एसएसए कालेज में सेना दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**सिहोरा।** शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ एम के श्रीवास्तव की अध्यक्षता एवं एन सी सी ऑफिसर डॉ अर्चना नामदेव के निर्देशन में 78 वें भारतीय सेवा दिवस के अवसर पर लाइव ऑनलाइन इंटरेक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका उद्देश्य भारतीय सेवा के अदम्य पराक्रम एवं देश के प्रति समर्पण व साहस से विद्यार्थियों को अवगत कराना था। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता सूबेदार मुकेश कुमार यादव हरियाणा बटालियन एवं हवलदार पप्पू कुमार 1 एमपी सिग्नल कंपनी जबलपुर द्वारा भारतीय सेवा के अदम्य साहस एवं पराक्रम के संदर्भ में विभिन्न अनुभवों को साझा किया गया तथा विभिन्न एनसीसी कैडेट्स को भारतीय सेवा में प्रवेश संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं से अवगत कराने के साथ एनसीसी के केडिटस को भारतीय फौज लक्ष्य अनुशासन निष्ठा के संदर्भ में बताया गया। आयोजन को सफल बनाने में महाविद्यालय के विभिन्न शिक्षक डॉ.अजय सिंह साक्षी सिंह दागी, सीनियर अंडर ऑफिसर संतोष कुमार बढ़ई, अंडर ऑफिसर प्रिंस तेकाम, सीनियर अंडर ऑफिसर मीनू दुबे, अंडर ऑफिसर कनिष्का काछी मोहिनी राजभर, अंडर ऑफिसर रजनी कोरी, आस्था तिवारी सजल कुर्मी आदि का योगदान रहा।

**श्रीमती सोमवती {प्रभा} जैन-** अभय जैन पवन जैन सनत जैन सुषमा जैन अनुश्री वालों की माताश्री श्रीमती सोमवती {प्रभा} जैन, पत्नी स्व. उत्तमचंद जैन का निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा आज 16 शुक्रवार को प्रातः 10 बजे गोलबाजार कछियाना स्थित निवास से रानीताल मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी।



**श्रीमती गायत्री देवी शर्मा-** नेशनल कॉलोनी रामपुर निवासी श्री शिव शंकर शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती गायत्री देवी शर्मा (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती जया देवी चौहान-** दुर्गा कॉलोनी शीतलामाई निवासी श्री प्रकाश सिंह चौहान की धर्मपत्नी श्रीमती जया देवी चौहान (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री बुद्धू लाल दुबे-** छोटा फुहारा मिलौनीगंज निवासी श्री बुद्धू लाल दुबे (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रमेश सप्रे-** खेरमाई वार्ड निवासी श्री रमेश सप्रे (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती उमा बाई चौधरी-** संजय नगर पोलीपाथर निवासी श्री राम सजीवन चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती उमा बाई चौधरी (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

निधन

**श्री लद्धाराम सुखवानी-** आशियाना टाउनशिप गोराबाजार कजरवारा रोड निवासी श्री लद्धाराम सुखवानी (96) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री संदीप अर्खेल-** पासी मोहल्ला सदर निवासी श्री संदीप अर्खेल (47) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री प्रदीप सिंह ठाकुर-** नेपियर टाउन निवासी श्री प्रदीप सिंह ठाकुर (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**सुश्री ज्ञानवती-** बिलहरी निवासी श्री बंशीलाल की पुत्री श्रीमती ज्ञानवती (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**कु. आस्था परोहा-** जयप्रकाश नगर अधारताल निवासी श्री अजय कुमार परोहा की पुत्री कु. आस्था परोहा (20) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती कृष्णा गर्ग-** धनी कुटिया के पास अधारताल निवासी श्री हर प्रसाद गर्ग की धर्मपत्नी श्रीमती कृष्णा गर्ग (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती चंद्रकांता तिवारी-** बिलहरी निवासी श्री भंजन प्रसाद तिवारी की धर्मपत्नी श्रीमती चंद्रकांता तिवारी (98) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री मदन लाल दुबे-** कृष्णा कॉलोनी त्रिमूर्ति नगर निवासी श्री मदन लाल दुबे (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती अनामिका तिवारी-** मानेगांव रांझी पटेल नगर निवासी श्री सुरेश कुमार तिवारी की धर्मपत्नी श्रीमती अनामिका तिवारी (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती निर्मला चौधरी-** मांडवा रामपुर निवासी श्री मनोहर चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती निर्मला चौधरी (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति कॉलम से.मी.
सिंगल साइज:- 1x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
सिंगल साइज:- 1x4 से.मी. रंगीन 400/-
सिंगल साइज 1x8 से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303308294, 9407362160

## मकर संक्रांति पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने नर्मदा बचाने का लिया संकल्प

**जबलपुर।** मकर संक्रांति के अवसर पर गौरीघाट में नर्मदा स्नान हेतु पहुंचे श्रद्धालुओं को चुटका–किंदरई परमाणु परियोजना से होने वाले संभावित खतरों की जानकारी दी गई। परमाणु परियोजना प्रभावितों द्वारा दो दिनों तक पर्चा वितरण कर लोगों को जागरूक किया गया, जिस पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने नर्मदा संरक्षण का संकल्प लिया। नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए बरगी बांध विस्थापित एवं प्रभावित संघ के राजकुमार सिन्हा ने कहा कि जहां सीवेज जल को शुद्ध करने की तकनीक उपलब्ध है, वहीं विकिरण युक्त जल को अलग करने की कोई तकनीक विश्व में नहीं है। उन्होंने बताया कि चुटका एवं किंदरई परमाणु संयंत्र भूकंपीय रूप से संवेदनशील सोन–नर्मदा भ्रंश क्षेत्र में प्रस्तावित हैं, जो गंभीर खतरा उत्पन्न करते हैं। राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के विवेक अवस्थी ने कहा कि चुटका से जबलपुर शहर की हवाई दूरी मात्र 45 किलोमीटर है और किसी भी दुर्घटना का सबसे अधिक प्रभाव जबलपुर पर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि नर्मदा को प्रयोगशाला नहीं बनने दिया जाएगा। चुटका परमाणु विरोधी संघर्ष समिति के अध्यक्ष दादू लाल कुडापे ने संघर्ष को अंतिम दम तक जारी रखने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम में मोना कौरव (जिला पंचायत सदस्य नरसिंहपुर), भगत राम सिंह (पूर्व पार्षद), सोनू दुबे, राजेश चौबे, शिव कुमार (गुड्डू) चौबे, सरवन एवं मुन्ना यादव सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

**न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर**
रा.प्र.क्र./1182/अ-6/2025-26
**आम इश्तहार**
आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अमन झा पिता श्री रीतेश झा निवासी 1479/2बी स्टेशन रोड समदड़िया कॉलोनी ने नजूल ब्लाक नं. 26 प्लाट नं. 3/2, 3/3, 3/10, 3/25, 5/4, 5/8, 5/9 रकवा 1172 व.फु./हे. ग्राम सिविल स्टेशन रकवा 1172 व.फु./हे. पर विक्रयपत्र/ हक त्याग/ वसीयतनामा/ दानपत्र/ वारसान हक/ दिनांक 22/06/1992 मृत्यु दिनांक 11/09/2021 को हो जाने के कारण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र खसरा की छाया प्रति प्रस्तुत किया है।
प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/पटवारी / डायवर्सन खसरा अनुसार ब्लॉक नं. 26 प्लाट नं. 3/2, 3/3, 3/10, 3/25, 5/4, 5/8, 5/9 रकवा 1172 व.फु./हे. ग्राम सिविल स्टेशन रकवा 1172 व.फु. /हे. के नाम दर्ज है।
अतः किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को कोई आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 21/01/2026 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियम दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर को ई सुनवाई नहीं की जावेगी।
इश्तहार आज दिनांक 05/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
जारी दिनांक:- 05/01/2026
पेशी दिनांक:- 21/01/2026
न्यायालय तहसीलदार
रांझी जबलपुर

**In The Court of IX Civil Judge Class-I,District Court, Jabalpur**
Presiding Officer: द्वारिका प्रसाद सूत्रकार
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(RCS A/0001494/2025).
जागेन्द्र भोजक..................वादी Vs
आम जनता..............................प्रतिवादी
Process Id- / 2025
पेशी दिनांक :- 13/02/2026
प्रेषिती- (1) आम जनता पता- जिला जबलपुर मप्र
यह कि प्रार्थी जागेन्द्र भोजक ने आपके विरूद्ध आरसीएसए के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक है तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें यह आज तारीख 30 Deceber 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
न्यायाधीश (डी. पी. सूत्रकार)
नवम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ
मुद्रा जबलपुर (म.प्र.)
कृपया ध्यान दें।- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।